* ओड़िशा संस्करण
19 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 02

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

झारखंड कैबिनेट ने 29 प्रस्तावों को दी मंजूरी

आठ लाख बेघरों को मकान, एक करोड़ को मुफ्त बस यात्रा का लाभ

- अबुआ आवास योजना को मिली स्वीकृति
- झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना भी मंजूर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 29 प्रस्ताव पारित किये गये। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि बैठक में अबुआ आवास योजना शुरू करने की स्वीकृति दी गयी। अबुआ आवास योजना का लाभ राज्य के आठ लाख लोगों को मिलेगा। उनके लिए 31 वर्ग मीटर का घर तीन कमरों का बनेगा। घर बनाने के लिए सहयोग राशि दो लाख रुपये दी जायेगी। यह आवास उन लोगों को मिलेगा, जो पीएम आवास, भीमराव अंबेडकर आवास सहित अन्य आवास योजनाओं से वंचित रह गये हैं। इसके अलावा कैबिनेट द्वारा स्वीकृत मामलों में झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, ग्राम सहिया के बकाया और लंबित मानदेय देने समेत अन्य मामले शामिल हैं।

गांव की कनेक्टिविटी बढ़ेगी : कैबिनेट ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को भी मंजूरी दी। झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की सफलता के लिए निजी बस ऑपरेटर को रियायतें दी गयी हैं। यह रियातत नये वाहनों के लिए ही होगी। गाड़ी की बैठने की क्षमता भी बढ़ायी गयी है। अधिकतम सीट की क्षमता 33 से 42 की गयी है। द्वितीय सहायता 7 से 7:30 रुपये प्रति किलोमीटर, 25 से 32 सीट के लिए 14.50 रुपये प्रति किलोमीटर और 33 से 42 सीट तक के लिए 18 रुपये प्रति किलोमीटर अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जायेगी। मार्ग की दूरी अधिकतम लंबाई 70 किलोमीटर पहले थी, जिसे बदल कर 125 किलोमीटर किया गया है। इसके अलावा फिटनेस जांच पर नये वाहन के निबंधन में 100 फीसदी छूट मिलेगी। इस योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिक, विद्यालय और महाविद्यालय के विद्यार्थी, दिव्यांग, एचआइवी पॉजिटिव, विधवा और झारखंड आंदोलनकारी को बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा होगी।

छात्रों के खिलाफ केस वापस लिया जायेग : संजय महली, रूपा कुजूर उर्फ रूपा कुमारी, सुमन्ती टुडू उर्फ सुमति कुमारी एवं सुरूली टुडू उर्फ सुरवाली के खिलाफ भारत बंद के दौरान 2018 में लालपुर थाना में केस हुआ था। कैबिनेट ने इसे वापस लेने की मंजूरी दे दी। इनका पूर्व में आपराधिक इतिहास नहीं है, इसलिए केस वापस लेने का फैसला लिया गया।

कैबिनेट की हर बैठक में ऐतिहासिक फैसले होते रहे हैं। इस बार झारखंड सरकार ने गरीबों के लिए अबुआ आवास योजना शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू होगी। ग्राम गाड़ी योजना का फायदा झारखंड के कम से कम एक करोड़ लोगों को मिलेगा।

- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री

कैबिनेट के अन्य फैसले

- झारखंड अभियंत्रण / बहुप्रावैधिकी सेवा संवर्ग (ग्रुप 'ख' एवं 'ग' तकनीकी अराजपत्रित पद) सेवा नियमावली, 2023 की स्वीकृति।
- पेंशन निधि में उपबंधित राशि को वित्तीय संस्थानों में निवेश करने की स्वीकृति।
- विधानसभा में नियुक्ति, प्रोन्नति की गड़बड़ी की रिपोर्ट झारखंड सरकार को दी जायेगी।
- झारखंड अवर मत्स्य सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली-2023 की स्वीकृति।
- राजकीय विश्वविद्यालय, कॉलेज में डिप्लोमा डिग्री करने वाले छात्रों को एक वर्ष का अप्रेंटिस का ट्रेनिंग दिया जायेगा।
- बीआरपी एवं सीआरपी के मानदेय मद में अतिरिक्त व्यय भार की प्रतिपूर्ति राज्य योजना मद से करने की स्वीकृति।
- जल सहियाओं के बकाया/लंबित मानदेय तथा प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिए राशि की मंजूरी।
- सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना के लिए प्रखंड मुख्यालय से जनवितरण प्रणाली दुकान तक वस्त्रों के परिवहन हेतु प्रति वस्त्र दो रुपये की स्वीकृति।
- विधायक योजना अंतर्गत आवंटित राशि की निकासी कर बैंक खातों में संधारित करने की अनुमति की स्वीकृति।
- वित्त विभाग में उच्च तकनीकी कुशलता प्राप्त प्रोफेशनल को संविदा के आधार पर तकनीकी विशेषज्ञ पदाधिकारी के रूप में नियोजित करने की स्वीकृति।

केंद्रीय कैबिनेट में गेहूं और सरसों का समर्थन मूल्य बढ़ाने का फैसला

नयी दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट ने गेहूं पर समर्थन मूल्य बढ़ाने का फैसला लिया है। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि कैबिनेट के दौरान रबी की छह फसलों के एमएसपी को निर्धारित करने का निर्णय किया गया है। तिलहन और सरसों में एमएसपी में 200 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गयी है। गेहूं के लिए 150 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गयी है। चने के लिए 105 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की गयी है।

रघुवर दास बनाये गये ओड़िशा के राज्यपाल

त्रिपुरा के राज्यपाल होंगे इंद्रसेन रेड्डी नल्लू

- राष्ट्रपति ने की नियुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओड़िशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वह गणेशी लाल की जगह लेंगे। वहीं इंद्रसेन रेड्डी नल्लू को त्रिपुरा का राज्यपाल बनाया गया है। यह जानकारी राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को बयान जारी कर दी। बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इन दोनों की नियुक्ति को मंजूरी दी है। इनका कार्यकाल पदभार ग्रहण के साथ शुरू होगा।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं रघुवर दास: भाजपा की पहली पंक्ति के नेताओं में शुमार रघुवर दास का जन्म तीन मई, 1955 को एक सामान्य परिवार में हुआ। वह अभी भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। वह 2014 में झारखंड के पहले गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री बनाये गये थे। रघुवर दास वर्ष 1977 में जनता पार्टी के सदस्य बने। वर्ष 1980 में भाजपा की स्थापना के साथ ही वह सक्रिय राजनीति में आये। उन्होंने वर्ष 1995 में पहली बार जमशेदपुर पूर्व से विधानसभा का चुनाव लड़ा और विधायक बने। तब से लगातार पांच बार उन्होंने इसी क्षेत्र से विधानसभा चुनाव जीता। जमशेदपुर पूर्व से वर्ष 1995 में उनका टिकट भाजपा के प्रसिद्ध विचारक गोविंदाचार्य ने तय किया था। दास 15 नवंबर, 2000 से 17 मार्च, 2003 तक झारखंड के श्रम मंत्री रहे। फिर मार्च 2003 से 14 जुलाई, 2004 तक वह भवन निर्माण मंत्री और 12 मार्च 2005 से 14 सितंबर, 2006 तक झारखंड के वित्त, वाणिज्य और नगर विकास मंत्री रहे। इसके अलावा दास 2009 से 30 मई, 2010 तक झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ बनी भाजपा की गठबंधन सरकार में उप मुख्यमंत्री, वित्त, वाणिज्य, कर, ऊर्जा, नगर विकास, आवास और संसदीय कार्य मंत्री भी रहे। राज्य में भाजपा की बहुमत वाली सरकार में रघुवर दास 2014 से 2019 तक झारखंड के मुख्यमंत्री रहे थे।

अडाणी ने 32 हजार करोड़ का घोटाला किया: राहुल

- कोयले के आयात में घोटाले का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से व्यवसायी गौतम अडाणी पर निशाना साधा। उन्होंने दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस में अडाणी पर कोयले आयत में घोटाले का आरोप लगया। राहुल ने कहा कि अडाणी ने 32 हजार करोड़ का घोटाला किया है। आज महंगी बिजली के पीछे अडाणी हैं। उन्होंने जनता की जेब से पैसे लूटे हैं। उन्होंने कहा कि अडाणी में ऐसा क्या है जो सरकार उनकी जांच नहीं कराती है। उन्हें जो चाहिए होता है, वो मिल जाता है। उनके पीछे किसकी शक्ति है।

राहुल ने अडाणी पर आरोप लगाते हुए एक न्यूज आर्टिकल भी दिखाया। उन्होंने कहा कि अडाणी इंडोनेशिया में कोयला खरीदते हैं और जब तक कोयला भारत आता है, तब तक इसकी कीमत दोगुनी हो जाती है। कोयले के दाम को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया, जिसके चलते भारत में बिजली महंगी हो गयी। कर्नाटक में कांग्रेस ने बिजली सब्सिडी दी है। मध्यप्रदेश में देने जा रहे हैं। आपका बिजली का बिल जो बढ़ रहा है, उसका पैसा सीधे आपकी जेब से अडाणी की जेब में जा रहा है। इस तरह से अडाणी जी ने करीब 12 हजार करोड़ रुपये सीधे हिंदुस्तान के नागरिकों की जेब से निकाला है।

राहुल ने नियामक एजेंसी सेबी पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सेबी ने सरकार को कहा कि हमें डॉक्यूमेंट्स नहीं मिल रहे हैं। अजीब बात है फाइनेंशियल टाइम्स के पास प्रूफ है। जांच एजेंसी के पास नहीं। साफ पता चलता है बड़े पद पर बैठे लोगों से कहीं न कहीं संरक्षण मिला है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री की सहमति के बिना ऐसा नहीं हो सकता। इन सज्जन (अडाणी) के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गयी? प्रधानमंत्री इस पर टिप्पणी क्यों नहीं करते?

भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है : भाजपा

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार दुनिया का सबसे भ्रष्ट परिवार है। राहुल और सोनिया दोनों भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर बाहर हैं। इस पर राहुल बात नहीं करेंगे। नेशनल हेराल्ड घोटाले में रॉबर्ट वाड्रा के भ्रष्टाचार पर बात नहीं करेंगे, क्योंकि भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है।

न्यूज रील्स

आजम खान, पत्नी और बेटे को 7-7 साल की सजा

रामपुर। अब्दुल्ला के फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट मामले में आजम खान, पत्नी तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा सुनायी है। अब्दुल्ला के दो बर्थ सर्टिफिकेट मामले में आजम फैमिली को रामपुर की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने बुधवार को दोषी करार दिया। तीनों को कोर्ट में ही हिरासत में ले लिया गया। उन्हें रामपुर जेल लाया गया।

एथिक्स कमेटी ने सांसद निशिकांत को बुलाया

नयी दिल्ली। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। इसे लेकर लोकसभा की एथिक्स कमेटी 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। इसके लिए कमेटी ने निशिकांत दुबे को बुलाया है। लोकसभा के डिप्टी सेक्रेटरी बाला गुरु ने बुधवार को दुबे को नोटिस जारी करते हुए ये जानकारी दी।

दूसरे दिन भी भुसाई गांव में छाया रहा मातम, नहीं जले चूल्हे

- परिवार वालों के क्रंदन और चीत्कार से गमगीन रहा माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। जिले के इचाक थाना क्षेत्र स्थित भुसाई गांव निवासी मुकेश सिंह (बबलू) के बड़े पुत्र इशान सिंह की मौत मंगलवार को लोटवा डैम में डूबने से हो गयी थी। घटना के दूसरे दिन भी भुसाई गांव में मातम छाया रहा। किसी के घर चूल्हा नहीं जला। सभी यह कह रहे थे की इतने अच्छे लड़के ने इतनी बड़ी गलती कैसे कर दी। इशान अपनी मां शशिकला देवी और छोटे भाई अनमोल के साथ हजारीबाग शहर के पीटीसी के नजदीक किराये के मकान में रहता था। इशान के पिता मुकेश सिंह रोड बनाने वाली कंपनी में बिहार के मुंगेर में कार्यरत हैं। इशान माउंट एम्माउंट स्कूल में 12वीं का छात्र था। वह साइंस का छात्र था और पढ़ाई में काफी अच्छा था। उसके दोस्तों ने बताया कि इशान पढ़ने-लिखने में तो अच्छा था ही, काफी मृदुभाषी और डिसिप्लिन में रहने वाला लड़का था।

चचेरे भाई ने दी मुखाग्नि : इशांत को उसके चचेरे भाई मनीष सिंह ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार भूसाई गांव के श्मशान घाट पर बुधवार को किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,000 रु./10 ग्राम
चांदी 79,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 19 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in

विधानसभा चुनाव में सांसदों को उतारने का बड़ा है सियासी संदेश

■ इस बार करीब दो दर्जन सांसद विधानसभा चुनाव में आजमायेंगे किस्मत

■ भाजपा ने 16 सांसदों को दिया है टिकट, कांग्रेस-बीआरएस भी कतार में

■ राजनीतिक दलों की केंद्रित होती कार्यशैली का ही परिणाम है यह बदलाव

देश में अगले साल लोकसभा चुनाव होने वाले हैं. इससे पहले पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, जिसे आम चुनाव का सेमीफाइनल कहा जा रहा है। यही कारण है कि कोई भी पार्टी यहां अपने उम्मीदवारों तो जीतते देखने के लिए कुछ भी करने को तैयार है। वैसे भी राजनीति में हमेशा प्रयोगों की गुंजाइश रही है और चुनाव इन प्रयोगों का बड़ा अवसर होता है। इसलिए इस बार सांसदों को विधानसभा चुनाव के मुकाबले में उतारने का प्रयोग खूब हो रहा है। इसमें सबसे आगे भाजपा है, जिसके बारे में कहा जाता है कि वह वर्ष के 365 दिन और 24 घंटे स्वयं को चुनावी मोड में रखती है। इसलिए भाजपा ने पांच राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनावों के लिए अब तक जिन उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, उनमें पांच केंद्रीय मंत्री समेत 17 सांसद हैं। मध्यप्रदेश और राजस्थान में सात-सात और छत्तीसगढ़ में दो सांसदों को विधानसभा चुनाव में टिकट दिया गया है। कांग्रेस और बीआरएस प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं हुई है, लेकिन ऐसे संकेत हैं कि इन दोनों दलों के कम से कम आधा दर्जन सांसद विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। संकेत बता रहे हैं कि इस बार विधानसभा चुनाव में कम से कम दो दर्जन सांसद मुकाबला करते नजर आयेंगे। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर पार्टियां अपने सांसदों को विधानसभा चुनाव में क्यों उतारती हैं। क्या इसका कोई बड़ा राजनीतिक मतलब होता है या फिर यह केवल चुनाव जीतने भर की कोशिश में अंतिम हथियार होता है। यदि सांसद विधानसभा का चुनाव हार जाते हैं, तो फिर उनका राजनीतिक भविष्य क्या होता है। इन सारे सवालों का जवाब दे रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र इस समय चुनावी मोड में है। अगले महीने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। इसके दो महीने बाद संसदीय चुनावों की गहमा-गहमी शुरू हो जायेगी, जो मई के अंत तक पूरा होना है। इसलिए भारतीय राजनीति में इस समय उलटफेर का दौर शुरू हो चुका है। इस दौर में हमेशा प्रयोगों की गुंजाइश रही है और स्वाभाविक रूप से चुनाव इसका बड़ा अवसर होता है। राजनीतिक दल चुनावों में नये प्रयोग तो करते ही हैं, पुराने सफल प्रयोगों को दोहराने से भी नहीं हिचकते। ऐसा ही एक स्थापित प्रयोग है सांसदों को विधानसभा चुनाव के मैदान में उतारने का। इस बार विधानसभा चुनावों में अब तक 17 सांसदों को भाजपा ने मुकाबले में उतार दिया है, जबकि कांग्रेस और तेलंगाना में सत्तारूढ़ बीआरएस की सूची में सात या आठ सांसदों के नाम शामिल होने की बात कही जा रही है।

ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर राजनीतिक दल अपने सांसदों को विधानसभा चुनाव में क्यों उतारते हैं। विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के तौर पर केंद्रीय मंत्री या सांसद को उतारने का पहला कारण तो यह माना जा रहा है कि किसी सांसद का आसपास के उन पांच-छह विधानसभाओं पर वर्चस्व होता है, जिनसे मिलकर एक लोकसभा क्षेत्र बनता है। सांसद ही अपने लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास का काम देखते हैं और उस अंजाम देते हैं। एक कारण यह भी माना जा रहा है कि संगठन के बड़े नेताओं को मैदान में उतारे जाने पर छोटे कार्यकर्ताओं का उत्साह कई गुना बढ़ जाता है। उनका नेताओं के जरिये पार्टी के जुड़ाव और भी ज्यादा बढ़ जाता है और वे उन नेताओं के सामने खुद को साबित करने के लिए जी-जान लगा देते हैं, जिसका फायदा पार्टी को मिलता है।

भाजपा ने चार राज्यों में 17 सांसदों को उतारा है

अगले महीने पांच राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनावों में भाजपा ने उम्मीदवारों की घोषणा से सबको चौंकाया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के अलावा तेलंगाना में उसने 17 सांसदों को मैदान में उतारा है। इनमें पांच केंद्रीय मंत्री भी हैं। भाजपा के इस कदम से यह बात कही जा सकती है कि जो पार्टी वर्ष के 365 दिन और 24 घंटे स्वयं को चुनावी मोड में रखती हो, वह केवल प्रयोग के लिए प्रयोग नहीं कर सकती। निश्चित रूप से इसके पीछे गहन विमर्श और दूरगामी सोच होगी।

इसी महीने जब मध्यप्रदेश में भाजपा ने 39 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत सात सांसदों तथा एक राष्ट्रीय महासचिव को उतारा, तो उसका सरल विश्लेषण किया गया। कहा गया कि प्रदेश में भाजपा की स्थिति खराब है, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विरुद्ध व्यापक असंतोष है और भाजपा को लग रहा है कि जीत उसके लिए मुश्किल है, इसलिए उसने सारे दांव लगा दिये हैं। वर्ष 2003 के बाद कमलनाथ सरकार के 15 महीनों को छोड़कर प्रदेश में लगातार भाजपा की सरकार है तथा उमा भारती के एक वर्ष के कार्यकाल के अलावा शिवराज सिंह मुख्यमंत्री हैं। स्वाभाविक ही सत्ता विरोधी रुझान और कुछ असंतोष होगा। यह भी कहा गया कि छत्तीसगढ़ भाजपा में रमन सिंह के बाद ऐसा कोई चेहरा सामने नहीं आया, जिसे पार्टी भूपेश बघेल के समानांतर खड़ा करे और जनता उसे उनके कद का मान ले। राजस्थान के बारे में भी ऐसा ही कहा जा रहा है कि वसुंधरा राजे सिंधिया के अलावा राज्य स्तर का कोई चेहरा नहीं है, जिसे अशोक गहलोत की तुलना में जनता उतना ही महत्व दे। किंतु क्या इसके लिए इतनी संख्या में सांसदों और केंद्रीय नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने की विवशता पैदा हो गयी थी।

पहले भी सांसद लड़ते रहे हैं विधानसभा चुनाव

हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा ने सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़ाने का ऐलान किया हो। इससे पहले भी भाजपा ने राज्य विधानसभा चुनावों में इस तरह का फॉर्मूला आजमाया था। 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने पांच मौजूदा लोकसभा और राज्यसभा सांसदों को टिकट दिया था। उनमें से केवल दो भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार और निशिथ प्रमाणिक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों शांतिपुर और दिनहाटा से जीतने में सफल रहे, जहां से उन्होंने चुनाव लड़ा था। उस चुनाव में भाजपा के दिग्गज नेता और सांसद स्वपन दासगुप्ता, लॉकेट चटर्जी और बाबुल सुप्रियो को हार का सामना करना पड़ा था। इसी प्रकार अभिनेता से नेता बने और केरल से तत्कालीन राज्यसभा सांसद सुरेश गोपी, जिन्होंने त्रिशूर से चुनाव लड़ा था, अंतिम वोटों की गिनती में तीसरे स्थान पर आये। इसी तरह तत्कालीन राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री केजे अल्फोंस ने कांजीरापल्ली सीट पर कोई हलचल नहीं मचायी और चुनाव हार गये। इसके बाद 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने करहल की हाइ प्रोफाइल सीट पर केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल को अखिलेश यादव के खिलाफ खड़ा किया। इस चुनाव में भी समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आगरा से मौजूदा भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल को बड़े अंतर से हरा दिया।

चुनाव जीतने का प्रभावी फॉर्मूला

चुनाव एक अहिंसक युद्ध है और उसमें जीतने के लिए आपके पास जिस रूप में भी जितने संसाधन हों, उनका उपयोग किया जाना स्वाभाविक है। इसलिए भाजपा ने इन नेताओं को उतार कर अपनी विजय सुनिश्चित करने की कोशिश की है, इसमें दो राय नहीं। इस बात में भी कोई शक नहीं कि जो नेता उतारे गये हैं, वे सब अपने क्षेत्र में लोकप्रिय हैं। कई का चुनाव जीतने का रिकॉर्ड है तथा कई का संगठन में लंबा अनुभव भी है। स्थानीय जातिगत समीकरणों के अनुसार भी वे फिट बैठते हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा हिंदुत्व और हिंदुत्व प्रेरित राष्ट्रभाव की विचारधारा पर जिस तेजी से आगे बढ़ी है, उसकी दृष्टि से भी कई नेता खरे उतरते हैं। बावजूद इसके, इतनी संख्या में सांसदों और मंत्रियों को उतारने की आवश्यकता नहीं थी। एक-दो बड़े चेहरों को लाया जा सकता था और राज्यों से नये लोकप्रिय चेहरों की तलाश कर उम्मीदवार बनाया जा सकता था। यह भी कहा गया कि मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान को पार्टी ने हाशिये पर धकेल दिया है और संभव है कि उनको टिकट भी न दिया जाये। लेकिन बुधनी से उन्हें उम्मीदवार घोषित किया जा चुका है। राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया लगातार चुनाव अभियान में हैं और नरेंद्र मोदी की सभा में भी उनकी उपस्थिति रही। यही स्थिति रमन सिंह की छत्तीसगढ़ में भी है। यानी किसी को हाशिये पर धकेला नहीं गया, किंतु अकेले वही चेहरा पार्टी का नहीं रहने दिया गया है। कई लोकप्रिय और प्रभावी चेहरे मैदान में हैं, जिनकी संगठन से लेकर आम जनता में भी लोकप्रियता है। सबके मन में भाव यही है कि चुनाव जीतने के बाद हममें से कोई मुख्यमंत्री हो सकता है। यानी मुख्यमंत्री पद की दावेदारी नहीं है और इस कारण सरकार गठित होने पर किसी के विरुद्ध असंतोष की आशंका भी कम हो जाती है। एक मुख्यमंत्री ने अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं किया, तो दूसरे को अवसर मिल सकता है। कुल मिलाकर पार्टी एक व्यक्ति के चेहरे और उसके निर्णय पर निर्भर नहीं रहेगी।

इस फैसले के पीछे दूरगामी सोच

वास्तव में इसके पीछे दूरगामी सोच दिखती है। पिछले नौ वर्षों में भाजपा नरेंद्र मोदी पर जरूरत से अधिक निर्भर हो गयी है। जनता में उनकी लोकप्रियता है और इसका लाभ पार्टी को मिलता है। दूसरे दलों में भी कमोबेश यही स्थिति है। चाहे कांग्रेस हो या भाजपा या कोई अन्य दल, उसका हर फैसला अब केंद्रीकृत, यानी आलाकमान के स्तर से होता है। इसलिए राज्यों में या स्थानीय स्तर पर प्रभावी नेतृत्व उभर नहीं पाता है। इसका असर यह होता है कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता आम जनता से ही नहीं, केंद्रीय नेतृत्व से कट जाते हैं और इसका खामियाजा उन्हें राज्य स्तरीय चुनावों में भुगतना पड़ता है, क्योंकि केंद्रीय स्तर पर उनकी पहचान नहीं बन पाती।

अब इन सांसदों के जरिये राजनीतिक पार्टियां राज्यों की राजनीति को किधर ले जाना चाहती हैं, यह तो समय बतायेगा, लेकिन संसदीय लोकतंत्र में चुनाव जीतने का यह फॉर्मूला अटपटा तो जरूर लगता है।

राजनीतिक हलचल

पांच राज्यों का चुनाव और राहुल का इम्तिहान

कितना कारगर होगी जातीय जनगणना और ओबीसी फैक्टर

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान हो चुका है। इन्हें लोकसभा का सेमीफइनल के रूप में भी देखा जा रहा है। इनमें से अधिकांश राज्यों में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच है। इन पांच राज्यों के चुनाव कांग्रेस के लिए मौका भी है, तो चुनौती भी। कांग्रेस कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश की हालिया जीत को आगे बढ़ाना चाहेगी। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में एंटी इनकंबेंसी के डर से आगे जाने वाला यह चुनाव है। साथ ही भाजपा के अलावा तेलंगाना में बीआरएस भी मुकाबला है। पांच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की ओर से कुछ नये प्रयोग भी किये जा रहे हैं। इन चुनावों से ठीक पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जातीय जनगणना की मांग पुरजोर तरीके से उठा रहे हैं। तीन दिसंबर को जब चुनाव के नतीजे आयेंगे, उससे कांग्रेस को उन सवालों के जवाब भी मिल जायेंगे, जिनका जवाब 2024 से पहले जानना जरूरी है।

लोकसभा चुनाव से पहले एक बड़ा मैसेज देने की तैयारी

राजनीति में परसेप्शन बड़ा मायने रखता है। कर्नाटक चुनाव के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ा है। उन्हें लगता है कि पार्टी लोकसभा चुनाव में बेहतर कर सकती है। हालांकि उससे

पहले इन पांच राज्यों के चुनाव उसके लिए काफी अहम हैं। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान कांग्रेस के लिए अहम तो है ही, साथ ही तेलंगाना का चुनाव भी उसके लिए काफी मायने रखता है। पांच राज्यों में जो बाजी मारेगा, वही लोकसभा जीतेगा ऐसा नहीं है, लेकिन एक बात तो तय है कि जो जीतेगा, वह परसेप्शन के खेल में आगे निकल जायेगा।

कितनी कारगर होगी जातीय जनगणना और ओबीसी फैक्टर

अब आते हैं उस मुद्दे पर, जिसकी मांग पिछले कुछ समय से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जोर-शोर से कर रहे हैं। राहुल गांधी यह कह चुके हैं कि जिन राज्यों में उनकी सरकार होगी, वहां जातीय जनगणना होगी। इससे पूर्व जातीय जनगणना और जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी वाली बात आइएनडीआइए के साथी लालू और नीतीश दमदार तरीके से उठा रहे थे। हालांकि अब इन दोनों से एक कदम आगे राहुल गांधी निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इन चुनावों से ठीक पहले राहुल गांधी ओबीसी कार्ड खेलते हुए नजर आ रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही उन्होंने ओबीसी की बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हमारे चार में से तीन मुख्यमंत्री ओबीसी वर्ग से आते हैं। उनका इशारा साफ था। साथ ही यह बात साफ हो गयी है कि लोकसभा चुनावों में भी यह मुद्दा शामिल रहेगा। हालांकि तीन दिसंबर को जब नतीजे सामने आयेंगे, तब यह देखने वाली बात होगी कि राहुल गांधी ने जो कार्ड खेला, वह इन चुनावों में कितना चला।

छत्तीसगढ़: आदिवासी वोट बैंक पर अमित शाह का फोकस, 20 सीटों के लिए बनायी रणनीति

छत्तीसगढ़ विधानभा के लिए बीजेपी-कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बीजेपी ने अपनी तीन सूची जारी कर दी है। वहीं, कांग्रेस ने भी उम्मीदवारों की दूसरी सूची को लेकर अटकलें लगायी जा रही हैं कि जल्द ही सूची जारी हो सकती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को छत्तीसगढ़ में भाजपा के चुनाव प्रचार को गति देने के लिए आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र के जगदलपुर और कोंडागांव में सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करेंगे। इन क्षेत्रों में राज्य की 20 विधानसभा सीटें हैं। जिन पर सात नवंबर को मतदान होगा। वहीं अन्य बची 70 सीटों पर 17 नवंबर को मतदान होना है। छत्तीसगढ़ में कुल 90 विधानसभा सीट हैं।

कांग्रेस ने दर्ज की थी 2018 में जीत

कांग्रेस ने वर्ष 2018 में आदिवासी क्षेत्र में जीत दर्ज की थी और उसने बस्तर की सभी 12 सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके साथ ही कांग्रेस राज्य की सत्ता में 15 वर्ष बाद वापस आयी थी। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अपनी किस्मत बदलने के लिए भाजपा कड़ी मेहनत में जुटी हुई है। ऐसा कहा जाता है कि छत्तीसगढ़ में उसी पार्टी को सत्ता मिलती है, जिसने बस्तर इलाके में बढ़त बना ली। बस्तर राज्य का आदिवासी बाहुल्य इलाका है। दोनों ही पार्टियों का फोकस इस बार आदिवासी वोटरों को साधने का है।



पीएम मोदी की सभा को लेकर बन रही है रणनीति

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए इस बार बीजेपी ने चेहरा घोषित नहीं किया है। ऐसे बीजेपी का फोकस है कि विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी की लोकप्रियता को भुनाना चाहती है। इस बार बीजेपी की रणनीति पीएम मोदी की रैलियों को लेकर खास तरह से बन रही है। बीजेपी की प्लानिंग है कि पीएम मोदी की पांच से छह रैलियां करायी जायें, जिसके माध्यम से सभी 90 विधानसभा सीटों पर फोकस किया जा सके।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.0 °c	20.0 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.22 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.47 बजे

वासंतिक नवरात्र : पांचवां दिन

स्कंदमाता दुर्गा का ध्यान

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया ।।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी ।।

जो नित्य सिंहासन पर विराजमान रहती है तथा जिनके दोनों हाथ कमलों से सुशोभित होते हैं, ,वे यशस्विनी दुर्गादेवी स्कन्दमाता सदा कल्याणदायिनी हों

शारदीय नवरात्र—5

श्रीमद्देवीभागवत महापुराण में त्रिगुणमयी देवी महालक्ष्मी के माहात्म्य का वर्णन करते हुए कहा गया है - जो एकमात्र सत्त्वगुण के आश्रित हों, पार्वती जी के शरीर से प्रकट हुई थीं तथा जिन्होंने शुम्भ नामक दैत्य का संहार किया था, वे साक्षात सरस्वती कही गयी हैं। उनकी आठ भुजाएं तथा वे अपने हाथों में बाण, मुसल, शूल, चक्र, शंख, घण्टा, हल और धनुष धारण करती है। ये सरस्वती देवी, जिन्होंने निशुम्भ का मर्दन तथा शुम्भासुर का संहार किया हैं, भक्तिपूर्वक पूजित होने पर सर्वज्ञता प्रदान करती हैं। और वे देवी जब प्रसन्न होती हैं तब मनुष्य को मोक्ष प्रदान कर देती हैं। मोक्ष की सर्वोत्तम हेतु वे ही हैं, वे ही ईश्वर की अधिश्वरी हैं। उपनिषदों में इसी को पराशक्तिके नाम से कहा गया है। उस पराशक्ति से ब्रह्मा, विष्णु और रूद्र उत्पन्न हुए। उसी से सब मरूगण, गन्धर्व, अप्सराएं और बाजा बजाने वाले किन्नर लब और से उत्पन्न हुए। समस्त भोग्य पदार्थ और अण्डज, स्वेदज, उद्भिज्ज, जरायुज जो कुछ भी स्थावर, जंगम, मनुष्यादि प्राणिमात्र उसी पराशक्ति से उत्पन्न हुए। ब्रह्मसूत्र में भी कहा है - सर्वोपेता तद् दर्शनात। वह पराशक्ति सर्वसामर्थ्य से युक्त हैं, क्योंकि यह प्रत्यक्ष देखा जाता है। इसलिए महाशक्ति दुगा कें नाम से भी ब्रह्म की उपासना की जा सकती। (क्रमशः)

प्रस्तुति - डॉ एन.के. बेरा

ध्वनि प्रदूषण की शिकायत के लिए रांची जिला प्रशासन ने जारी किये नंबर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के बाद रांची जिला प्रशासन ने लाउडस्पीकर और ध्वनि प्रदूषण को लेकर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। मंगलवार को जिला प्रशासन ने रात 10 से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर बजाने पर रोक को लेकर आदेश जारी किया था। वहीं बुधवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर पदाधिकारियों के नंबर जारी किये गये हैं। इन नंबरों पर ध्वनि प्रदूषण को लेकर शिकायत की जा सकती है। जिला प्रशासन इस पर त्वरित कार्रवाई करेगा।

थाना	नम्बर
(1) थाना प्रभारी, कोतवाली	9431706158
(2) थाना प्रभारी, डेली मार्केट	9431706163
(3) थाना प्रभारी, हिंदपीढ़ी	9431706164
(4) थाना प्रभारी, सुखदेवनगर	9431788800
(5) ओपी प्रभारी, पंडरा	9431706878
(6) थाना प्रभारी, लोअर बाजार	943170617
(7) थाना प्रभारी, चुटिया	9431706165
(8) थाना प्रभारी, लालपुर	9431706159
(9) थाना प्रभारी, सदर	9431706160
(10) ओपी प्रभारी, बीआइटी मेसरा	9431706571
(11) थाना प्रभारी, खेलगांव	8987790607
(12) थाना प्रभारी, बरियातू	9431706161
(13) थाना प्रभारी, गोंदा	9431706162
(14) थाना प्रभारी, धुर्वा	9431706166
(15) ओपी प्रभारी, तुपुदाना	9431706167
(16) थाना प्रभारी, डोरंडा	9431706168
(17) थाना प्रभारी, जगन्नाथपुर	9431706169
(18) ओपी प्रभारी, पुंदाग	9431706913
(19) थाना प्रभारी, अरगोड़ा	9431706170
(20) थाना प्रभारी, एयरपोर्ट	8987790623
(21) थाना प्रभारी, एसटी।/एससी	9431103958
(22) थाना प्रभारी, नामकुम	9431706173
(23) थाना प्रभारी, टाटीसिलवे,	9431706174
(24) थाना प्रभारी, कांके	9431706185
(25) थाना प्रभारी, पिठोरिया	9431706186
(26) ओपी प्रभारी, खरसीदाग	8987790695
(27) थाना प्रभारी, रातू	9431706175
(28) थाना प्रभारी, नगड़ी	9431706176
(29) थाना प्रभारी, ओरमांझी	9431706183
(30) थाना प्रभारी, सिकिदरी	9431706184
(31) थाना प्रभारी, अनगड़ा	9431706180
(32) थाना प्रभारी, सिल्ली	9431706153
(33) थाना प्रभारी, इटकी	9431706177
(34) थाना प्रभारी, बेड़ो	9431706179
(35) थाना प्रभारी, लापुंग	9431706178
(36) थाना प्रभारी, नरकोपी	9431706146
(37) थाना प्रभारी, मांडर	9431706187
(38) थाना प्रभारी, चान्हो	9431706189
(39) थाना प्रभारी, बुढ़मू	9431706190
(40) थाना प्रभारी, ठाकुरगांव	9431706149
(41) थाना प्रभारी, खलारी	9431706188
(42) थाना प्रभारी, मैकलुस्कीगंज	9431706568
(43) थाना प्रभारी, बुंडू	9431706191
(44) थाना प्रभारी, तमाड़	9431706193
(45) थाना प्रभारी, सोनहातु	9431706192
(46) थाना प्रभारी, दशम फॉल	9431706155
(47) थाना प्रभारी, राहे	9431706194
(48) अनुमंडल पदाधिकारी, सदर	943170170
(49) अनुमंडल पदाधिकारी, बुंडू	9431107193

हाइकोर्ट ने रांची पुलिस की कार्यशैली पर जतायी नाराजगी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने रांची पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए रांची एसएसपी को व्यक्तिगत रूप से हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। दरअसल झारखंड हाइकोर्ट में एडवोकेट क्लर्क (मुंशी) सुबोध कुमार ने एक याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में कहा गया था कि 29 सितंबर को उनके साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद उन्होंने धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया, लेकिन पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। प्राथमिकी दर्ज ना होने पर सुबोध कुमार ने एसएसपी को भी मामले की जानकारी दी। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद सुबोध ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर रांची पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की गुहार लगायी थी। सुबोध की याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सूरज कुमार वर्मा ने बहस की। अब इस मामले में हाइकोर्ट सात नवंबर को सुनवाई करेगा।

दुर्गा पूजा के मद्देनजर 20 से 24 तक राजधानी में नयी ट्रैफिक व्यवस्था

सुबह चार से आठ बजे तक ही होगा भारी वाहनों का प्रवेश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। दुर्गा पूजा को लेकर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है, जिससे पूजा के दौरान ट्रैफिक सुचारु रहे और आम लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए ट्रैफिक एसपी ऑफिस ने शहर के ट्रैफिक प्लान से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किये हैं। शहर में 20 से 24 अक्टूबर तक हर दिन सुबह के आठ बजे से दूसरे दिन सुबह के चार बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। शहर में कुछ प्रमुख मार्गों पर निजी और यात्री वाहनों का प्रवेश भी हर दिन शाम चार बजे से अगले दिन प्रातः चार बजे तक वर्जित रहेगा। शहर में 15 स्थानों पर ड्रॉप गेट रहेंगे।

निजी और यात्री वाहनों के लिए भी रूट निर्धारित

- सभी प्रकार के निजी वाहन, ऑटो, इ-रिक्शा का परिचालन कचहरी चौक से शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सुजाता चौक की ओर वर्जित रहेगा।
- सुजाता चौक की तरफ से मेन रोड में आने वाले सभी निजी वाहन सैनिक मार्केट, जीईएल चर्च कांप्लेक्स तक ही जा सकेंगे।
- पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट (रातू रोड) की ओर आने वाली सभी छोटी गाड़ियों का परिचालन शाम के चार बजे से सुबह के चार बजे तक मीनाक्षी सिनेमा मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक और वहां से हरमू चौक की ओर होगा।
- हरमू की तरफ से किशोरगंज होकर रातू रोड की तरफ आने वाले चार पहिया वाहनों का परिचालन किशोरगंज चौक तक ही होगा। इस ओर से आने वाले ऐसे सभी दो पहिया वाहन किशोरगंज से आगे पहाड़ी मंदिर मोड़ से मीनाक्षी सिनेमा मोड़ और रातू रोड होकर पिस्का मोड़ की ओर जायेंगे।
- हरमू बाइपास रोड की तरफ से पिस्का मोड़ की तरफ जाने वाले छोटे चार पहिया वाहन बीजेपी कार्यालय के पास से पिपर टोली होकर कटहल मोड़, हेहल अंचल होते हुए पिस्का मोड़ की तरफ जायेंगे।
- कांके रोड से कचहरी चौक की तरफ आने वाली छोटी गाड़ियां जाकिर हुसैन पार्क, रेडियम रोड होकर कचहरी चौक तक, लालपुर चौक से कचहरी चौक आने वाली छोटी गाड़ियां जेपीएससी कार्यालय तक, बरियातू रोड से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर जाने वाली छोटी गाड़ियां लाइन टैंक रोड स्थित रामगढ़ ट्रैकर पड़ाव तक और डंगराटोली चौक से सर्जना चौक की ओर आने वाली छोटी गाडियां मिशन चौक तक ही आ सकेंगी।

इन स्थानों पर बनाया गया है ड्रॉप गेट

कटहल मोड़, तिलता चौक, लॉ यूनिवर्सिटी, बोड़ेया रिंग रोड, बीआइटी रिंग रोड, बूटी मोड़, खेलगांव, दुर्गा सोरेन चौक, रामपुर, खरसीदाग, ब्रिजफोर्ड स्कूल, सतरंजी ओवरब्रिज, बिरसा चौक और शहीद मैदान।

- लालपुर से कोकर जाने वाला मार्ग वन-वे रहेगा। सिर्फ लालपुर से कोकर की ओर जाने वाले वाहन सदर थाना वाले मार्ग से होते हुए जायेंगे। कोकर से लालपुर की ओर आने वाली गाड़ियां कांटाटोली होकर अपने गंतव्य तक जायेंगी।
- हरमू रोड से छोटी गाड़ियां अरगोड़ा चौक, कडरू सुजाता चौक, मुंडा चौक होते हुए कांटाटोली जा सकती हैं।
- कांके रोड से आने वाली गाड़ियां राम मंदिर, रणधीर वर्मा चौक, करमटोली से बूटी मोड़ होते हुए जमशेदपुर या कांटाटोली जा सकती हैं।
- मेन रोड में शाम चार बजे से अगले दिन सुबह चार बजे तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
- शाम चार बजे से अगले दिन सुबह चार बजे सुबह तक न्यू मार्केट चौक से किशोरगंज चौक तक छोटी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।
- शहरी क्षेत्र में आवश्यक सामग्री लाने वाली गाड़ियां सुबह चार बजे से आठ बजे के बीच ही आ सकेंगी।
- पूजा घूमने निकले लोग इन स्थानों पर वाहन कर सकते हैं पार्किंग
- डोरंडा, सुजाता चौक से मेन रोड में आने वाले निजी और दो पहिया वाहनः सैनिक मार्केट, जीईएल चर्च कांप्लेक्स
- फिरायालाल से बकरी बाजार की ओर जाने वालेः जिला स्कूल और बाल कृष्णा स्कूल
- डंगराटोली से सर्जना चौक जाने वाले वाहन मिशन चौक, संत जांस स्कूल के सामने।
- स्टेशन रोड स्थित पूजा पंडाल जाने वालेः रेलवे भर्ती बोर्ड चुटिया थाना मोड़ तक रोड के दोनों तरफ।
- लालपुर से कोकर जाने वाले साधु मैदान और बिजली ऑफिस।
- खेलगांव से कोकर पूजा पंडाल जाने वाले राम लखन सिंह यादव कॉलेज।
- कांके रोड से बकरी बाजार जाने वाले न्यू मार्केट ऑटो स्टैंड।
- हरमू बाईपास रोड से बकरी बाजार जाने वालेः बड़ा तालाब, नदी ग्राउंड
- पिस्का मोड़ से दुर्गा मंदिर चौक, रातु रोड आने वालेः दुर्गा मंदिर से पहले जायसवाल पेट्रोल पंप के पास।
- बरियातू रोड से बकरी बाजार जाने वालेः नागाबाबा खटाल, जाकिर हुसैन पार्क।
- हरमू बाईपास से किशोरगंज तक आने वालेः मुक्तिधाम से किशोरगंज के बीच सड़क किनारे।
- हरमू चौक के पास पंडाल आने वालेः हरमू मैदान।
- बरियातू हाउसिंग पूजा पंडाल आने वालेः बरियातू मैदान के पास।
- सीएमपीडीआइ के पास पूजा पंडाल आने वालेः कैब्रियन स्कूल के पास।

पीएम विश्वकर्मा योजना से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प होगा पूरा : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड के संयोजक सह किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। मरांडी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना गांव के पारंपरिक रोजगार हुनर और कौशल को बढ़ावा देने की योजना है इस योजना के तहत गांव-गांव के विभिन्न पारंपरिक कारीगरों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके, इसकी कार्य योजना बनाने पर बल दिया, साथ ही साथ पारंपरिक कारीगरों को समृद्ध करने की योजना पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों को समर्थ बनाना, सक्षम बनाना व समृद्ध बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुख्य उद्देश्य है। प्रधानमंत्री ने इस योजना के लिए 13000 करोड रुपये अलग से आवंटित किये हैं। इस कार्यक्रम से जुड़ने वाले लोगों को एक सप्ताह और 15 दिन का प्रशिक्षण कैटिगरी वाइज देकर उन्हें और भी कुशल बनाने का कार्य किया जायेगा। इस योजना के तहत प्रशिक्षण के बाद उपयोग में आने वाले टूल किट का भी प्रोत्साहन के रूप में वितरण किया जायेगा । उन्हें प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। साथ ही साथ उन्हें एक क्रेडिट कार्ड भी दिया जायेगा। सारा ट्रांजैक्शन डिजिटल माध्यम से ही किया जायेगा। साथ ही साथ सरकार इनके द्वारा बनाये गये वस्तुओं का मार्केटिंग की भी संपूर्ण व्यवस्था करेगी। इस योजना के तहत एक लाख से लेकर तीन लाख तक का लोन ले सकेंगे। श्री मरांडी ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना से आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इसकी विस्तृत जानकारी बिहार भाजपा के महामंत्री सह योजना के झारखंड प्रभारी मिथिलेश तिवारी ने विभिन्न जिलों से आये प्रतिनिधियों को दी। कार्यक्रम में महामंत्री प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय के साथ-साथ विभिन्न जिलों से आये हुए जिला के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

इंडिगो पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। एयरपोर्ट से सुबह साढ़े आठ बजे उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट के इंजन में अचानक खराबी आ गयी। इसके बाद पायलट ने ऐनवक्त पर उड़ान रोक दी। इसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी और रिपेयरिंग टीम को तकनीकी खराबी की जानकारी दी। सूचना के बाद रिपेयरिंग टीम और इंजीनियर मौके पर पहुंचे और विमान में आयी तकनीकी खराबी की जांच शुरू की। इंडिगो की उड़ान संख्या 6इ 7562 का विमान उड़ान भरने ही वाला था कि उसके इंजन में तकनीकी खराबी आ गयी। इसकी जानकारी पायलट ने तुरंत एयरपोर्ट अथॉरिटी को दी। सूचना मिलते ही यात्रियों को विमान से बाहर निकाला गया और रिपेयरिंग टीम को तकनीकी खराबी की जांच में लगा दिया गया। इंडिगो का विमान रांची से कोलकाता के लिए उड़ान भरने वाला था।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)
G20

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं ।

सुखदेवनगर थाना में दिलायी गयी बाल विवाह मुक्त अभियान की शपथ

रांची (आजाद सिपाही)। बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत सुखदेवनगर थाना परिसर में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत सभी पुलिसकर्मियों और समाजसेवियों को शपथ दिलवायी गयी। सभी ने शपथ ली कि वे अपने क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन सत्यार्थी फाउंडेशन और चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन रांची के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के सचिव बैद्यनाथ कुमार, चंदन कुमार, संगीता कुमारी, अंशू कुमारी, अभिषेक कुमार, दीपक कुमार ठाकुर, अनुज कुमार शर्मा, रेखा कुमारी, अमृत रमन, पवन कुमार, विनीत सोनी, राहुल व्यास, प्रकाश कुमार और सुखदेवनगर थाना के पुलिस कर्मी शामिल हुए। झारखंड में पिछले साढ़े पांच साल में बाल विवाह के 34 मामले सामने आये हैं। साल 2018 में सात, 2019 में तीन, साल 2020 में छह, साल 2021 में सात, साल 2022 में पांच और साल 2023 में जून महीने तक छह मामले सामने आये हैं। इनमें से 21 मामलों का निष्पादन किया गया और 13 मामले निष्पादन के लिए लंबित हैं।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष परिस्थिति में सुधार होगा,नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना।

वृष रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वीकार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ।

मिथुन श्रेष्ठजनों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।

कर्क व्यक्तित्व का विकास, आत्मविश्वास की वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ।

सिंह विविध उलझनों का सामना होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद।

कन्या आर्थिक विकास,पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे, पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा।

तुला अत्याधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी में बाधा, परिवार में अशांति का वातावरण।

वृश्चिक चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी, आकस्मिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

धनु सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।

मकर सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ, हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

कुंभ महत्वपूर्ण काम सिद्ध होंगे, आरोग्यसुख, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद।

मीन कर्मक्षेत्रमें संतोषजनक प्रगति,सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे.व्यापार में लाभ।

डीसी ने वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस की तैयारियों की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची में 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक आयोजित वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक की गयी। बैठक में कोर टीम के नोडल पदाधिकारियों के साथ उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में चर्चा की गयी। डीसी ने अब तक की गयी तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक, आइटी, सिक्यूरिटी, लॉ एंड ऑर्डर मेंटेनेंस, ट्रैफिक सिक्यूरिटी, मेडिकल टीम, मीडिया एंड पीआर टीम, प्रोटोकॉल, एयरपोर्ट, होटल टीम, फायर सेफ्टी, साउंड एंड इलेक्ट्रिसिटी, ड्रिंकिंग वाटर एंड सैनिटेशन टीम, फूड एंड स्नैक्स अरेंजमेंट टीम के नोडल पदाधिकारियों को हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने को कहा।

25 अक्टूबर तक सड़कों से पंडाल हटाने का अनुरोध : डीसी ने कहा कि इस टूर्नामेंट की तैयारी काफी दिनों से चल रही है। सीएम हेमंत सोरेन के दिशा-निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर उप समितियां बनायी गयी हैं। अलग-अलग समितियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गयी हैं। उपायुक्त ने कोर टीम के नोडल पदाधिकारियों को स्टेडियम का दौरा करने का निर्देश दिया। डीसी ने पूजा समितियों से 25 अक्टूबर तक सड़कों से पंडाल निर्माण हटाने का अनुरोध किया है, ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

एसएसपी ने सुरक्षा को लेकर दिये निर्देश

बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने सुरक्षा, स्टेडियम और आसपास के क्षेत्र को कैसे सुरक्षित किया जाये, स्टेडियम में आने वाले लोगों की जांच के अलावा पार्किंग, क्राउड मैनेजमेंट आदि को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया। बैठक में दिनेश कुमार यादव, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची राजेश्वरनाथ आलोक एवं प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जिला स्तर पर गठित कोर टीम के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

रिम्स का लोड कम करने के लिए सदर अस्पताल में 14 विशेषज्ञ चिकित्सकों की होगी नियुक्ति

- स्वास्थ्य विभाग ने दी 1.62 करोड़ रुपये की मंजूरी
- आउटसोर्सिंग के तहत ली जायेगी विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा
- कार्डियोलॉजिस्ट को प्रति महीने डेढ़ लाख, जीडीएमओ को 63 हजार मिलेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पांच सौ बेड के सदर अस्पताल को सुचारु रूप से चलाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत 14 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति आउटसोर्सिंग के तहत की जायेगी। इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड (आईपीएचएस) मापदंड 2022 के अनुसार नियमित पद की स्वीकृति के विरुद्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों की बहाली होने तक इन चिकित्सकों की नियुक्ति होगी। सेवा प्राप्त करने की योजना पर व्यय के लिए एक करोड़ 61 लाख 62 हजार रुपये की स्वीकृति स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने दी है। आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सिविल सर्जन रांची होंगे। राशि की निकासी रांची कोषागार से की जायेगी।

बेहतर संचालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने उठाया कदम

रिम्स का भार कम करने के मकसद से सदर अस्पताल के बेहतर संचालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने यह कदम उठाया है। इससे शहर की बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सुविधा का बेहतर लाभ मिल पायेगा। 14 विशेषज्ञ चिकित्सकों में जेनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जीडीएमओ), कार्डियोलॉजिस्ट, फिजिशियन, एनेस्थेटिस्ट और इएनटी स्पेशलिस्ट की नियुक्ति होनी है।

इन विभागों के इतने पदों पर होगी नियुक्ति

जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जीडीएमओ) के 10 पदों पर नियुक्ति होनी है। इन्हें 63 हजार रुपये प्रति चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट के एक पद पर नियुक्त चिकित्सक को डेढ़ लाख रुपये, फिजिशियन के एक पद पर नियुक्त चिकित्सक को 1.05 लाख रुपये, एनेस्थेटिस्ट के एक पद पर नियुक्त चिकित्सक को 1.05 लाख रुपये और ईएनटी स्पेशलिस्ट के एक पद पर नियुक्त चिकित्सक को 1.05 लाख रुपये मासिक मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

E-Tender No. EL/Chg/Open/29/2023-24
दिनांक 16/10/2023

वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यो के निष्पादन के लिए ई–निविदा (open-tender) Single Packet System में आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम तथा स्थान** : धनबाद डिवीजन में तीन साल के लिए पावर कारों के सभी 500 केवीए डीजी सेटों का व्यापक वार्षिक रखरखाव (सीएएमसी) के साथ 'बी' चेक किट और अनिर्धारित रखरखाव" **2. कार्य का अनुमानित लागत** : रू.32627254.23/– (तीन करोड़ छब्बीस लाख सत्ताईस हजार दो सौ चौवन रूपये और तेईस पैसे मात्र)। **3. बयाना राशि** : रू. 313100.00/– (मात्र तीन लाख तेरह हजार एक सौ रूपये) **4. ई–निविदा बंद होने की तारीख तथा समय** : 17:00 hrs on 06/11/2023 **5. ई–निविदा खुलने का तारीख तथा समय** : 12:30 hrs on 07/11/2023 **6. बेबसाईट विवरण**: http://www.ireps.gov.in

ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल यांत्रिक अभियंता (समाडी)
वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग)
पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद

पीआर/01426/डीएचएन/एमईसीएच/टी/23–24/36

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 19 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in

चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति का पंडाल सजकर तैयार

आज खुलेगा पंडाल का पट

मां दुर्गा के नौ रूपों का होगा नाट्य मंचन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि सनातन धर्म और देशभक्ति की थीम पर बने चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति का पूजा पंडाल सजधज कर पूरी तरह से तैयार है। रमेश सिंह ने कहा कि राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक स्थित पूजा पंडाल में श्रद्धालु देवलोक का दर्शन करेंगे। श्री सिंह बुधवार को पूजा पंडाल में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने श्रद्धालुओं को पूजा पंडाल के दर्शन का आग्रह के साथ आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल का पट का अनावरण नवरात्र के पंचमी तिथि को 19 अक्टूबर दिन गुरुवार संध्या 6:00 किया जाना है। पूजा पंडाल के पट अनावरण के बाद दिल्ली से आये कलाकारों के द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों का नाट्य मंचन किया जायेगा। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, पूर्व मेयर आशा लकड़ा सहित अन्य गण्यमान्य लोग मौजूद रहेंगे। इस मौके पर संरक्षक विनय सिंह, मिंटू चौबे, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार, सह सचिव ओम वर्मा, विक्की वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

सीएम और उनकी पत्नी से जेसोवा के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी पत्नी कल्पना सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड आइएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोशिएसन (जेसोवा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी दो नवंबर

से छह नवंबर 2023 तक मोरहाबादी स्थित आर्मी मैदान में आयोजित होने वाले जेसोवा दिवाली मेला-2023 की तैयारियों से अवगत कराया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने जेसोवा दीवाली मेला-2023 के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री को बतौर मुख्य अतिथि एवं उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, जेसोवा की अध्यक्ष मिनी सिंह, उपाध्यक्ष नमिता सिंह एवं प्रीति कुमार, सचिव मनु झा, सदस्य निक्की टोप्पो, जेसिना सिद्दीकी और रंजना कुमार उपस्थित थीं।

इडी कोर्ट ने जारी किया बीरेंद्र राम के सहयोगी मुकेश मित्तल के खिलाफ गैर-जमानती वारंट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मनी लांड्रिंग के आरोपी निलंबित इंजीनियर इन चीफ बीरेंद्र राम के सहयोगी मुकेश मित्तल की मुश्किलें बढ़ने वाली है। रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट ने मुकेश मित्तल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद अब मुकेश मित्तल पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है।

बीरेंद्र राम के काले धन को सफेद करने का आरोप : बीरेंद्र राम पर टेंडर घोटाला के जरिये अवैध कमाई करने और उसे अलग-अलग जगह निवेश कर मनी लांड्रिंग करने का आरोप है। वहीं बीरेंद्र राम के सहयोगी मुकेश मित्तल पर तारा चंद के जरिये बीरेंद्र राम के कालेधन को विभिन्न खातों से सफेद बनाकर बीरेंद्र राम के परिवार के सदस्यों के खाते में जमा करवाने का आरोप है। इसके लिए वह चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के कर्मचारियों और रिश्तेदारों के बैंक खातों का इस्तेमाल करता था। बीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों को इडी ने 24 जून को गिरफ्तार किया था। इनमें तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया शामिल हैं।

रांची और गिरिडीह जेल का एक करोड़ से होगा विकास कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची और गिरिडीह जेल में विकास का कार्य एक करोड़ की लागत से कराया जायेगा। इसको लेकर गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के हॉस्पिटल बिल्डिंग की मरम्मति का कार्य 72.45 लाख से किया जायेगा। गिरिडीह सेंट्रल जेल में 17.32 लाख की लागत से चार बोरबेल लगाये जायेंगे। गृह विभाग ने राशि का भी आवंटन कर दिया है। गृह विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जिम्मेवारी संयुक्त रूप से संबंधित काराधीक्षक और एजेंसी की होगी। संबंधित एजेंसी उच्च गुणवत्ता युक्त मानक स्तर का कार्य सुनिश्चित करायेंगे। यह उनकी व्यक्तिगत जवाबदेही होगी। कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर या कार्य मानक स्तर का नहीं पाये जाने पर संबंधित एजेंसी सीधे तौर पर इसके लिए उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति में उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

जल्द खत्म होगा वरीय अधिवक्ता बनने की राह देख रहे वकीलों का इंतजार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट में वरीय अधिवक्ता बनने की राह देख रहे वकीलों का इंतजार जल्द खत्म होने की उम्मीद है। हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने महाधिवक्ता, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष और हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष को पत्राचार कर वरीय अधिवक्ता के चयन के लिए फॉर्म जारी करने का निर्देश दिया है। यह फार्म वैसे अधिवक्ता भर सकते हैं, जो 10 वर्षों से नियमित प्रैक्टिस कर रहे हैं। वरीय अधिवक्ताओं के चयन के लिए हाइकोर्ट से रूल फ्रेम किया जा चुका है। सारी शर्तों से अधिवक्ताओं को अवगत भी करा दिया गया है। सभी अहताओं एवं शर्तों को पूरा करने वाले अधिवक्ताओं को झारखंड हाइकोर्ट डेजिग्नेटिड सीनियर के रूप में चयनित करेगा।

फिलहाल ये हैं झारखंड के वरीय अधिवक्ता

आरएस मजूमदार, राजीव रंजन, एके अल्लाम, अजित कुमार, आरएन सहाय, बीएम त्रिपाठी, एके कश्यप, विजय प्रताप सिंह, भौमिक, जयप्रकाश झा, राजीव शर्मा, बिरेन पोद्दार, अनिल कुमार, पीपीएन राय, आरएसपी सिन्हा, एमके लायक और मणि माला पॉल।

लगभग सात सालों से फुल कोर्ट की बैठक नहीं होने के कारण हाइकोर्ट में कोई वरीय अधिवक्ता नहीं चुना गया : बता दें कि साल 2017 के बाद से अब तक फुल कोर्ट की बैठक नहीं हुई है। इसके कारण लगभग सात वर्षों से झारखंड हाइकोर्ट का कोई अधिवक्ता वरीय अधिवक्ता के रूप में नहीं चुना गया है। नियमों के मुताबिक, डेजिग्नेटिड सीनियर के रूप में चयनित होने वाले अधिवक्ताओं को अपनी प्रैक्टिस,अपने जूनियर वकीलों की जानकारी और महत्वपूर्ण मुकदमों में उनके द्वारा की गयी पैरवी के अलावा कई बातों की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया गया है। फॉर्म भरने वाले वकीलों को इस बात की भी जानकारी देनी है कि जिला बार एसोसिएशन या स्टेट बार काउंसिल के में उक्त अधिवक्ता के खिलाफ मिसकंडक्ट या फिर प्रोफेशनल कंडक्ट का कोई आरोप तो नहीं है।

चित्रांकन प्रतियोगिता में डीएवी हेहल के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। इस वर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर भक्ति वेदांता विद्या भवन गुरुकुल, सिल्ली द्वारा अंतरविद्यालयी चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी, जिसमें राजधानी के सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इसका परिणाम 17 अक्टूबर को घोषित किया गया। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के छात्र अनमोल भारत (कक्षा आठवीं) को प्रथम एवं शशि शेखर (कक्षा नौवीं) एवं अविका मुखर्जी, (कक्षाआठवीं) को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। 18 अक्टूबर को विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने सभी विजयी प्रतिभगियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया तथा हार्दिक प्रसन्नता प्रकट करते हुए विजयी प्रतिभागियों एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों, अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सफलता का मार्ग बताते हुए पांच प्रकारों की महत्ता पर बल दिया- प्रथम प्रतिज्ञा, द्वितीय पुरुषार्थ, तृतीय प्रार्थना, चतुर्थ प्रतीक्षा एवं पंचम प्राप्ति। किंतु प्राप्ति की अपेक्षा प्रायः लोग पहले करते हैं जो सफलता की क्रमबद्धता से विचलन और असफलता की ओर भटकाव है।

'रांची के दशहरा' गीत हुआ रिलीज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची । झारखण्ड के उभरते युवा गायक ऋषभ सिंह द्वारा गाये गीत 'रांची के दशहरा ' रिलीज हुआ इस गाने को ऋषभ सिंह और उनकी टीम ने बहुत अच्छे से फिल्माया है ये देवगीत खासकर के रांची शहर के पंडालों को दशार्ते हुआ बनाया गया है ये गीत काफी ज्यादा लोक्रप्रियता बटोर रही है और काफी दर्शक इसे सुन्ना पसंद कर रहे है इस गीत में विशेष सहयोग में सुजीत सिंह, निशांत यादव, चंदन मिश्रा है प्रोडूसर तृषा राज है गीत में संगीत एसएमपी सरगम द्वारा दिया गया है। इस गीत के निर्देशक प्रमोद रॉय है।

सीयूजे की छात्रा छोटी का नेशनल ओलंपिक गेम गोवा के लिए हुआ चयन

अब तक सिल्वर और ब्रांज मेडल कर चुकी हैं हासिल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड रांची की बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सेमेस्टर वन की छात्रा छोटी कुमारी का चयन 37 ओलंपिक नेशनल गेम गोवा के लिए चयन किया गया है। जानकारी के अनुसार झारखंड लॉन बॉल से महिला टीम में 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जो सभी ओलंपिक नेशनल गेम में मेडलिस्ट हैं। इनमें से देवघर जिला के छोटी कुमारी जो वर्तमान में सेंट्रल यूनिवर्सिटी रांची की छात्रा है, का भी चयन किया गया है। यह सभी खिलाड़ी गोवा में 25 अक्टूबर से 9 नवंबर 2023 तक आयोजित होने वाले नेशनल गेम में हिस्सा लेंगी।

सिल्वर एवं ब्रांज मेडल कर चुकी है हासिल : सीयूजे की छात्रा छोटी कुमारी पूर्व में स्टेट चैंपियनशिप 2019 में ब्रांज मेडल हासिल कर चुकी है तो, वहीं खेलो इंडिया यूथ गेम 2020 में असम गुवाहाटी में आयोजित गेम में सिल्वर एवं ब्रांज मेडल प्राप्त कर चुकी हैं। छोटी कुमारी छोटी सी उम्र में अपने मेहनत के दम पर सफलता हासिल की है। वह फिलहाल आरके आनंद स्टेडियम नामकुम रांची में पिछले दो महीने से प्रैक्टिस कर रही हैं। वह अपनी सफलता का श्रेय कोच मधुकांत पाठक, देवघर जिला के सचिव आशीष झा एवं बहन मयूरी गुप्ता सहित सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सभी शिक्षक को दिया है।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में लोकनाद कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के बी. के. बिरला ऑडिटोरियम में लोकनाद-पीपुल्स वॉयस द्वारा प्रस्तुत संगीतमय प्रस्तुति से उपस्थित छात्र-छात्राएं मंत्रमुग्ध हो गए। लोकनाद के दो कलाकारों चारुल भारवाडा और विनय महाजन ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर कई गीत प्रस्तुत किए। यह प्रस्तुति अत्यंत मार्मिक व प्रभावशाली थी, जिससे दर्शकों की आंखों में आंसू आ गए। उनके गीत बाल श्रम उन्मूलन, विविधता का उत्सव और अन्य प्रासंगिक सामाजिक मुद्दों पर आधारित थे। जिंदगी के गीत, धरती का नमक, हमलोग, जैसे गीतों ने दर्शकों के दिल को छू लिया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा

ने विद्यालय में आने और अपने प्रेरणादायक गीतों से बच्चों को प्रेरित करने के लिए लोकनाद के कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने भी कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया और छात्रों को उनके गीतों के माध्यम से दिए गए मजबूत संदेशों को समझने और उन पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को खाना बर्बाद न करने और कृतज्ञता का भाव रखने का सुझाव दिया।

भीम आर्मी के रांची जिला अध्यक्ष बने लक्ष्मण बौद्ध

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भीम आर्मी ने सोमवार को रांची के हवाई नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कमेटी की बैठक की। इसमें रांची के भीम आर्मी जिला अध्यक्ष के रूप में लक्ष्मण बौद्ध को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय रवि राज ने कहा कि भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) बहुजन समाज में जन्मे सभी महान पुरुषों और महामानव डॉ भीम राव अम्बेडकर के विचार धारा पर चलने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि संगठन स्वतंत्रता, समानता, बंधुता न्याय के उद्देश्य को देश में स्थापित करना चाहती है। लक्ष्मण बौद्ध ने कहा कि मैं अपने जिम्मेवारी को पूर्ण निष्ठा और इम्मानदारी से कार्य करते हुए बहुत जल्द रांची जिला के सभी प्रखंडों में भीम आर्मी कमेटी का विस्तार करते हुए बाबा साहब के विचारधारा एवं मिशन को धरोहर पहुंचाने का काम करूंगा। इस मौके पर रांची जिला के कमेटी उपाध्यक्ष अजय नायक, महासचिव मुकेश कुमार, सचिव आकाश कुमार, मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजकुमार, जगदीश राम, राजकिशोर राम, सहित कई अन्य मौजूद थे।

रांची से बेड़ो जाने के लिए कार-जीप के लिए 30 रुपये और मिनी बसों से 50 रुपये लिया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी रांची से पलमा के बीच एनएच-23 पर कल से चलने के लिए टोल लिया जायेगा। एनएचएआइ टोल प्लाजा को 19 अक्टूबर से चालू करेगा। टोल प्लाजा के 20 किमी दायरे में रहने वालों से एक निश्वित रकम लेकर टोल पास दिया जायेगा। एनएचएआइ ने विभिन्न श्रेणी के वाहनों के लिए टोल दर भी निर्धारित कर दी है। कार, जीप, वैन या लाइट मोटर व्हीकल से 30 रुपये व उसी दिन लौटने पर 45 रुपये, एक माह में 50 बार सिंगल यात्रा करने पर 1040 रुपये लिये जायेंगे। हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के गुड्स वाहन, मिनी बस से सिंगल यात्रा पर 50 रुपये व उसी दिन वापसी पर 75 रुपये और एक महीना में 50 सिंगल जर्नी करने पर 1650 रुपये देने होंगे। बस और ट्रक से 105 रुपये व उसी दिन वापसी के लिए 160 रुपये तथा एक महीने में 50 सिंगल जर्नी के लिए 3525 रुपये का पास बनाया जायेगा। थ्री एक्सेल वाणिज्यिक वाहन से सिंगल जर्नी के लिए 115 रुपये व उसी दिन वापसी के लिए 175 रुपये और एक महीने में 50 सिंगल जर्नी पर 3845 रुपये लिये जायेंगे। एनएचएआइ ने पिस्का मोड़ से पलमा तक फोरलेन सड़क का निर्माण तीन साल पहले कर दिया था।

सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छप्पन सेट पूजा पंडाल चंद्रयान 3 का उद्घाटन 20 अक्टूबर को

झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव होंगे मुख्य अतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छप्पन सेट डोरंडा डोरंडा द्वारा निर्मित पूजा पंडाल चंद्रयान 3 का उद्घाटन झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव 20 अक्टूबर को करेंगे। साथ ही साथ उसी दिन संध्या 7:00 बजे मां दुर्गे की मूर्ति के पट को भी आम श्रद्धालुओं के लिये खोल दिया जायेगा। छप्पन सेट दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे स्वागत अध्यक्षता के

रूप में उपस्थित होकर संध्या 7.30 बजे से 501 महिलाओं द्वारा भव्य आरती का आयोजन करेंगे। छप्पन सेट सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गोपी दूबे ने बताया पूजा पंडाल का निर्माण युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। आकर्षक विद्युत सजा से पूरे छप्पन सेट परिसर को सजाया गया है, और बंगाल के ढाक विशेष आकर्षण के केंद्र रहेंगे। श्रद्धालुओं के लिए भोग की व्यवस्था एवं उनके लिए पूजन की व्यवस्था की गयी है। 21 अक्टूबर को प्रातः माता का प्राण प्रतिष्ठा एवं संध्या पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अच्छे पेंटिंग निर्मित करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जायेगा। 22 को महा अष्टमी के दिन रात्रि 8:00 बजे से भव्य डांडिया का आयोजन भी किया जा रहा है। इस आयोजन में समिति के संरक्षक कपिलदेव सिंह, सचिव विजय गुप्ता, मेंहुल दूबे, गोपाल तिवारी, पंकज तिवारी, कमलेश कुमार, पान सिंह, दीपक ठाकुर, बबलू विजयवर्गीय, विवेक छेत्री, रोहित छेत्री, राकेश कुमार वर्मा पूजा संपन्न कराने में मुख्य रूप से सहयोग कर रहे हैं।

युवा दस्ता ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लिये हेल्पलाइन नंबर जारी किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। युवा दस्ता ने बुधवार को श्री दुगार्पूजा महोत्सव 2023 को सफल बनाने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लिये हेल्पलाइन नंबर जारी किया।

युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्यों का सेवा कार्य विसर्जन तक जारी रहेगा।

राजीव रंजन मिश्रा ने बताया इस वर्ष 2023 में श्री दुर्गा पूजा महोत्सव में आकर्षक प्रतिमा के साथ परंपरागत पूजा को करने वाले पूजा पंडालों को स्व तिलक आजमानी, स्व ज्ञान प्रकाश जलान, स्व उदय शंकर ओझा, स्व गिरधारी जलान एवं स्व बाबूलाल ठाकुर के स्मृति में आकर्षक पुरस्कार देने का निर्णय लिया है । पुरस्कार के चयन के लिये एक निर्णायक मंडल का गठन किया गया है।

इसमें अधिवक्ता किशोर साहू, बीरेंद्र साहू एवं शोभा यादव शामिल रहेगी जो सभी पूजा पंडाल का भ्रमण कर निर्णय लेगी। श्री मिश्रा ने कहा कि किसी को किसी प्रकार की सहायता की जरूरत हो तो वह दिये गये नंबर पर संपर्क कर सकते है।

नंबर इस प्रकार है -

1. राजीव रंजन मिश्रा - 9431574184
2. राजेश गुप्ता - 7903714760
3. गोपाल पारीक - 9470371244
4. उपेंद्र रजक - 9431107127
5. पीयूष आनंद - 8210311003
6. राहुल सिन्हा चंकी - 9334947541
7. मंटू दुबे - 9431762726
8. साहिल कुमार - 6205165791
9. राकेश कुमार सिंह - 8877111185

ग्रामीण छेत्र के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर

1. मदन साहू - 93048 89906
2. मुन्ना बड़ाईक - 91995 33113
3. ज्योति शंकर साहू - 6201276181
10. राजेश राम -9934582050
11. नवनीत पांडेय - 7903340844

बाउरी के नेतृत्व में भाजपा सदन से सड़क तक हेमंत सरकार को जनमुद्दों पर घेरेगी : बाबूलाल मरांडी

भाजपा ही करती है दलित आदिवासी और वंचित का सम्मानः अमर बाउरी

बाउरी ने पार्टी के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के नवनियुक्त नेता विधायक दल एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी बुधवार शाम रांची पहुंचे। रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर प्रदेश मंत्री, विधायक नवीन जायसवाल, समरी लाल, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, महामंत्री वरुण साहू आदि ने स्वागत किया। श्री बाउरी काफिले के शक्ल में प्रदेश कार्यालय पहुंचे। प्रदेश कार्यालय में श्री बाउरी का महिला मोर्चा की बहनों द्वारा पारंपरिक स्वागत किया गया। जबकि युवा मोर्चा ने मोटरसाइकिल जुलूस में श्री बाउरी की अगवानी की। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का पटका और पुष्प गुच्छ देकर श्री बाउरी का अपने कार्यालय कक्ष में स्वागत किया। श्री मरांडी ने कहा कि अमर बाउरी पार्टी के एक अनुभवी सिपाही हैं। पिछली रघुवर सरकार ने इन्होंने कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेवारी का सफलता निर्वहन किया है। इनके अनुभवों और योग्यता का लाभ पार्टी को मिलेगा। श्री मरांडी ने कहा कि सदन में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण है। और श्री बाउरी पार्टी के सभी विधायकों के साथ सदन से सड़क तक सरकार को जन मुद्दों पर घेरने में सक्षम हैं। उन्होंने श्री बाउरी के सफल और यशस्वी कार्यकाल की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ,प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट किया। श्री बाउरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो दलित, आदिवासी, पिछड़ा, वंचित, समाज की चिंता करती है। भाजपा में सबका साथ सबका विकास नारा नहीं बल्कि प्रतिबद्धता है, संकल्प है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित इंडी एलायंस की पार्टियों ने दलित, आदिवासी, पिछड़ा समाज को केवल वोट बैंक समझा, उनके सम्मान की चिंता नहीं की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर या बिरसा मुंडा को सच्चा सम्मान भाजपा की सरकार ने दिया। उन्होंने कहा कि एक दलित समाज के सामान्य कार्यकर्ता को बड़ा दायित्व देकर पार्टी ने बड़ा सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी की अपेक्षाओं और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की हर संभव कोशिश करूंगा। श्री बाउरी ने कहा कि लगभग चार वर्षों से हेमंत सरकार ने नेता प्रतिपक्ष के मामले को उलझा कर रखा था। जिससे राज्य को बड़ी क्षति हुई है। कई संवैधानिक पद सूचना आयुक्त, लोकायुक्त, महिला आयोग जैसे पद खाली रहने से जनता को न्याय से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता लगातार प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में हेमंत सरकार की जन विरोधी नीतियों, सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार ,खान खनिज की लूट,जमीन की लूट पर आंदोलन कर रही है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रदेश अध्यक्ष जी के मार्गदर्शन में पार्टी के विधायक सदन से सड़क तक हेमंत सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। हम तबतक चैन से नहीं बैठेंगे जबतक हेमंत सरकार को उखाड़ नहीं फेंके। स्वागत करने वालों में सांसद संजय सेठ, गंगोत्री कुजूर, महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, ऊषा पांडेय, प्रिया सिंह, कमाल खान, गुरविंदर सिंह सेठी, राजीव रंजन मिश्र, योगेंद्र प्रताप सिंह ललित ओझा, संजय जायसवाल, रविनाथ किशोर, उमेश रंजन साहू, रामलगन राम, रोमित सिंह, नीरज पासवान, कमलेश राम, युवराज पासवान, अनिल राम सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

पीएम विश्वकर्मा योजना से रोजगार, हुनर और कौशल को बढ़ावा देने की योजना : बाबूलाल मरांडी

रांची। भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। मरांडी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना गांव के पारंपरिक रोजगार हुनर और कौशल को बढ़ावा देने की योजना है। मरांडी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों को समर्थ बनाना, सक्षम बनाना और समृद्ध बनाना प्रधानमंत्री का मुख्य उद्देश्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना के लिए 13000 करोड़ रुपये अलग से आवंटित किए हैं। इस कार्यक्रम से जुड़ने वाले लोगों को एक सप्ताह और 15 दिन का प्रशिक्षण केटेगरी वाइज देकर उन्हें और भी कुशल बनाने का कार्य किया जायेगा। इस योजना के तहत प्रशिक्षण के बाद उपयोग में आने वाले टूल किट का भी प्रोत्साहन के रूप में वितरण किया जायेगा । उन्हें प्रमाण पत्र निर्गत की जायेगी। साथ ही उन्हें एक क्रेडिट कार्ड भी दिया जायेगा। सारी ट्रांजेक्शन डिजिटल माध्यम से ही की जायेगी। साथ ही सरकार इनके द्वारा बनाये गये वस्तुओं का मार्केटिंग की भी संपूर्ण व्यवस्था करेगी। इस योजना के तहत एक लाख से लेकर तीन लाख तक का लोन ले सकेंगे।

राज्य के प्रतीक्षारत 23 आइपीएस की पोस्टिंग

कुमार गौरव बने रांची के ट्रैफिक एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरकार ने झारखंड के 23 आइपीएस अधिकारियों की पोस्टिंग की है। इनमें से 13 आइपीएस ऐसे हैं, जो पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत थे। इसके अलावा 10 ऐसे अधिकारी हैं, जिनको डीएसपी से एसपी रैंक में प्रोन्नति मिली थी, लेकिन उन्हें एसपी रैंक के पद पर कहीं प्रतिस्थापित नहीं किया गया था। इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार की देर शाम जारी कर दी गयी।

कौन कहां गये

नाम	कहां थे	कहां गये
चंदन कुमार झा	प्रतीक्षारत	जैप प्रशिक्षण केंद्र पदमा
अनुरंजन किस्पोट्टा	प्रतीक्षारत	एसपी सीआइडी
अंजनी कुमार झा	प्रतीक्षारत	एसीबी एसपी
अंबर लकड़ा	प्रतीक्षारत	जैप 3 कमांडेंट गोविंदपुर
आनंद प्रकाश	प्रतीक्षारत	वायरलेस एसपी रांची
के प्रभात कुमार	प्रतीक्षारत	जैप 6 कमांडेंट जमशेदपुर
एहतेशाम वकारिब	प्रतीक्षारत	एसीबी एसपी रांची
आर रामकुमार	प्रतीक्षारत	एससीआरबी एसपी रांची
अमित रेनू	प्रतीक्षारत	एसपी नक्सल झारखंड
कुमार गौरव	प्रतीक्षारत	ट्रैफिक एसपी, रांची
मुकेश कुमार लुनायत	प्रतीक्षारत	जमशेदपुर सिटी एसपी
मनोज स्वर्गीयारी	प्रतीक्षारत	रेल एसपी धनबाद
शुभांशु जैन	प्रतीक्षारत	स्पेशल ब्रांच एसपी रांची
सरोजिनी लकड़ा	नवप्रोन्नत	जैप 2 कमांडेंट टाटीसिलवे रांची
एलमेड़ा एक्का	नवप्रोन्नत	एसआइआरबी 2 कमांडेंट खूंटी
सादिक अनवर रिजवी	नवप्रोन्नत	एसीबी एसपी रांची
अरविंद कुमार सिंह	नवप्रोन्नत	जैप 5 कमांडेंट देवघर
विकास कुमार पांडेय	नवप्रोन्नत	अधीक्षक सह उपनिदेशक झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग
विजय आशीष कुजूर	नवप्रोन्नत	सीटीसी एसपी मुसाबनी
अजय कुमार सिन्हा	नवप्रोन्नत	सीआइडी एसपी
सहदेव साव	नवप्रोन्नत	एसीबी एसपी रांची
अमित कुमार सिंह	नवप्रोन्नत	एसपी होमगार्ड रांची
मुकेश कुमार	नवप्रोन्नत	एसआइएसएफ कमांडेंट बोकारो

बारिश कम होने से किसान परेशान, सुखाड़ जैसी स्थिति : बंधु तिर्की

कांग्रेस नेता ने सीएम से प्रभावित किसानों को राहत देने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर सुखाड़ से किसानों को राहत देने का आग्रह किया है। पत्र में कहा है कि पिछले वर्ष 2022 में राज्य में हुए व्यापक सूखे के बाद इस वर्ष 2023 में भी सुखाड़ की स्थिति ने झारखंड के किसानों को परेशान कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी अपेक्षा से बहुत कम बारिश हुई है। जिसके कारण किसानों और ग्रामीण परिवारों के सामने विकट आर्थिक सहित अनेक संकट खड़े हो गये हैं। श्री तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की है कि राज्य सरकार सूखे का व्यापक सर्वेक्षण कर प्रभावित किसानों को अविलंब उचित राहत राशि देने के साथ ही उनके हित में व्यापक योजना जारी करे। श्री तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की है कि सूखे की स्थिति से निपटने के लिये जल्द से जल्द न केवल विशेषज्ञों की समिति का गठन किया जाये बल्कि उसे इस बात के लिये निर्देशित भी किया जाये कि किसानों और अन्य संबंधित लोगों से व्यापक विचार विमर्श कर वे सटीक रास्ता सुझायें जिससे ऐसी आपदाओं का मुकाबला किया जा सके। श्री तिर्की ने श्री सोरेन से अनुरोध किया है कि वह फसलों की बीमा के लिये आवेदन करने की घोषित अंतिम तिथि को 30 अक्टूबर से आगे बढ़ा दे ताकि अंतिम तिथि तक फसल बीमा की प्रक्रिया को आसानी से पूरा किया जा सके।

डीएसपीएमयू के विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार

वेबप्लस सोल्यूशन प्रा लिमिटेड के द्वारा विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव।

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। विगत दिनों डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में वेब प्लस सोल्यूशन प्रा लिमिटेड के द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से चयन प्रक्रिया आयोजित की गयी। इस चयन प्रक्रिया के उपरांत विश्वविद्यालय के 9 विद्यार्थियों का चयन उपरोक्त संस्थान के लिए कंटेंट राइटर एंड एडिटर और टेलीसीरीज एक्जीक्यूटिव के पद पर किया गया। चयनित विद्यार्थियों में सोनी कुमारी, अंशु कुमार राज, सुभाष चंद्र बानरा, सृष्टि कंवर, सुरभि राज, तुषार केशरी, रिया कुमारी, निधि कुमारी और अदिति रानी शामिल है। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इन नए विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए यह संदेश है कि जल्द ही आनेवाले दिनों में विश्वविद्यालय काफी व्यापक तौर पर यहां के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन करेगा ताकि उन्हें रोजगार प्राप्त हो सके। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने इन चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आशा है आप जहां भी जायेंगे, अपने कार्य के साथ विश्वविद्यालय का नाम भी रोशन करेंगे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री 2 नवंबर को आयेंगे गिरिडीह

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश धीरेंद्र शास्त्री का दरबार गिरिडीह में आगामी 2 और 3 नवंबर को लगेगा। यह कार्यक्रम गिरिडीह के दुखिया महादेव (दुखहरणनाथ धाम) में आयोजित होगा। कार्यक्रम की तैयारी अभी से ही शुरू कर दी गयी है। कार्यक्रम के आयोजक विनोद सिन्हा ने बताया कि धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ती हैं। दुखहरण नाथ धाम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भी गिरिडीह के साथ-साथ झारखंड - बिहार के लोगों का जमावड़ा लगना तय है। ऐसे में सुरक्षा को लेकर पूरी तैयारी अभी से शुरू कर दी गयी है।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में किया वृक्षारोपण

रांची (आजाद सिपाही)। स्वयंसेवी संस्था के तत्वावधान में बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कांके में स्कूली बच्चों, शिक्षकों और संस्था के पदाधिकारियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि प्रकृति ही ईश्वर है और प्रकृति में हरियाली के लिए वृक्षारोपण अति आवश्यक है। पेड़ पौधे से ही हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त होता है। संस्था के सचिव राहुल राज ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण की उपयोगिता को बतलाया, साथ ही ग्लोबल वार्मिंग की भी जानकारी दी। वहीं समाजसेवी शिव किशोर शर्मा ने संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना की। और कहा कि हर एक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा सुरक्षित स्थानों पर अवश्य लगाना चाहिए। तभी पर्यावरण में हरियाली रहेगा। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से विद्यालय के वार्डन रेशमा परवीन, सुमन केरकेट्टा, सरिता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, रश्मि कुमारी, अंजली गांगुली और संस्था के सचिव राहुल राज, अध्यक्ष संजय कुमार सहित मीनाक्षी सिंह, अदिति प्रिया, चन्दन कुमार, नयन परमार, रश्मि साहु, साक्षी, राज गुप्ता, सोनू पवार एवं समाजसेवी शिव किशोर शर्मा और अरुण कुमार मौजूद थे।

विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सीएम हेमंत सोरेन को मुड़मा मेला के लिये आमंत्रित किया

रांची (आजाद सिपाही)। मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मुख्यमंत्री से सचिवालय स्थित कार्यालय में मुलाकात कर ऐतिहासिक राजकीय मुड़मा मेला के लिये आमंत्रित किया। इस दौरान उनके साथ सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा भी मौजूद रहे। मुड़मा मेला का आयोजन 30 और 31 अक्टूबर को होगा। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया कि मुड़मा के ऐतिहासिक राजकीय मुड़मा मेला की न केवल जनजातीय समाज बल्कि सभी के लिये महत्वपूर्ण पहचान है। सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी मुड़मा मेला, आदिवासियों और झारखंड की भी समृद्ध संस्कृति एवं परम्परा का प्रतिनिधित्व करता है।

वाद-विवाद और क्यूज प्रतियोगता का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। हिन्दपीढ़ी स्थित केयूजी पब्लिक स्कूल में मंथन युवा संस्थान और सुईचओन फॉउंडेशन के द्वारा पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित वाद-विवाद और क्यूज प्रतियोगता का आयोजन किया गया साथ ही किचेन से निकलने वाले कचरे से छात्र-छात्राओं ने स्वयं स्कूल पर खाद बनाये इस प्रतियोगिता में पहला दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेटो एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर स्कूल के प्रींसीपल रिजवाना परवीन. शिक्षक और शिक्षिका ने अहम भूमिका निभायी। कार्यक्रम का संचालन मंथन युवा संस्थान के मो शकील राही ने किया। यह जानकारी संस्थान के सचिव सुनिल कुमार पाल ने दी।

कोर्ट परिसर से दिनदहाड़े मोटरसाइकिल की चोरी

चतरा (आजाद सिपाही)। स्थानीय व्यवहार न्यायालय परिसर से दिनदहाड़े मोटरसाइकिल की चोरी की घटना पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय लोगों के लिए चिंता की बात है। जानकारी के अनुसार कुन्दा निवासी सह जगरनाथपुर मध्य विद्यालय के सहायक अध्यापक कृष्णा कुमार गुप्ता खँ13उ/ 8298 की स्पलेंडर प्रो मोटरसाइकिल की कर ली। भुक्तभोगी ने बताया कि वह अपने निजी कार्य से वकील से मिलने गये थे। जब वह वापस लौटा तो मोटरसाइकिल गायब थी। इधर उधर काफी खोजबीन करने के बावजूद मोटरसाइकिल का पता नहीं चल पाया है।

झारखंड को जल्द मिलेंगे लोकायुक्त, सूचना आयोग और मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष

पिछड़ी जाति आयोग का गठन होने के बाद ट्रिपल टेस्ट का भी रास्ता होगा साफ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा विधायक अमर बाउरी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा मिलने के बाद अब राज्य के महत्वपूर्ण आयोगों और संवैधानिक पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं मिलने के कारण तीन साल 10 महीने से इन आयोगों के अध्यक्ष और सदस्यों के पद खाली पड़े हैं। अमर बाउरी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद अब राज्य सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त, पिछड़ा वर्ग आयोग जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियां होंगी और इन आयोगों के दफ्तरों में लंबित हजारों शिकायतों का निपटारा शुरू होगा।

मई 2020 से खाली है सूचना आयोग के अध्यक्ष का पद : झारखंड राज्य सूचना आयोग के अध्यक्ष और पांच सदस्यों का पद मई 2020 से खाली है। इतने समय में आयोग में पेंडिंग अपीलों की संख्या 15030 पहुंच चुकी है। इनमें 7658 अपील वैसे हैं, जिनमें मई 2020 से पहले एक या दो बार सुनवाई हो चुकी है, जबकि 7372 फ्रेश अपील हैं। 230 शिकायतवाद भी आयोग में पेंडिंग हैं। इनमें सुनवाई के लिए 71 और सूचना आयुक्त के अप्रूवल के लिए 159 शिकायतवाद शामिल हैं। उम्मीद है कि जल्द ही सूचना आयोग के खाली पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू होगी। राज्य सरकार को मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए 63 और पांच सूचना आयुक्त पद के लिए 354 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से बेहतर उम्मीदवारों का चयन होगा।

जून 2021 से लोकायुक्त का पद खाली है : झारखंड में लोकायुक्त का पद दो साल चार महीने से खाली है। 29 जून 2021 को झारखंड के लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय के निधन के बाद से यह पद खाली पड़ा है। लोकायुक्त नहीं होने के कारण कार्यालय में रिम्स डेंटल कॉलेज में डेंटल चेयर खरीद में भ्रष्टाचार सहित हजारों मामले कई वर्षों से लंबित पड़े हुए हैं।

2018 से नहीं हैं मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष : झारखंड राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पद पर भी जल्द ही नियुक्ति शुरू होगी। राज्य में 2018 से मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष का पद खाली है। झारखंड के मानवाधिकार आयोग में एक अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति होगी। जून 2023 में इसे लेकर विज्ञापन निकाला गया था। मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष नहीं होने के कारण कई सैकड़ों शिकायतें लंबित पड़ी हैं। पिछले पांच वर्षों में 3,361 से अधिक मामले लोकायुक्त के पास आये थे। इसमें से 2,200 से अधिक मुकदमों का निष्पादन हो चुका है। नेता प्रतिपक्ष के आने से यह पद भी जल्द भरेगा।

जनवरी 2023 से पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का पद खाली

झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष का पद जनवरी 2023 से खाली है। जस्टिस लोकनाथ प्रसाद के निधन के बाद से यह पद खाली है। आयोग के सदस्यों के भी पद खाली हैं। कैबिनेट ने ट्रिपल टेस्ट पिछड़ा आयोग से कराने की मंजूरी दी थी, लेकिन अबतक आयोग का गठन नहीं हुआ है। अब नेता प्रतिपक्ष के आने से आयोग के गठन का रास्ता साफ हो गया है।

बुड़मू प्रखंड के ट्रैक्टर ऑनर ने बालू उठाव से प्रतिबंध हटाने की गुहार लगायी

रांची (आजाद सिपाही)। बुड़मू प्रखंड के ट्रैक्टर ऑनर बालू उठाव पर लगे प्रतिबंध हटाने की मांग के संबंध में सोमवार को रांची स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय पहुंच ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा है कि बुड़मू प्रखंड अंतर्गत नदी से 10 जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी लगने के कारण सरकार के द्वारा सरकारी और गैर सरकारी तथा प्रधानमंत्री आवास का कार्य रूका हुआ है। 15 अक्टूबर के बाद भी विभागीय आदेश के कारण अभी भी बालू उठाव नहीं होने दिया जा रहा है, जिसके कारण सभी कार्य बाधित हैं। साथ ही प्रखंड के अन्तर्गत जितने ट्रैक्टर ऑनर हैं, उन लोगों के बीच भुखमरी की स्थिति बन गयी है। साथ ही कई लोगों की किस्त जमा नहीं होने के कारण बैंक के द्वारा गाड़ी खींचने की नौबत आ गयी है। इसलिये पूर्व की तरह उठाव की अनुमति दी जाये। इस मौके पर परमानंद तिवारी, राजू सिंह, अजय कुमार, मनीष कुमार साहू, रूपम कुमार, बबलू कुमार, पंकज राम सहित कई अन्य मौजूद थे।

संसद के पाले में गेंद

आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया। ऐसी जोड़ियों को गोद लेने का अधिकार भी नहीं मिला। इसी साल अप्रैल और मई में सुनवाई पूरी करने के करीब पांच महीने बाद मंगलवार को आया यह फैसला एलजीबीटीक्यू बिरादरी और उसके समर्थकों के लिए निराशाजनक कहा जायेगा। खासकर इसलिए भी कि 2018 में समलैंगिक रिश्तों को प्रतिबंधित करने वाली धाराएं सुप्रीम कोर्ट की ओर से खारिज किये जाने के पांच साल बाद उम्मीद की जा रही थी कि शीर्ष अदालत के दखल से समाज इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ेगा। वह संभव नहीं हुआ। हालांकि फैसले को देखने से यह भी साफ होता है कि सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक रिश्तों को किसी भी मायने में कमतर समझे जाने के पक्ष में नहीं है। फैसले में अलग-अलग तरह से यह बात रेखांकित की गयी है कि ऐसे रिश्ते बनाने वालों के साथ किसी भी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए और सभी सुविधाओं तक उनकी निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास किये जाने चाहिए। कोर्ट के फैसले का मुख्य आधार यह रहा कि इन शादियों को कानूनी मान्यता देने का सवाल विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। संवैधानिक लिहाज से यह आधार वाजिब है और अपनी सीमा का सम्मान कर सुप्रीम कोर्ट ने सही किया।

जब बतौर नागरिक दो वयस्क व्यक्ति अपनी इच्छा से संबंध बनाने और साथ रहने के हकदार हैं, तो उनके उस संबंध को कानूनी मान्यता भी मिलनी ही चाहिए।

लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या संसद इस दिशा में अपनी तरफ से पहल करके ऐसा कोई कानून बनायेगी? इसमें कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। जब बतौर नागरिक दो वयस्क व्यक्ति अपनी इच्छा से संबंध बनाने और साथ रहने के हकदार हैं, तो उनके उस संबंध को कानूनी मान्यता भी मिलनी ही चाहिए। इस दिशा में मौजूदा नियम-कानूनों की जो बाधाएं हैं, उन्हें दूर किया जाना चाहिए। यह काम संसद कर सकती है और उसे करना भी चाहिए। लेकिन जो तथ्य इस बारे में ज्यादा आशान्वित नहीं होने दे रहा, वह है मौजूदा सरकार का इस सवाल पर दिखा रुख। सरकार ने इस मामले में कोर्ट में दोहराया कि समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे कई तरह की कानूनी उलझनें पैदा होंगी। यही नहीं, उसका यह भी कहना था कि यह एक अभिजात्यीय और शहरी अवधारणा है और इस तरह का संबंध रखने वाले लोगों की संख्या देश में बहुत कम है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा कि इसे सिर्फ इस आधार पर शहरों तक सीमित अवधारणा नहीं कहा जा सकता कि ऐसे संबंधों के ज्यादातर उदाहरण शहरों में ही देखने को मिलते हैं। इसका कारण यह हो सकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में समाज के दबाव में लोग ऐसे संबंध खुलकर स्वीकार नहीं कर पाते। बहरहाल, इससे इतना तो स्पष्ट है ही कि संसद के मौजूदा बहुमत से इस दिशा में किसी कारगर पहल की उम्मीद नहीं की जा सकती।

अभिमत
आजाद सिपाही

हमने अपनी गुलामी के दिनों और आतंकियों के दिये जख्मों से भी कोई सबक नहीं लिया। हम आज भी खुद में मगन हैं। राष्ट्र की जिम्मेदारी तो सैनिकों की है, सरकार की है। हमारी यही सोच हमारे दुश्मनों को ताकत देती है। इसके उलट राष्ट्रहित में हद से पार की पीड़ा को भी सहन करने की ताकत के कारण यहूदियों पर दुनिया को भरोसा है कि हमास ने हमला किया, तो उसे भुगतना ही पड़ेगा।

देश के लिए अपनों की बलि भी कम...

नवीन कुमार

'आज यह स्पष्ट करना महत्वपूर्ण है कि परिवारों ने इजरायल के पीएम को क्या बताया और उन्होंने पूरे इजरायल राष्ट्र को क्या बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपना सिर ऊंचा रखना चाहिए और हमास के खिलाफ जो करना चाहिए, वह जरूर किया जाए। उनकी सहनशक्ति हमारी ताकत है। जो लोग सबसे ज्यादा दर्द सह रहे हैं, वे ही हमें सबसे ज्यादा ताकत दे रहे हैं।' दो दिन पहले इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय की प्रवक्ता ताल हेनरिक ने यह बात कही। भारत को इजरायल बनाने का सपना देखने वालों को इस बयान का मर्म ठीक से समझ लेना चाहिए। इस बात से अंदाजा लग जाता है कि क्यों दुनिया की एक अरब से ज्यादा मुस्लिम आबादी के भारी विरोध के बावजूद एक करोड़ से भी कम यहूदियों का यह देश कैसे बीते 75 वर्षों से अपनी जगह अटल है। इससे यह भी पता चलता है कि राष्ट्रहित में नागरिकों का व्यवहार कैसा होना चाहिए? यूं कहें कि नागरिकों का राष्ट्र के प्रति क्या दायित्व होता है, खासकर संकट के दिनों में? यह सबक खासकर हम भारतीयों को तो जरूर लेना चाहिए। आप कहेंगे, ऐसा क्यों? आखिर भारतीयों को ही क्यों सीख लेनी चाहिए? सीख तो चीनियों, जापानियों, पाकिस्तानियों, सबको लेनी चाहिए। हां, आप सही हैं। लेकिन हमने भारतीयों की बात इसलिए की, क्योंकि इजरायली पीएमओ की प्रवक्ता का बयान सुनते ही मेरे जेहन में 1999 के कंधार विमान हाइजैक कांड की याद आ गयी। इसके साथ ही एक सवाल भी कौंधा कि क्या भारत के दुश्मनों में इजरायल जैसा खौफ पैदा करने की ख्वाहिश रखने वाले हम भारतीय क्या इजरायली नागरिकों जैसा व्यवहार करते भी हैं?

यहूदियों से सीख लें तो भारत को इजरायल बनने से भला कौन रोक लेगा?

आइए, इसकी पड़ताल कर लेते हैं, उसी कंधार कांड में, जिसका जिक्र मैंने पीछे किया है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने 24 दिसंबर,1999 को इंडियन एयरलाइंस के विमान 814 का अपहरण कर लिया। आंतकी विमान को अफगानिस्तान के कंधार ले गये। उस वक्त भी अफगानिस्तान पर तालिबान का शासन था। आतंकियों ने विमान के 152 यात्रियों को बंधक बना लिया। उसके बाद बंधकों के परिजनों ने नागरिक के तौर पर क्या दायित्व निभाया? उन्होंने आतंकियों के सामने घुटने टेकने के लिए सरकार पर दबाव बनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। परिजन समूह बनाकर दिल्ली पहुंच गये और सरकार पर तरह-तरह के लांछन लगाने लगे। टीवी चैनल उनके हंगामों की लाइव टेलीकास्टिंग कर रहे थे।

स्वाभाविक है कि दुश्मनों को यह दृश्य बहुत अच्छा लग रहा होगा। एक बंधक के रिश्तेदार डॉ राजीव छिब्बर ने तो विदेश मंत्री जसवंत सिंह से पूरे गुस्से में कहा, तब अपहृत रूबैया के बदले आंतकवादी छोड़े गये थे, तो अब क्यों नहीं? ध्यान रहे कि रुबैया सइद पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सइद की बेटी हैं, जिन्हें आतंकियों ने अगवा कर लिया था। मुफ्ती मोहम्मद सइद तब देश के गृह मंत्री थे और उनकी बेटी को छुड़वाने के बदले खूंखार आतंकियों को रिहा किया गया था।

तब सरकार ने बंधकों के परिजनों से कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं से बात करवायी। उन वीरांगनाओं ने कहा था कि अगर आतंकियों की शर्तें मानीं गयीं, तो कई और महिलाएं विधवा बनेंगी। फिर भी अपहृतों के परिजनों पर कोई असर नहीं हुआ। वक्त बीतने के साथ-साथ सरकार के खिलाफ उनका गुस्सा बढ़ता ही जा रहा था। इधर, विपक्षी दलों ने भी इस गुस्से की आग में अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना ही सही समझा। सरकार पर यात्रियों को आतंकियों के कब्जे से किसी भी कीमत पर, गौर कीजिए, किसी भी कीमत पर छुड़ाने का दबाव बनाया गया।

सभी राजनीतिक दल इस पर सहमत हो गये कि कुछ भी करना पड़े, राष्ट्रहित की कितनी भी बलि देनी पड़े, अपहृतों को तो छुड़ाना ही है। सरकार के अंदर भी एक वर्ग ने चुनावी नुकसान के डर से बंधकों के परिजनों को संतुष्ट करने का जोरदार पक्ष लिया। नतीजतन कई दिनों के शर्मनाक घटनाक्रम के बाद हरकत-उल-अंसार के आतंकी मौलाना मसूद अजहर और उसके कुछ आतंकी साथियों के बदले बंधकों को रिहा करवाया गया। कितनी शर्मनाक बात है कि कोई और नहीं, बल्कि तत्कालीन विदेश मंत्री जसवंत सिंह खुद आतंकियों को लेकर कंधार गये।

सवाल है कि क्या देश के लिए सिर्फ सैनिक और उनका परिवार ही सर्वस्व न्योछावर करता रहे, हम आम नागरिकों का कोई दायित्व नहीं है? सवाल है कि हम अगर पहले रूबैया सइद अपहरण कांड में ही सख्त रुख अपना कर आतंकियों के सामने झुकने से इनकार कर देते, तो क्या कंधार कांड होता? क्या कंधार कांड में बंधक यात्रियों के परिजन थोड़े धैर्य और हिम्मत से काम लेते, राजनेता थोड़ी देर के लिए राजनीतिक नफा-नुकसान भूल कर राष्ट्रहित को तवज्जो देते, तो क्या भारत का सिर शर्मिंदगी से झुकता? लेकिन हमें हमेशा के लिए शर्मसार करने वाली यह दुखद घटना हुई।

हम एक नागरिक या नागरिक समूह के तौर पर यहूदियों के मुकाबले यहीं पिछड़ जाते हैं और फिर पिछड़ना क्या, कहा जाये, तो उनसे हमारा कोई मुकाबला ही नहीं है। हम ऐसे लोग हैं, जो सारा दायित्व सैनिकों और सरकारों पर छोड़कर अपने लिए सिर्फ अधिकारों की बात करते हैं। हमें दिन-रात चिंता है तो सिर्फ अपने अधिकारों की। दायित्व का तो हमें पता भी नहीं। ऐसे में भारत एक सशक्त और समर्थ राष्ट्र बने तो कैसे? राष्ट्र महज जमीन की चौहद्दी से नहीं बना करते। राष्ट्र बनते हैं वहां के लोगों से, वहां के नेताओं से, शासन-प्रशासन के प्रतिष्ठानों से।

यहूदी इस मामले में हमारी प्रेरणा हो सकते हैं। हमने अपनी गुलामी के दिनों और आतंकियों के दिये जख्मों से भी कोई सबक नहीं लिया। हम आज भी खुद में मगन हैं। राष्ट्र की जिम्मेदारी तो सैनिकों की है, सरकार की है। हमारी यही सोच हमारे दुश्मनों को ताकत देती है। इसके उलट राष्ट्रहित में हद से पार की पीड़ा को भी सहन करने की ताकत के कारण यहूदियों पर दुनिया को भरोसा है कि हमास ने हमला किया, तो उसे भुगतना ही पड़ेगा। क्या भारत को गंदी नजरों से देखने वालों को हम कभी यह संदेश दे पायेंगे कि भारत की बर्बादी का सपना देखने तक तो ठीक, लेकिन अगर सपना पूरा करने की दिशा में कोई कदम उठाया, तो धरती पर उनका नामों-निशां बाकी नहीं बचेगा? अगर जवाब नहीं है तो निश्चित रूप से हम बेपरवाह नागरिक समूह के नाते इस राष्ट्र पर बोझ हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

विधायक की पहल पर हो रहा परसुडीह क्षेत्र में विकास, जल्द होगा पार्क का निर्माण, सफाई अभियान शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

विधायक मंगल कालिंदी, पंकज सिन्हा और मानिक मल्लिक का भव्य स्वागत

जमशेदपुर। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के परसुडीह मखदुमपुर फाटक के पास गंदगी का अंबार लगने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र से गुजरने वाले में खास कर पैदल चलने वाले लोगों को बदबू के कारण नाक में रुमाल बांधना मजबूरी था। दो दिन पूर्व संज्ञान में आते ही क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी ने निरीक्षण कर सफाई करने व क्षेत्र के लोगों के लिए विधायक निधि से पार्क बनाने का आश्वासन दिए थे। बुधवार को विधायक के उपस्थिति में सफाई अभियान की शुरूआत की। मौके पर पंकज सिन्हा व मानिक मल्लिक मौजुत रहे। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक मंगल कालिंदी, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा व लक्ष्य संस्था के संस्थापक मानिक मल्लिक का भव्य स्वागत किया। मौके विधायक कालिंदी ने बताया दुगार्पूजा के पूर्व परसुडीह मुख्य सड़क मखदमपुर फाटक के समीप, विद्यासागरपली और हलुदबनी राव कॉलोनी में जे, सी, बी के माध्यम से सफाई अभियान चलाया जारहा है। ताकि लोगो को किसी तरह की परेशानी न हो। विधायक ने कहा क्षेत्र की छोटी बड़ी समस्या का समाधान करने का प्रयास लगातार की जारही आगे भी करते रहेंगे। कालिंदी ने कहा मखदमपुर फाटक के समीप दुर्गा पूजा के बाद भव्य पार्क का निर्माण कार्य भी शुरू होगा। जल्द ही वीर शहीद खुदीराम बोस के नाम पर पार्क बनकर तैयार होगा। ताकि परसुडीह क्षेत्र की जनता पार्क का आनंद उठा सके। इस अवसर पर मनोहर हुसैन, अरूणा एक्का, मनोज यादव, चिद्दू, संजय सिंह, निमाई, गोविंद स्वर्णकार, आशीष ठाकुर, मिलन मजूमदार, नवीन प्रसाद, महेश राव, बिल्टू सरकार, सोमनाथ मंडल, दिलशाद, चिडडा सहित सैकड़ो स्थानीय लोग शामिल रहे।

डीसी ने आदित्यपुर और गम्हरिया क्षेत्र का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

गम्हरिया (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले के डीसी रवि शंकर शुक्ला ने दुर्गा पूजा को देखते हुए शहर के श्रद्धालुओं व सैलानियों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसको लेकर अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये। बुधवार को डीसी रवि शंकर शुक्ला ने गम्हरिया प्रखंड का निरीक्षण किया। इससे पूर्व प्रखंड सभागार में अधीनस्थ मातहतो संग मंत्रणा की। उसके बाद आदित्यपुर व गम्हरिया के प्रमुख पूजा पंडालों के विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक, पार्किंग व रूट का भौतिक निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों से भी उन्होंने बातचीत कर उनके सुझावों को जाना। डीसी ने निरीक्षण के दौरान आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेन्द्र नारायण सिंह के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा जिस तरह से दुर्गा पूजा को सफल बनाने में अधिकारियों के साथ दिनरात लगे हैं वह काबिले तारीफ है। उन्होंने दुर्गा पूजा तक इसे जारी रखने की अपील की।

एसडीओ पारुल सिंह ने पदभार संभाला, शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा मनाने के लिए लोगों से की अपील

सरायकेला (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले में नये एसडीओ पारुल सिंह ने पदभार संभाले। बुधवार को उन्होंने निवर्तमान एसडीओ रामकृष्ण कुमार से पदभार ग्रहण किया। मौके पर निवर्तमान एसडीओ रामकृष्ण कुमार ने पुष्प कुछ देकर पारुल सिंह का स्वागत किया। साथ ही दुगार्पूजा के दौरान जिले में दायित्वो की निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं। श्री कुमार ने बताया जिले में 3 साल के कार्यकाल में काफी उपलब्धियां मिली है। अनुमंडल के लोगों का प्यार उन्हें मिलता रहा। लॉ एंड ऑर्डर से संबंधित हर मामलों को उन्होंने जिले वासियों के सहयोग से निभाया। वहीं पदभार ग्रहण करने के बाद पारुल सिंह ने निवर्तमान एसडीओ द्वारा किए गये जन उपयोगी कार्यों को आगे बढ़ाने व सरकार से मिले दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा पहली प्राथमिकता दुर्गा पूजा है। इससे निपटना बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा आज से ही अपनी जिम्मेदारियां में लगेंगे। ताकि पूजा के दौरान क्षेत्र के अनुमंडल के लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी ना रहे। उन्होंने क्षेत्र वासियों से दुर्गा पूजा के दौरान शांति पूर्वक पूजा सफल बनाने की अपील की। साथ ही आम लोगो को जिला प्रशासन का सहयोग करने की बात कही।

मानकी-मुंडा अधिकार पदयात्रा पहुंची जिला मुख्यालय, स्वागत

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। मानकी-मुंडा अधिकार पदयात्रा बुधवार को जिला मुख्यालय पहुची। जहा प्रदर्शन के बाद डीसी को सात सूत्री मांग पत्र सोपा। इससे पूर्व संघ के सैकड़ो सदस्यों ने जिला मुख्यालय पर नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। चार दिवसीय मानकी-मुंडा अधिकार पदयात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष सह मानकी रोशन पूर्ति ने किया। अलग अलग जगह में लोगो ने पदयात्रा का स्वागत किया गया। बुधवार को करनडीह चौक में एलबीएसएम कॉलेज के आदिवासी हॉस्टल के छात्रों, जिला पार्षद परितोष सिंह समेत अन्य ने पदयात्रा में शामिल लोगों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

एलबीएसएम कॉलेज इकाई की नयी कमेटी का गठन

आशुतोष अध्यक्ष, महासचिव सूर्या दास

आजाद सिपाही सवांददाता

जमशेदपुर। अखिल झारखंड छात्र संघ की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। एलबीएसएम कॉलेज में बैठक के दौरान कॉलेज इकाई का नए कमेटी गठन करने पर सहमति जताई गयी। बुधवार को आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि कोल्हान प्रभारी हेमंत पाठक शामिल हुए। मौके पर सभी के सहमति से एलबीएसएम कॉलेज इकाई में अध्यक्ष का पदभार आशुतोष कुमार को सौपा गया। वही महासचिव सूर्या दास, वरीय उपाध्यक्ष कृष्णा कुमार, कार्तिक्या, उपाध्यक्ष उदय बेहरा और अर्जुन यादव सचिव सुजल दास, कृष्णा पात्रो, कृष्णा दास,सह सचिव रोहन कुमार, विवेक कुमार, नेहा गुप्ता, कृपा नारायण सिंह, प्रभा पांडे,कोषाध्यक्ष राजा महाली,मीडिया प्रभारी पूजा रानी गोप, प्रीति मंडल, मीडिया सह प्रभारी संदीप कोर, दीक्षा कुमारी को पदभार सौपा गया। साथ ही कार्यसमिति सदस्य में संजू कुमारी, श्लोक वर्मा, आदित्य माहाली, राहुल रॉय, रिया चक्की, धर्मवीर कुमार, अंजलि कुमारी को बनाया गया। मौके पर कोल्हान प्रभारी हेमंत पाठक ने कहा आशुतोष कुमार के नेतृत्व में कॉलेज का संगठन मजबूती की ओर अग्रेसर है। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में छात्र संघ चुनाव में संगठन मजबूती से काम करेगी। इन्हीं के नेतृत्व में चुनाव कराया जायेगा। इस अवसर पर राजेश महतो, साहेब बागति, जगदीप सिंह, आयुष, राहुल ने संघठन की मजबूती पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कामेश्वर धन्यवाद ज्ञापन आयुष दास के द्वारा किया गया।

रांची एयरपोर्ट पर अमर बाउरी का स्वागत

आजाद सिपाही सवांददाता

जमशेदपुर। भाजपा विधायक दल का नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी छत्तीसगढ़ चुनाव प्रचार से रांची लौटने के दौरान बुधवार को एयरपोर्ट में जमशेदपुर के स्कूली मित्रों सहित महानगर भाजपा के पूर्व जिलाअध्यक्ष दिनेश कुमार ने गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया। बीते दिनों भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर विधानसभा सचिवालय से बतौर नेता प्रतिपक्ष के औपचारिक घोषणा के उपरांत अमर बाउरी झारखंड पहुंचें। वे संगठन के निर्देश पर छत्तीसगढ़ चुनाव प्रचार में शिरकत कर रहे थें। दिनेश कुमार ने कहा यह उनके लिए खुशी का अवसर है। प्रदेश भाजपा संगठन ने बचपन के मित्र को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा उक्त दायित्व को अमर बाउरी बखूबी से निभायेंगे।

इस अवसर पर अमरजीत सिंह राजा, अनिल कुमार, बिमल बैठा, संजय बेरा, गुरदेव सिंह गोलडी, अनिल गुप्ता, विनय कुमार, विकास सिंह, ओम प्रकाश, बिमल श्रीवास्तव, विजय सोय, आकाश श्रीवास्तव, सिरजु कुमार, रोशन शर्मा सहित अन्य शामिल रहे।

हर घर में नल से मिलेगा जल, प्रति व्यक्ति 55 लीटर मिलेगा पानी: मंत्री मिथिलेश

मंत्री ने समिति के लोगों को सम्मानित भी किया

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को मेराल प्रखंड के विभिन्न गावों में पूजा पंडाल का भ्रमण किया। मंत्री ने पूजा अर्चना कर गढ़वा के सुख, शांति, समृद्धि और विकास की कामना की। सभी पूजा पंडालां में सहयोग राशि भी प्रदान किया। मौके पर मंत्री ने अटौला स्थित शिव मंदिर मंडप एवं छपरवार स्थित देवी मंडप का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया। पूजा समिति के लोगों ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। साथ ही मंत्री ने समिति के लोगों को सम्मानित भी किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने उपस्थित लोगां को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता रानी का आशीर्वाद एवं गढ़वा के जनता के सहयोग से आज गढ़वा सहित पूरे राज्य में काफी तेजी से बेहतर विकास कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में पेयजल की काफी समस्या बनी रहती है। बहुत जल्द यह समस्या दूर होगी। आगामी दो साल के अंदर हर घर में नल से जल मिलेगा। पानी के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। मंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को 55 लीटर के हिसाब से पानी मिलेगा। यदि कभी 55 लीटर से कम प्रति व्यक्ति पानी मिले तो आप ठेकेदार को बांधकर घर में रख लें। यदि आपको पूरा पानी नहीं मिलता है, तो ठेकेदार का भी खाना पानी बंद कर दें। उन्होंने कहा कि अपना हक एवं अधिकार लेने के लिए ग्रामीणों को जागरूक होना पड़ेगा। अपना अधिकार लड़कर लेना होगा। मंत्री ने कहा कि जब तक हर घर में नल से जल नहीं पहुंचता है तब तक के लिए उन्हांने मुख्यमंत्री से लड़कर प्रत्येक पंचायत में 10-10 चापाकल लगवाने की व्यवस्था किया है। इसका टेंडर भी हो चुका है। यथाशीघ्र चापाकल लगाने का कार्य पूर्ण होगा। ऐसा नहीं होगा कि झामुमो के नेता, कार्यकर्ता हैं, विधायक के आदमी हैं तो उनके आंगन में चापाकल लगे। ऐसा कभी नहीं होगा। जहां जरूरत हो वहीं लगेगा। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, मेराल प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे।

मंत्री के कार्यों से प्रभावित हो 50 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को मेराल प्रखंड के छपरवार खुर्द, चेचरिया, खोरीडीह, विकताम, अरंगी, पढुआ, लोवादाग, संगबरिया, तेनार, बस स्टैंड मेराल (मेराल पश्चिमी), मेराल पूर्वी, गांदा, अरंगी, करकोमा, हासनदाग, गेरूआ, बाना आदि पंचायतों के विभिन्न गावों में स्थित पूजा पंडालां का भ्रमण किया। इस दौरान मेराल प्रखंड के छपरवार खुर्द दुर्गा पूजा पंडाल भ्रमण के दौरान विभिन्न पार्टियों के 50 से अधिक कार्यकताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे ने सभी को माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया। लोगां ने मंत्री श्री ठाकुर के विकास के कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से खोलरा ग्राम निवासी हरिलाल चौधरी, ओमप्रकाश चौधरी, रूकम चौधरी, हरिशंकर चौधरी, पिंटू चौधरी, बिकेश चौधरी, राधा चौधरी, चेचरिया निवासी सकुंती देवी, सुचिता देवी, संजू देवी, सरिता देवी, सुमन, रीता देवी, शांति देवी आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, मेराल प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, सचिव राजेश बैठा, सुड्डू, मिथिलेश, राजेंद्र चौधरी, धर्मराज, दयानंद तिवारी, उदय, नंदू तिवारी, धर्मेंद्र, गंगा चंद्रवंशी, रमेश, लालबिहारी, अवधेश, ब्रजेश चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय से होकर गुजरी एनएच 75 सड़क पर अतिक्रमण हटाने के लिए अंचलाधिकारी वासुदेव राय बुलडोजर के साथ भगत सिंह चौक से अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने को लेकर सीओ के निर्देश पर अंचल निरीक्षक राजकुमार सिंह के नेतृत्व में गुलरही बांध से लेकर शहीद भगत सिंह चौक तक दो दिन पूर्व मापी करते हुए अतिक्रमण हटाने को लेकर मार्किंग किया गया था। अतिक्रमण के जद्द में आने वाले लोगों को अस्थायी कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया था। मौके पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, प्रभारी अंचल निरीक्षक राजकुमार सिंह, मापी अभियान में हल्का कर्मचारी दिवाकर सिंह, अंचल अमीन कुंदन ठाकुर, अवर पुलिस निरीक्षक मुकेश कुमार, वीरेंद्र ने अपने दल बल के साथ मौजूद थे।

दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो नाबालिग सहित तीन गंभीर

केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहिया समता उच्च विद्यालय पंडा नदी पुल के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकुंदपुर गांव निवासी जयराम पासवान के 18 वर्षीय पुत्र पंकज पासवान एवं जयकुमार पासवान के12 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार अपने गांव मुकुंदपुर बाइक से केतार जा रहा था। वही नवाडीह गांव निवासी शाकिर अली के 16 वर्षीय पुत्र शाहिद अंसारी केतार बाजार से बाइक चलाकर अपने घर नवाडीह जा रहा था। इसी बीच लोहिया समता उच्च विद्यालय के समीप अनियंत्रित होकर दोनों बाइक आपस में टकरा गए जिसमें पंकज पासवान का दाहिना हाथ एवं पैर बुरी तरह से टूट कर छतिग्रस्त हो गया वही छोटू कुमार एवं शाहिद अंसारी को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटे लगी है। आनन-फानन में चलते राहगीरों के सहयोग से डॉ निशंक निश्म के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहा प्राथमिक उपचार कर उक्त डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर रेफर कर दिया। खबर लिखे जाने तक तीन युवकों में एक की हालत गंभीर बतायी जा रही है वही दो सामान्य स्थिति में इलाजत हैं।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने नियम संगत जांच कर पिछला आदेश पत्र किया विलुप्त

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने बुधवार को अपने द्वारा निर्गत आदेश पत्र 739 दिनांक 17-10-2023 को विधिवत जांच के आधार पर लुप्त कर दिया है। गौरतलब हो की उपायुक्त गढ़वा के निर्देशानुसार वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत केतार प्रखंड क्षेत्र के सभी ग्राम स्तर पर वन समिति गठन हेतु सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। जहा मुकुंदपुर पंचायत के बेलाबार ग्राम सभा से महिला को वन समिति का अध्यक्ष चयन होने पर तथाकथित कुछ लोग नियम विरुद्ध एतराज कर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ को पुनः चुनाव कराने की बात कही थी। उक्त मामले को सही मानकर श्री मछुआ ने चुनाव के लिए आदेश पत्र जारी कर दिया था उसी के आलोक में वन समिति में चुने गए सभी सदस्य, स्थानीय गांव के वार्ड सदस्य सहित सैकड़ो ग्रामीण मुख्यालय पहुंचे। जहां बीडीओ ने नियम संगत जांच कर और सभी सदस्यों के सहमति के आलोक में निकाले गए आदेश पत्र को लुप्त कर दिया है। इस मौके पर वन समिति के अध्यक्ष जमीला बीवी, वार्ड सदस्य कसमुद्दीन अंसारी, स्वयंसेवक राज किशोर, योगेंद्र, अवधेश, आमना, असीमा, जुबेदा, सुबास सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

कार्यपालक पदाधिकारी ने होल्डिंग टैक्स को लेकरकी समीक्षात्मक बैठक

मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत मझिआंव के कार्यालय परिसर में कार्यपालक पदाधिकारी एवं स्पैरो सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा होल्डिंग टैक्स वसूली की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि नगर पंचायत मझिआंव में राजस्व की वसूली की प्रगति काफी धीमी है जिसको लेकर सभी कर्मचारियों पर नाराजगी व्यक्त की गयी और कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि टीम के सभी सदस्य धृति कर संग्रहण हेतु प्रत्येक धृतिकरदाता के घर-घर तक पहुंचे साथ ही नगर पंचायत मझिआंव के सम्मानित नागरिकों से ससमय धृति कर चुकाने हेतु अनुरोध किया गया मौके पर नगर प्रबंधक जितेश कुमार स्पैरो सॉफ्टेक के जितेंद्र कुमार, रोहित कुमार राकेश कुमार सिन्हा और विकास सिंह उपस्थित थे।

शारदीय नवरात्र में राम कथा के आयोजन का चौथा दिन

हरिहरपुर(आजाद सिपाही)। हरिहरपुर बस्ती में दुर्गा मंदिर के प्रांगण में चल रहे दस दिवसीय रामचरितमानस सह राम कथा के चौथे दिन गुप्त काशी से पधारे कथा वाचक आचार्य सौरभ भारद्वाज जी के द्वारा प्रवचन हर दिन सायं चार बजे से प्रारंभ होता है। पंडाल में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को श्री राम कथा की व्यापकता पर दक्षतापूर्वक प्रकाश डाला। इस शारदीय नवरात्र में राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके उपरांत उन्होंने राम कथा में कैकई माता के चरित्र पर चर्चा करते हुए कहा रामकथा में कैकई का चरित्र अनुकरणीय रहा है । यह कथा राम के आदर्श झलकती है । सत्ययुग और द्वापर युग में 11 शक्ति महिलाएं हुई है। जो साधु संतों के सम्मान को रक्षा करने में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि राजा दशरथ कैकई को वरदान नहीं दिये होते तो राम का बनवास नहीं जाते तथा पृथ्वी से राक्षस राज्य का खात्मा नहीं होता। राम के 14 वर्ष वनवास के उपरांत आततायी रावण का संहार भी नहीं होता। कैकेयी के जिद से ही संत महात्माओं की रक्षा हो। उस काल में समाज भले ही केकई को राम के वनवास काल के दोषी माने। परंतु रामायण में कैकई चरित्र की बराबर चर्चा होती रहेगी। राम कथा के दौरान भरत चरित्र , सुग्रीव राम और राम के लीलाओं का विस्तार रूप से चर्चा की। पूजा कमिटी के सदस्यों ने बताया कि इस स्थलपर पहुंचने वाले भक्त से अनुरोध है कि मद्यपान का सेवन कर स्थल पर नहीं आना है।

'मेरी माटी मेरा देश' चरण 2 के तहत अमृत कलश यात्रा और विचार संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। विशुनपुरा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार का स्वायत्तसाशी संस्था नेहरू युवा केंद्र गढ़वा विशुनपुरा के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय मेरी माटी मेरा देश चरण 2 के तहत अमृत कलश यात्रा और विचार संगोष्ठी का आयोजन राज राजेंद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय विसुनपुरा के प्रांगण में किया गया। इसके पूर्व थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा व सदर पंचायत,अमहर पंचायत के मुखिया सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूवात की गयी। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत से वीर शहीदों के सम्मान में लायी गयी को मिट्टी को बड़ी कलश में संग्रहित की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा को नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पूजा सिंह, दिव्या सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को लेकर मंच का संचालन करते हुए पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि सत्यम प्रकाश ने कहा की गौरव की बात है, कि हम सभी देश की आजादी के 75 वे वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। और यह मौका हमें मिल रहा है, कि हम शहीदों के सम्मान में अपने घर और आसपास की मिट्टी का संग्रह कर शहीदों के सम्मान में बनने वाले स्मारक का हिस्सा बन सके। इस कार्यकर्म को लेकर सभी पंचायत से आये विभिन समूह की सैकड़ो महिलाएं के बीच नेहरू युवा केंद्र के द्वारा पौधा वितरण भी किया गया। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष उर्मिला देवी मुखिया ललित नारायण सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह जेएसएलपीस बलॉक एडमिन नागेंद्र पाल महिला समूह के स्नेह लता, आरती देवी, रीना देवी अनिता देवी, ममता देवी,रूपम देवी, संगीता देवी, रीमा देवी, रुक्मिणी देवी, सरस्वती देवी, के साथ महिला समूह के सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

पुस्तकालय किसी भी संस्था की आत्मा होती है : प्राचार्या

बालकों को विद्यालय भेजने के लिए और शिक्षा से संबंधित बात पर जोर दिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में भारत सरकार और एनसीटीई के निर्देशानुसार निकटस्थ पुस्तकालय का भ्रमण के आधार पर बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय का अवलोकन पुस्तकालय अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के द्वारा कराया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने प्रशिक्षुओ को बताया कि पुस्तकालय किसी भी संस्था की आत्मा होती है और पठन-पाठन के दौरान पुस्तकालय का विशेष महत्व होता है। तथा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम के तहत फरठिया गांव के मलिन बस्तियों में जाकर प्रशिक्षुओ द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें प्रशिक्षु रविशंकर मेहता द्वारा बालकों को विद्यालय भेजने हेतु और शिक्षा से संबंधित बात पर जोर देते हुए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षु संदीप कुमार ने सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी लोगों को दी, प्रशिक्षु सोनू कुमार ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक किया, प्रशिक्षु अंजनी कुमारी ने महिला शिक्षा से संबंधित जानकारी दी, प्रशिक्षु पूजा सिंह और शहनाज प्रवीण ने लोगों को अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया, प्रशिक्षु वीरेंद्र और अभिजीत ने आधार कार्ड बनवाने संबंधी नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक आनंद कुमार चौबे ने लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं और उनको शिक्षा से वंचित न किया जाये। सहायक प्राध्यापक अभिमन्यु शुक्ला ने आधार बनाने के क्रम में आने वाली बाधाओ को दूर करने का उपाय बताते हुए लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों में जनार्दन, अरविंद तिवारी, आनंद कुमार चौबे, अभिमन्यु शुक्ला, ओमप्रकाश उपस्थित रहे, जिसमें शिक्षकेतर कर्मचारियों में सुधीर कुमार धर दुबे और बीएन सिंह उपस्थित रहे। पुस्तकालय भ्रमण और सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक शशिकांत सिंह यादव के द्वारा किया गया।

नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया

भंडारिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित दिन बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में भंडारिया झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो प्रखंड कमेटी के सदस्य प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की के अगुवाई में नव पद स्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विकास कार्यो में तेजी और प्रधानमंत्री आवास व बिरधा विधवा पेंशन में तेजी लाने की बातें कहीं सम्मानित करने में झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष रवि शंकर कश्यप जिला कार्य समिति सदस्य लाजारूस तिर्की मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद अर्जुन राम अर्जुन मिंज मनराखन सिंह आदि उपस्थित थे।

भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए भेजा गया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय को शीर्ष नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए भेजा है। जहां वे आदिम जनजाति बहुल ओरछा मंडल में चुनाव प्रचार प्रसार किया। उन्होंने आजाद सिपाही को फोन पर बताया कि यह क्षेत्र भाजपा शासन से पहले विकास से कोसों दूर था।वैसे अबूझमाड़ के कुरुषनार शक्ति केन्द्र पर मंडल अध्यक्ष प्रताप मंडावी जी के अध्यक्षता में वहां के आदिम जनजाति भाई बहनों के बीच बैठकर उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वहां के लोगों के द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि उनके आत्मीय स्वागत एवं प्रेम से अभिभूत हूं। इस अवसर पर कार्यक्रम में कंडारी पंचायत के सरपंच श्रीमती कमलाई पोटई, उप-सरपंच सत्यनारायण उसेंडी,रानूराम दुग्गा, राजेश करंगा, श्रीमती शांति नेताम, संहेर करंगा, सेमारी करंगा, धनंजय तिवारी, अभिषेक झा, विजय चौबे और उस शक्ति केंद्र के मतदाता लोग उपस्थित थे।

हरिनाम के बिना व्यक्ति का जीवन निरर्थक: सुश्री गुंजन किशोरी

दुगार्पूजा के अवसर पर बाबा सोमनाथ मंदिर में तृतीय पूजा पर प्रवचन

आजाद सिपाही सवाददाता

गढ़वा। व्यक्ति दुख में भगवान को याद करते हैं। जब हम सुख की घड़ी में भगवान को याद करें तो गोविन्द हमारे साथ होंगे और उनकी साक्षात कृपा नजर आएगी। प्राणियों को भगवान का सुमिरण सुख में ही करना चाहिए। उक्त बातें कथा वाचिका सुश्री गुंजन किशोरी ने मंगलवार की रात्रि दुर्गा पूजा के तृतीया के अवसर पर शहर के सहिजना स्थित बाबा सोमनाथ मन्दिर परिसर में अपने प्रवचन के दौरान कही। उन्होने कहा कि दुख में सुमिरण सब करे पर सुख में करे न कोय, जो सुख में सुमिरण करे तो दुख काहे का होय। सुश्री किशोरी ने कहा कि जब हम सुख में प्रभु को याद करना प्रारंभ कर दें तो गोविन्द की कृपा से हम बड़े से बड़े दुख को सहजता से पार कर जायेंगे। जीवात्मा को हरिनाम के बिना अपने जीवन को नीरर्थक समझना चाहिए। व्यक्ति को अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए हरिनाम की भक्ति अवश्य करनी चाहिए। उन्होने कहा कि भागवत भक्ति हमें कठिनाईयों, कष्टों, संकटों से लड़ने का सामर्थ्य देती है। भगवान के भक्त कठिनाई में फंस कर भी कभी अपने मार्ग से विचलित नही होते। ह्यह्यमुसीबत में शरीफों की शराफत कम नही होती, करो सोने के सौ टुकड़े तो कीमत कम नही होतीह्यह्य। उन्होने कहा कि व्यक्ति को सदा सतकर्म करना चाहिए। बुरे कर्म करने से व्यक्ति राक्षसी वृति को धारण कर लेते हैं। दशासन रावण परम ज्ञानी होते हुए भी राक्षस कहलाया जिसका कारण यही था कि उसके कर्म अच्छे नही थे। उन्होने कहा कि व्यक्ति को जीवन में गलत कार्यो से बचना चाहिए। हमारे बुरे कर्म ही हमे समाज में नीचा दिखाती है। समाज में यदि व्यक्ति का सम्मान, पद-प्रतिष्ठा छीन ली जाए और उसका सामाजिक बहिष्कार कर दिया जाए तो ऐसा प्राणी जीते जी शव के समान हो जाता है। इसके पूर्व मुख्य यजमान दयानिधि मिश्र उर्फ बबलु मिश्र एवं रंजु देवी ने व्यास पीठ का विधिवत पूजा अर्चना किया तत्पश्चात प्रवचन प्रारंभ किया गया।

इस मौके पर मंदिर समिति के रंगनाथ पांडेय, अखिलेश तिवारी, धरणीधर प्रसाद, अजय सिन्हा, मुन्ना तिवारी, नवल किशोर श्रीवास्तव, अभय सिन्हा, विजय मिश्र, रामाधार दुबे, सुमेर उपाध्याय, उमेश सिंह समेंत बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

समाहरणालय, सिमडेगा।
(जिला समाज कल्याण शाखा)
ई–मेलः– awc5.monitoring@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष– 2023–24 में राज्य योजनान्तर्गत आँगनबाड़ी केन्द्रों के 03 से 06 वर्ष के बच्चों को गर्म पोशाक उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त आवंटन से सिमडेगा जिला अन्तर्गत 07 परियोजनाओं में आपूर्ति हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्त्ता/संस्थान/निर्माता से मुहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता द्वारा द्वी बिड पद्धति के अनुरूप मुहरबन्द लिफाफे में तकनिकी एवं वित्तीय अंश को अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय में दिनांक – **27.10.2023** को **01:00 बजे अपराह्न** तक जमा किया जायेगा। प्राप्त निविदा को दिनांक – **27.10.2023** को अपराह्न **03:00 बजे** निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष उपायुक्त, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोला जाएगा।

I. उपर्युक्त दर्शायी गई सामग्रियों की सूची, नियम एवं शर्तें जिले के वेवसाईट www.simdega.nic.in एवं जिला समाज कल्याण के सूचना–पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 309425 (Simdega) 23-24 (D)

उपायुक्त,
सिमडेगा।

काम करने वाली एजेंसी को सड़क पर जगह-जगह बनाये गये गड्ढों को 22 अक्टूबर तक भरने का निर्देश

खूंटी शहरी जलापूर्ति का निर्माण जल्द पूरा करायें अधिकारी: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को नगर निकाय की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें शहरी जलापूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और राजस्व संबंधित विभागों द्वारा की गयी कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को डीसी ने कई जरूरी निर्देश भी दिया। कहा कि शहरी जलापूर्ति योजना, खूंटी विश्व बैंक संपोषित सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके पूर्ण होने से खूंटी नगर निकाय को सहज रूप से शुद्ध पेयजल प्राप्त होगा। डीसी ने कार्य एजेंसी को शहरी जलापूर्ति के कार्य की गति में तेजी लाने का निर्देश दिया।

समारहणालय सभागा में पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी लोकेश मिश्रा।

उन्होंने कार्य एजेंसी को शहरी जलापूर्ति के कार्य के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क पर जगह-जगह बनाये गये गड्ढों को 22 अक्टूबर तक भरने का निर्देश दिया। वहीं, नगर प्रबंधक ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की प्रगति के विषय में विस्तार से कार्य प्रगति की जानकारी दी। इस पर डीसी ने निर्देश दिया कि योजना के तहत लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सोलिड वेस्ट का यथोचित निस्तारण किया जाना चाहिए। डीसी ने नगर पंचायत के अधिकारियों से कहा कि दर्गा पूजा के दौरान सफाई का विशेष प्रबंध करें। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान व नगर पंचायत के अधिकारी मौजूद थे।

मारंगहादा में किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

खूंटी (आजाद सिपाही)। स्थानीय स्तर पर समय पर इलाज की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से डीसी लोकेश मिश्रा ने बुधवार को मारंगहादा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की उचित देखभाल के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा से ही स्वस्थ्य समाज का निर्माण होगा। इसके लिए ग्रामीण इलाके में स्वास्थ्य केंद्र का संचालन जरूरी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र का उचित संचालन, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता एवं संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। यह ध्यान रखें कि केंद्रों पर इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीज को उचित चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने से इस इलाके के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। मारंगहादा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अब मरीजों को दाखिला करने की भी सुविधा होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन भी लगाई जाएगी।

हार्ट के मरीजों के लिए वरदान साबित होगा कैथ लैब मशीन : सुदेश महतो

रांची की जगह अब ग्रामीण सुदूर इलाके में ही आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा मिलना बड़ी बात : सांसद चंद्रप्रकाश

एक ही नर्सिंग होम में सभी तरह की बीमारियों का इलाज होना अहम : विधायक लंबोदर महतो

स्वरूप भट्टाचार्य

सिल्ली (आजाद सिपाही)। मुरी स्थित सिंगपुर नर्सिंग होम में कैथ लैब मशीन का उद्घाटन गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक लंबोदर महतो एवं आजसू सुप्रीमों सुदेश महतो ने शिलापट्ट अनावरण कर व फीता काटकर किया। गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि इस ग्रामीण सुदूर क्षेत्र में नर्सिंग होम की ओर से लोगों को सारी सुविधाएं मिल रही है। लोग रांची इलाज करने के लिए जाते थे। अब सुविधा इस नर्सिंग होम द्वारा दिया जा रहा है। सबसे बड़ी बात है कि आयुष्मान कार्ड से लोगों का इलाज आसानी से हो पा रहा है। वहीं, गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि ग्रामीणों को एक ही नर्सिंग होम में सारी बीमारियों का इलाज हो जाना अहम है। इस क्षेत्र के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम का योगदान सराहनीय है। नर्सिंग होम के निर्देशक डॉ रमनेश प्रसाद को धन्यवाद देता हूं कि दिन प्रतिदिन

मशीन का शिलापट्ट अनावरण करते सांसद, विधायक व अन्य।

बीमारियों से लड़ने के लिए एक से बढ़कर एक विशेषज्ञ डॉक्टर एवं मशीन लगाया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। दूसरी ओर सिल्ली विधायक सह आजसू सुप्रीमों सुदेश महतो ने कहा कि सिल्ली में सरकारी अस्पताल है जहां लोगों को सुविधा मिलती है। मगर दूसरा स्थान सिंगपुर नर्सिंग होम का क्षेत्र में होना बहुत बड़ा महत्व रखता है। हम चाहेंगे कि ग्रामीणों का इलाज बेहतर हो। नर्सिंग होम की ओर से मशीन की मदद से सारी सुविधाएं दी जाती है उसे और आगे बढ़ाने की जरूरत है, ताकि लोग रांची आने-जाने से बच सके। अभी ज्यादातर मृत्यु मरीजों की हार्ट अटैक से होती है। इस मशीन से हार्ट के मरीजों का इलाज हो सकेगा। इस क्षेत्र में हार्ट अटैक के मरीजों का इलाज रांची के रिम्स अस्पताल को छोड़कर कहीं और नहीं था। आज का दिन यहां के ग्रामीणों के लिए बहुमूल्य है। अंत में नर्सिंग होम के निदेशक डॉ रमेश प्रसाद ने बताया कि जल्द ही आयुष्मान कार्ड से भी हार्ट के मरीजों का इलाज होगा। इस मौके पर सुनील सिंह, जयपाल सिंह, पुष्पा देवी, रत्नेश प्रसाद, प्रकाश महतो, गोपाल महतो, विकास महतो, नीतू देवी, संतोष कुमार, दिनेश कुमार महतो, संदीप कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

डीडीसी ने हेल्थ ऑन व्हील्स वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

खूंटी (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और ग्लेनमार्क फाउंडेशन अपने भागीदार बेटर वर्ल्ड फाउंडेशन के सहयोग से बुधवार को हेल्थ ऑन व्हील्स कार्यक्रम की शुरूआत की। डीडीसी नीतीश कुमार सिंह ने हेल्थ ऑन व्हील्स वैन को जिला समाहरणालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हेल्थ ऑन व्हील्स कार्यक्रम मातृ एवं शिशु रुग्णता, मृत्यु दर और कुपोषण को कम करने के लिए गर्भवती और धातृ माताओं के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देनेवाला 1000 दिनों का कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य खूंटी के सुदूरवर्ती इलाकों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की पहचान और स्क्रीनिंग किया जाना है। इससे पहले कि वे गंभीर रूप से बीमार हो जाएं। प्रारंभिक पहचान कर उन्हें उचित स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाएगी। वैन में डॉक्टर, पैरा मेडिकल स्टाफ और परामर्शदाताओं की टीम द्वारा गर्भवती माताओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और छह साल से कम उम्र के बच्चों के लिए समुदाय स्तर पर क्लीनिक संचालित किया जाएगा। मेडिकल वैन में चिकित्सा जांच, परामर्श और आवश्यक दवा की सुविधा उपलब्ध है।

मुरहू से अमृत वाटिका भेजी गयी जवानों के गांवों की मिट्टी

खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू प्रखंड परिसर से बुधवार को धूमधाम के साथ जिला पंचायती राज पदाधिकारी और नजारत उप समाहर्ता के नेतृत्व में नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी को मुरहू प्रखंड के विभिन्न स्थानों से एकत्र की गई पवित्र मिट्टी का कलश सौंपा गया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मुरहू प्रखंड के वीर जवानों-सपूतों के गांवों की पवित्र मिट्टी को कलश में भरकर पंचायत प्रतिनिधि, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों, मुखिया, शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थितिओं की उपस्थिति कलश को नेहरू युवा केंद्र को सौंप दिया। इसे लेकर नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी दिल्ली अमृत वाटिका ले जायेंगे। जवानों की मातृ भूमि की मिट्टी को अमृत वाटिका में वृक्षारोपण के साथ उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री की अमृत योजना का समापन होगा। पवित्र मिट्टी को भेजने कों लेकर पूरे प्रखंड के लोग काफी उत्साहित थे। इसकी जानकारी उप प्रमुख अरूण साबू ने बुधवार को विज्ञप्ति जारी कर दी।

बचरा दक्षिणी पंचायत में वनाधिकार समिति का गठन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। बचरा दक्षिणी पंचायत अंर्तगत बाजारटांड स्थित हनुमान मंदिर में मुखिया रीना देवी की अध्यक्षता में ग्रामसभा आयोजित की गयी। ग्रामसभा में पंचायत के कई विकास कार्यों पर चर्चा की गई। इस दौरान चतरा डीसी के निर्देश पर बचरा दक्षिणी पंचायत में वनाधिकार समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष हीरा राम और सचिव सबिता देवी को बनाया गया। इसके अलावे मिनी देवी, मंगल सिंह, राजकुमार सिंह, पुष्पा देवी, रामनंदन राम, शालीग्राम सिंह आदि को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर वार्ड सदस्य रामनंदन राम, सरदार बक्शी सिंह, श्रवण कुमार, सुमीत कुमार, संजीत ठाकुर, राजकुमार, हीरा राम, उमेश मेहता, कृष्णदेव प्रसाद आदि मौजूद थे।

पिपरवार पुलिस ने बचरा दुर्गापूजा समिति के सदस्यों के साथ की बैठक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के सार्वजनिक दुर्गापूजा पंडाल में बुधवार को पुलिस ने पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। इस दौरान पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो ने पूजा एवं मेला से संबंधित कई बातों पर विचार विमर्श किया। पूजा समिति द्वारा बनाए गए वालंटियर समिति के सदस्यों का परिचय लिया गया। बैठक में शराब पीकर उत्पाद मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा पंडाल में पूजा के लिए महिलाओं के लिए अलग व्यवस्था सहित अन्य बातों पर चर्चा की गई। बैठक में पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विद्यापति सिंह, कार्यकारी सचिव राजेंद्र गुप्ता, अनिल सोनी, मंगल सिंह, संतोष यादव, रविंद्र सिंह, प्रमोद प्रसाद, पिंकी सिंह, राम बच्चन यादव, सुभाष साव, लक्ष्मण मंडल, संतोष ठाकुर आदि थे।

भाजपा की बैठक में लोगों ने बतायीं समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता

अड़की। प्रखंड के जोजोहातु गांव में बुधवार को अड़की भाजपा कार्यसमिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सागर सिंह मुंडा ने की। बैठक में खूंटी जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज गुप्ता, एसटी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगरनाथ मुंडा, अड़की सांसद प्रतिनिधि अनुप साहू भी शामिल हुए। बैठक सरगेया पंचायत व ऊपर बलालोंग पंचयात में हो रहे विभिन्न जनसमस्या को लेकर की गयी। जिसमें ग्रामीणों द्वारा मांग की गई की तत्काल गुरुबेड़ा से जोजोहातु तक कम से कम दो

किलोमीटर रोड को मुरुम डालकर ठीक किया जाये। ग्राम चिरुडीह में कई महीनों से खराब ट्रांसफॉर्मर को बदलने और तीरिलपीडी में नया 25 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की गई। साथ ही कोटा में जल समस्या से निजात पाने के लिए एक वृहद जलमीनार की मांग की गई। बैठक में सरगेया मुखिया जयंती देवी, भीम मुंडा, कमलेश प्रमाणिक, चैतन पुरान, रामसिंग मुंडा, दीपक मुंडा, लखीचरण स्वांसी, सोमा कुम्हार, नंदकिशोर पातर, बुधूराम मुंडा, इतवा विरोहोर, सीताराम माहतो और सरबान मुंडा आदि मौजूद थे।

नंदू गंझू अध्यक्ष और प्रभु गंझू बने सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। जामडीह डायरटाड में सोहराई डायर जतरा को लेकर बुधवार को बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बीगन सिंह भोगता ने किया। बैठक में जामडीह में सोहराई डायर जतरा 13 नवंबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। डायर जतरा के सफल आयोजन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नंदू गंझू, सचिव प्रभु गंझू, उपाध्यक्ष राजकुमार गंझू, संजय गंझू, बरतु गंझू, मनोज गंझू, बंधन, सह सचिव शिवा गंझू, सोमर पाहन, अजय कुमार, संदीप गंझू, महेंद्र गंझू, कोषाध्यक्ष मनोज

गंझू, उप कोषाध्यक्ष छोटू मुंडा को बनाया गया है। वहीं सदस्य में सुरेश मुंडा, अमरगंझु, शिवनाथ, अशोक, सोमर मरांडी, सुलेंद्र, राजु, हैना, संजय काठोन, फुलदेव, अरुण, भूटेष्वर, सुखदेव, सुशील, गोपाल, उपेंद्र, देव, सूरज, परमेश्वर, राहुल, दिनेश, निरंजन, किट पूषण, गंगवा, विनोद, वीरू, कुंदन, अनिल, गौतम, विकास, अकला, धनेष्वर, लखन, प्रेम, सिकंदर, बिगू, विजय मुंडा, विजय गंझू, रवि उरांव, संतोष, पवन, कीटन, दशरथ मुंडा और पिंटू आदि को शामिल किया गया है।

बचरा डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया दशहरा पर्व महोत्सव

पिपरवार (आजाद सिपाही)। बचरा डीएवी पब्लिक स्कूल में इस वर्ष भी बुधवार को दशहरा पर्व महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा मिनिता सहाय उपस्थित थी। प्राचार्य राजीव रंजन झा ने बुके देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मिनिता सहाय, प्राचार्य राजीव रंजन झा और निभा झा आदि ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य ने दशहरा पर्व के महत्व की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान राम ने लंकापति रावण का वध किया था। इस दौरान बच्चों ने नृत्य, गायन और भाषण प्रस्तुति किया। स्कूली बच्चों ने झांकी के साथ आकर्षक कार्यक्रम भी पेश किया गया। कार्यक्रम एसके पांडे की देख रेख में संपन्न हुआ, जबकि संचालन एस भट्टाचार्य और आकांक्षा मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।

बीडीओ रेणु कुमारी ने ग्रहण किया पदभार

बुंडू (आजाद सिपाही)। बीडीओ रेणु कुमारी ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। उनहोंने कहा कि सरकारी योजनाओं को जल्द पूरा करना उनकी प्राथमिकता में है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास को जल्द से जल्द पूरा करवाना है। वहीं, निवर्तमान बीडीओ को विदाई दी गई। वहीं, प्रमुख राजकुमार बिंझिंया, सीओ पवन कुमार ने गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं दीं।

बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक

बुंडू (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के सफल आयोजन को लेकर बुंडू से कार्यकर्ताओं की सत प्रतिशत उपस्थिति को लेकर बुधवार को भाजपा बुंडू ग्रामीण मंडल कार्यसमिति की बैठक जिला परिषद सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धीरेन महतो ने की। बैठक में भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक भी उपस्थित थे। इस दौरान प्रभुदयाल बड़ाईक ने कहा कि 28 अक्टूबर को रांची के हरमू मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के समापन सभा में बुंडू से हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगें। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री गुप्तेश्वर भगत ने किया। इस मौके पर कपिल महतो, सखी देवी, राजीव सिंह मुंडा, परमेश्वर महतो, संपूर्णि देवी, दिलीप महतो, हीरालाल कर्मकार, परमेश्वर ठाकुर, सुखदेव पाहान, भवतरण महतो, भोलानाथ महतो और महेश मुंडा आदि उपस्थित थे।

नौकरी और मुआवजे की मांग को लेकर रैयतों का धरना 18वें दिन भी जारी

जामुनदोहर में रैयतों के धरना स्थल पर लगे टेंट को किया गया क्षतिग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। सीसीएल एनके एरिया के केडीएच परियोजना खदान से सटे जामुनदोहर में 18 दिनों से नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर जारी रैयतों के धरना के दौरान मंगलवार की रात अज्ञात लोगों ने धरना स्थल पर लगे टेंट को क्षतिग्रस्त कर दिया। धरना पर बैठे बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के जोनल अध्यक्ष सह विश्रामपुर के रैयत रतिया गंझू ने बताया कि रैयत नौकरी, मुआवजा, विस्थापन करने सहित अन्य जायज मांगों को लेकर लगातार 18 दिनों से धरना दे रहे है। लेकिन रैयतों की मांगों पर एनके एरिया प्रबंधन के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों का उदासीन रवैया बना हुआ है।

धरना स्थल पर बैठे रैयत और ग्रामीण।

प्रबंधन द्वारा अभी तक कोई भी ठोस पहल करने का प्रयास नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि धरना को असफल करने के उद्देश्य से मंगलवार की रात कुछ अज्ञात लोगों ने धरना स्थल पर लगे टेंट को भी उखाड़ फेंका। लेकिन रैयत अपने हक और अधिकार को लेने के लिए अडिग है। जब तक हमारी मांगों को मान नहीं लिया जाता तब तक धरना जारी रहेगा। कहा कि साल 1980 में इस जमीन को सीसीएल की ओर से अधिग्रहण किया गया था, पर तब से अब तक सीसीएल के विस्थापन नीति पर कोई भी कार्य नहीं किया गया है। वहीं, रैयत सोनू गंझू ने कहा कि करकट्टा, विश्रामपुर, जामुनदोहर के रैयतों की जमीन को अधिग्रहण कर लिया गया है। साथ ही इस भूमि पर अंडर ग्राउंड कोयले की निकासी भी की जा चुकी है। चारों ओर भू-धंसान हो रहा है। ग्रामीण खदान से निकल रही जहरीले गैस के बीच रहने को मजबूर हैं, लेकिन सीसीएल प्रबंधन खामोश है। धरना में मुख्य रूप से बीसीकेयू के एनके एरिया अध्यक्ष इरफान खान, देवराज गंझू, कर्मा तुरी, लुरका गंझू, दिनेश गंझू, अनिल गंझू, विजय गंझू, रोशन गंझू,संजय गंझू, राजु भुइयां, पिंटु गंझू, जगन गंझू, अनिता देवी, सरिता देवी, तारा कुमारी, संकुति देवी, चानो देवी, नूतन देवी, सरिता देवी, सुशमा देवी सहित अन्य रैयत और ग्रामीण उपस्थित थे।

तमाड़ में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

तमाड़ (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत सालगाडीह के पास एनएच - 33 पर मंगलवार की रात ट्रक और बाइक की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान अनूप कुमार नायक (28) के रूप में हुई है। वह रांची के हटिया स्थित चंदाघासी ओबरिया नायक टोली का रहने वाला था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त बाइक को भी जब्त कर लिया है।

अड़की में संग्रह की गयी शहीदों की मिट्टी

अड़की (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को मेरी माटी मेरा देश के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अमृत कलश यात्रा के बारे में जानकारी दी गयी। इसमें विभिन्न पंचायत के मुखिया शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न गांवों से मिट्टी संग्रह की गयी। मौके पर सांसद जिला प्रतिनिधि मनोज गुप्ता, अड़की सांसद प्रतिनिधि अनुप साहू, जगरनाथ मुंडा व बीडीओ नरेंद्र नारायण आदि थे।

जिप अभियंता को टेंडर रद्द करने को लेकर ग्रामीणों ने भेजा पत्र

खलारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चुरी पूर्वी पंचायत में लायंस क्लब से लेकर मनहुटांड तक जिला परिषद कार्यालय रांची की ओर से निकाले गए 1350 फिट पीएससी पथ निर्माण के टेंडर को रद्द करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को जिला परिषद अभियंता को पत्र भेजा। ग्रामीण अशोक महतो, मनोज महतो, मीणा मनोज, किरण देवी, बाबूलाल महतो आदि ने बताया कि पीएससी पथ बनाने को लेकर जो टेंडर निकला गया है वह रैयती है।

बीडीओ ने डोरंडा पंचायत में कई योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

समय पर पूर्ण करें आवास नहीं तो होगी कार्रवाई : सुमंत तिर्की

आवासों के निर्माण में किसी किस्म की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड के डोरंडा पंचायत के गांवों में बुधवार को बीडीओ सुमंत तिर्की ने कई गांव में चल रहे कई योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई योजनाओं में नाराजगी जताते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस कर्म में उन्होंने मनरेगा के तहत कुद्दुस खान का बिरसा हरित आम बागवानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सूचना पट नहीं होने पर अपनी नाराजगी जागते हुए सूचना पट लगाने, जल कुंड का निर्माण 7 दिनों के अंदर करने और एच टेका को दुरुस्त करने का कड़ी हिदायत दी। मनरेगा के तहत रहीम मिरदाहा के कुएं का निरीक्षण करते हुए जहां एक और कूप की गुणवत्ता पर संतोष जाहिर किया वहीं दूसरी ओर सूचना पट नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने सूचना पट दो दिनों के अंदर लगाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के निरीक्षण के क्रम में उन्होंने आवास योजनाओं का निरीक्षण किया जिसमें हलीमा खातून, जगन्नाथ उरांव,सोतो उरांव व तमिला बीबी के अधूरे आवास पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि जल्द से जल्द कार्य पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि इन आवासों के निर्माण में किसी किस्म की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अधूरे आवास के निर्माण में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं होता है और लाभुकों द्वारा रुचि नहीं ली जाती है तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पंचायत में 15वें वित्त से बनाये जाने वाले योजनाओं का भी निरीक्षण किया। जिसमें पीसीसी पथ निर्माण का निरीक्षण करते हुए उन्होंने जल्द से जल्द सड़क ढलाई कर कार्य पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अधूरी सड़के ग्रामीणों के आवागमन में हमेशा दिक्कत पैदा करती हैं इसलिए यह जरूरी है कि कार्य समय से किया जाये। साथ ही उन्होंने सूचना पट लगाने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान कनिय अभियंता सद्दाम हुसैन, आवास कोऑर्डिनेटर रामनाथ लोहरा, जन सेवक ईरयानुस टोप्पो, रोजगार सेवक उदय मिंज मौजूद थे।

बेड़ो के डोरंडा में आवास का निरीक्षण करते हुए बीडीओ सुमंत तिर्की

समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए नूतन पाहन का चयन

नामकुम (आजाद सिपाही)। विश्व सेवा परिषद के बेनर तले रांची विश्वविद्यालय के एनएसए के सहयोग से आगामी 20 अक्टूबर को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के समीप लीगल स्टडीज सेंटर रत्न अवॉर्ड 2023 का आयोजन किया जाना है। समारोह के देखते हुये समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिये टाटीसिलवे के सिल्वे पंचायत सरईटोली निवासी नूतन पाहन का चयन झारखंड सेवा रत्न अवार्ड 2023 के लिये किया गया है। इस आशय पत्र को विश्व सेवा परिषद के संस्थापक अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ बीबी राज के द्वारा सौंपा गया। गौरतलब है कि टाटीसिलवे की रहने वाली नूतन पाहन का चयन समाजसेवा क्षेत्र में एक सराहनीय कार्य के लिये किया गया है। इस मौके पर आजाद सिपाही से बात करते हुये नूतन पाहन ने कहा कि वह आगे भी समाजसेवा के कार्यो में बढ-चढ़कर हिस्सा लेगी।

तालाब में डूबने से एक युवक की मौत

मांडर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बॉम्बे सीटीआई तालाब से बुधवार की सुबह अर्पण कुजूर का शव एनडीआरएफ की टीम द्वारा निकाल लिया गया ज्ञात हो कि सोमवार की रात अपने दोस्त के साथ तालाब के निकट बैठकर खाने-पीने के बाद अर्पण ने अपने दोस्त सुमित से कहा कि वह थोड़ा सा तालाब में नहा लेता है, इस दौरान उसने अपने कपड़े पर सारा चीज सुमित के पास रखकर तालाब में नहाने चला गया जब वह काफी देर तक नहीं लौटा तो सुमित ने अपने घर वालों को सूचना दी सोमवार की रात में भी ग्रामीणों ने अर्पण को ढूंढने का तालाब में कोशिश किया पर उसका कुछ पता नहीं चला मंगलवार को पूरे दिन भी ग्रामीणों ने कोशिश की पर वह शव निकालने में असफल रहे पुलिस द्वारा घटना की जानकारी मिलने पर एनडीआरएफ की टीम मंगलवार की देर शाम तालाब में पहुंचे पर आधे घंटे के सर्च अभियान के बाद उन्होंने अंधेरा का हवाला देते हुए कहा कि शव खोजने का अभियान बुधवार की सुबह चलाया जायेगा बुधवार की सुबह लगभग 10:00 बजे एक बार फिर से एनडीआरएफ की टीम तालाब में उतरी और लगभग 1 घंटे के मशक्कत के बाद अर्पण के शव को बाहर निकलने में कम्याब रहा , बताया जाता है, कि अर्पण के मां की मौत लगभग 2 महीने पहले हुई थी और अर्पण दिल्ली में काम करता था वहां से वापस गांव आया था इसी बीच इस हादसे का शिकार हो गयामांडर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया पोस्टमार्टम के लिये उसे रिम्स भेज दिया गया।

वाइबीएन विवि में फार्मेसी सप्ताह का समापन

नामकुम (आजाद सिपाही)। वाईबीएन विश्वविद्यालय के फामेर्सी विभाग में बुधवार को 3 दिवसीय फामेर्सी सप्ताह का समापन हुआ ' कार्यक्रम 16 से 18 अक्टूबर तक चला। जिसमें स्वास्थ्य शिविर, बीपी, मधुमेह, हीमोग्लोबिन परीक्षण, रोगी परामर्श और दवा वितरण किया गया। साथ ही 17 अक्टूबर को लड़कों के लिये क्रिकेट, लड़कियों के लिये कैरम और 18 अक्टूबर को समापन समारोह, सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण, वृक्षारोपण किया गया। यह कार्यक्रम विगत वर्षो के भांति इस वर्ष भी पूरे समर्पण और उल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन में विजयी छात्रों को मेडल और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन में विवि के चेयरमैन रामजी यादव, प्रो चांसलर के सलाहकार सुधीर यादव, दीपक कुमार, डॉ एसपी यादव, डॉ. श्रीरमन दुबे, अरविंद यादव, डॉ. चंद्रजीत कुमार, डॉ शम्मी केश रॉय, डॉ अर्पणा शर्मा के साथ संकाय के डीन एवं छात्र-छात्राएं मुख्य रुप से उपस्थित थे।

नामकुम में रांची ग्रामीण युवा कांग्रेस की समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। रांची ग्रामीण युवा कांग्रेस की समीक्षा बैठक बुधवार को नामकुम प्रखंड के सदाबहार चौक शिरखा टोली स्थित सूरज रेस्टुरेंट में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता रिशू कुजूर एवं अमरनाथ मुंडा ने संयुक्त रूप से की। बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से ज्ञान अहीर और संजय तिग्गा को रांची जिला ग्रामीण सचिव, नीतू भेंगरा मेडिकल विभाग अध्यक्ष और हिमांशु कुजूर को खिजरी विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मौके पर रांची जिला ग्रामीण के प्रभारी देव शर्मा ने कहा कि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूती प्रदान करना है। ताकि 2024 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाकर देश का बागडोर सुरिक्षत हाथों में दी जाये। सह प्रभारी प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस को पूरे झारखंड प्रदेश में नंबर एक स्थान पर लाना है। साथ ही साथ हर विधानसभा में प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त किया गया। संगठन में जगह मिलने पर कार्यकत्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश कुमार, शशिकांत कुमार, सावन मिंज, ओलीभ और संतोष नायक उपस्थित थे।

सीआइटी को मिला सम्मान, कैंब्रिज परिवार में हर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा सम्मानित किये जाने से कैंब्रिज परिवार में हर्ष का माहौल है। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड क्लब में उत्कृष्ट कार्य के लिये कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को झारखंड सरकार के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख द्वारा मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। बुधवार को कैंब्रिज ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक नवनीत सिंह संस्थान के बीआईएस मेंटेरो की सराहना की और संस्थान में उन्हें सम्मानित किया। मालूम हो कि स्थानीय एक होटल के सभागार में भारतीय मानक ब्यूरो उपभोगक्ता मामले, खाद्य और सार्वजानिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विश्व मानक महोत्सव का आयोजन किया गया था। जहां सीआईटी के बीआईएस मेंटर प्रो अब्दुल रज्जाक अंसारी और प्रो जिआउल हक ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के हांथो यह सम्मान ग्रहण किया। इसके पूर्व विश्व मानक दिवस के अवसर पर विगत 13 अक्टूबर को भारत की पूर्व महिला हॉकी टीम की कप्तान अंशुता लकड़ा व ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैण्डर्स के जमशेदपुर शाखा के निदेशक एसके वर्मा की उपस्थिति में संस्थान में मानव महोत्सव की शुरूआत की गयी थी। महोत्सव के दौरान विभाग के आधिकारियों ने ओरिएंटशन और ट्रेनिंग प्रोग्राम, क्विज आदि के माध्यम से बीआईएस के कई क्रिया कलापों यथा हॉल मार्क, आईएसआई पंजीकरण आदि से संबंधित जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान सीएएफ प्रो राशिका नवनीत सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, चीफ कोर्डिनेटर प्रो अंकित सिंह, प्रो एस एस द्याल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बीसा पंचायत का बेंती बनेगा मॉडल गांव, ग्रामीण कर रहे हैं सामुदायिक पहल

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। प्रखण्ड के बीसा पंचायत अंतर्गत राजस्व गांव बेंती में ग्रामीणो ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान सभी ग्रामीण अलग अलग समूहों में बंटकर पूरे गांव के गली-मुहल्ले, चौक चौराहा और रास्तों की साफ सफाई की वहीं चापाकाल और कुंए के आसपास फैली गंदगी को भी हटाया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क किनारे उगी झाड़ियों को भी काट कर साफ किया। बाद में सभी ग्रामीण महिला पुरुष और बच्चे गांव के अखरा के समीप जमा हुए तथा अभियान को जारी रखते हुए बेंती गांव को प्लास्टिक मुक्त आदर्श गांव बनाने का संकल्प लिया। इस अभियान का नेतृत्व गांव के समाजसेवी अजय कुमार करमाली एवं गंधिया करमाली कर रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामधनी करमाली, देवदास करमाली, राहुल करमाली अरविंद करमाली, रेखा कुमारी, प्रमिला देवी, लगनी देवी, सुल्फी देवी, जल सहिया सुमन देवी, सिमा देवी, काजो देवी, नारायण, विक्की करमाली, रामकुमार मुण्डा, सहदेव, पुरनी, कृतन लोहरा, कमलेश करमाली, शिवसागर करमाली, दासोक करमाली, प्रकाश करमाली, सुदामा करमाली, अन्दू करमाली, विनोद करमाली आदि का योगदान रहा।

जय माता दी क्लब दुर्गा पूजा समिति नामकुम के पूजा पंडाल का उद्घाटन आज

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। राजधानी से सटे नामकुम यशराज धर्मकांटा स्थित जय माता दी क्लब दुर्गा पूजा समिति नामकुम में इस साल कर्नाटक के कोटिलिंगेश्वर मंदिर की तर्ज पर दुर्गा पूजा पंडाल बनाया गया है। जिसका आज (गुरुवार) को खिजरी विधायक राजेश कच्छप, आरजेडी के राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह, रियाडा के पूर्व चेयरमैन जय सिंह यादव और आरजेडी की महिला अध्यक्ष रानी कुमारी संयुक्त रुप से पंडाल का उद्घाटन करेंगे। क्लब के अध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि पंडाल का उद्घाटन समारोह शाम 6 बजे होगा। गौरतलब है कि जय माजा दी क्लब नामकुम की दुर्गा पूजा नामकुम के साथ-साथ पूरे खिजरी विधानसभा में काफी लोकप्रिय है। यहां पर दुर्गा पूजा पंडाल अलग-अलग थीम पर बनायी जाती है।

32 साल से बंद पड़ी दुर्गा पूजा महिलाओं के प्रयास से फिर शुरू

बेड़ो के दिघिया गांव में महिलाएं कर रही दुर्गा पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

गांव में दुर्गा पूजा फिर शुरू होने से ग्रामीणों में उत्साह

बेड़ो। सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके... इस श्लोक के साथ जब देवी दुर्गा की आराधना शुरू होती है तो नारी शक्ति का अहसास होता है। उस शक्ति का, जिसकी बदौलत समाज में परिवर्तन आया है। युग बदला है, समय बदला है। यहां तक कि समाज की सोच भी बदली है। आज की महिलाओं में कुछ करने का जज्बा है तभी तो सभी रुकावटों को दूर करके वे आगे बढ़ रही हैं, जो परिवार कल तक लड़कियों के काम करने के पक्ष में नहीं थे, वे आज उन्हें कुछ नया करने या कठिन क्षेत्रों में अपनी शक्ति और सफलता का परचम लहराने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। वहीं इस वर्ष दुर्गा पूजा में इसी तरह का एक सफल प्रयास प्रखंड के दिघिया गांव में महिलाओं द्वारा आयोजित दुर्गा महिला समिति की दुर्गा पूजा चर्चा का विषय बना है। यहां समिति की महिलाओं ने 32 सालों से बंद हुई दुर्गा पूजा को महिलाओं ने फिर से शुरू किया है। बेड़ो प्रखंड में सात गांवो में पूजा समिति के द्वारा दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है,लेकिन दिघिया गांव में आयोजित दुर्गा महिला समिति दुर्गा पूजा समिति पूरे प्रखंड के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस गांव में किसी कारण से दुर्गा पूजा बंद हो गई थी। लेकिन इस साल यहां रहने वाले महिलाओं ने दुर्गा पूजा को फिर से शुरू करने का बीड़ा उठाया है। गांव में दुर्गा पूजा फिर से शुरू होने से बुजुर्ग ग्रामीण व बच्चे बहुत खुश हैं। समिति की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने बताया कि गांव में दुर्गा पूजा क्यों बंद हुई इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने बताया कि समय बहुत कम था इसलिए सिर्फ 4 हफ्तों के समय में ही हम सभी महिलाओं ने जी तोड़ मेहनत कर इस पूजा को दोबारा शुरू किया है। इसके लिए उन्होंने सड़क में खड़े होकर चंदा किया इसके बाद तुको व बेड़ो में जाकर चंदा किया। गांव में एक बार फिर से पूजा शुरू होने से गांव के लोग बेहद खुश हैं। पूजा को सफल बनाने के लिए वे समिति की महिलाओं के सहयोग चंदा करके पूजा को सफल बनाने में लगी हुई है।

पूजा में उन्हें सहयोग करने वाले समाज सेवियों जनप्रतिनिधियों व गांव लोगों का धन्यवाद किया हैं। पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष ज्योति गुप्ता सचिव राधा देवी कोषाध्यक्ष गीता देवी सदस्यों में रेणु देवी, रानी देवी, संगीता देवी, आरती देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, मंत्रा देवी, सुकरमनी देवी, आशा देवी, सुमंती देवी चिरंजीवी देवी लगी हुई है।

महत्वपूर्ण न्यूज

स्वर्ण डीपीएस स्कूल में डांडिया नृत्य और क्राफ्ट कार्यक्रम का आयोजन

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में बुधवार को दुर्गा पूजा के अवसर पर डांडिया व एक रमणीय क्राफ्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने सुंदर दुर्गा मां के हैंगिंग्स और छात्राओं ने गीतों के साथ नवरात्रि के गानों में डांडिया नृत्य किया। मौके पर निदेशक दीपम बनर्जी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्रों के बीच कला कौशल विकसित होते हैं। बच्चों को कुछ नया सीखने का मौका मिलता है। उप-प्राचार्य सोनम प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम स्कूल में होने से छात्रों को रचनात्मकता और संगीत के साथ नवरात्र की बेहतर जानकारी मिली। साथ ही माता दुर्गा के सभी रूपों के बारे में बच्चों को बताया गया। उपाध्यक्ष अविनाश ने बच्चों में अच्छे संस्कार के लिए ऐसे मौकों पर देवी देवताओं से सम्बंधित कार्यक्रम होना चाहिए जिससे बच्चों में सकारात्मक विचार आते हैं। मौके पर प्रतीक, शिक्षिका श्वेता, सीता व ललित उरांव उपस्थित थे।

लापुंग में संकल्प यात्रा को लेकर रणनीति बनी

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखण्ड में भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्ष दुखहरन सिंह की अध्यक्षता में साहू कम्प्लेक्स में बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने 28 अक्टूबर को रांची हरमू मैदान में संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर प्रखण्ड कमिटी की पदाधिकारियों के साथ तैयारी पर चर्चा हुई। लापुंग से अधिक से अधिक संख्या में संकल्प यात्रा में आने की बात कहा साथ ही संगठन की मजबूती पर चर्चा किया गया । मौके पर मीडिया प्रभारी भोगेन सोरेन, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष नन्दलाल साहू, जितेंद्र पाल सिंह,रामप्रसाद साहू,दीपक सिंह,सनातन बरला, किश्वर साहू, बंधना मुंडा, दिलीप केशरी,बंधनु बड़ाईक के अलावे अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

मुखिया ने लाभुकों के बीच चुल्हा का वितरण किया

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के नेहालु पंचायत के रोगो गांव में बुधवार को जिला भूमि संरक्षण विभाग द्वारा 203 लाभूकों के बीच उन्नत चुल्हा का वितरण किया गया। वितरण पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत और अनु जलक्षाजन समिति के अध्यक्ष सुबल टोप्पो के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर मुखिया वीरेंद्र भगत ने कहा कि उन्नत चुल्हा के उपयोग से लकड़ी की बचत होगी। चुल्हा धुआं रहित होने से स्वस्थ्य की रक्षा और वातावरण भी दुषित होने से बचेगा। अनु जलक्षाजन समिति के अध्यक्ष सुबल टोप्पो ने लाभुकों और ग्रामीणों को उन्नत चुल्हा के इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकारी दिये।

मां कुष्मांडा की आराधना की

बेड़ो (आजाद सिपाही)। दुर्गोत्सव के अवसर पर आयोजित बेड़ो महादानी मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के चौथे दिन मां भगवती के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की आराधना की गई। वही परिसर में नौ दिवसीय चल रहे राम चरित्र मानस पाठ से श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। वही श्री हरि सत्संग समिति के रांची व खूंटी रामगढ़ व्यासों द्वारा भगीरथ मुर्मू,सुकमर्ता सरदार व उनके सहयोगी द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से रामचरित्र मानस पाठ का किया जा रहा है। जहां राम चरित्र मानस पाठ को सुनने के लिए प्रतिदिन काफी संख्या में लोग जुट रहे हैं। वहीं दुर्गा मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के अवसर में कलश स्थापित कर मां दुर्गा का पाठ किया जा रहा है। सुबह शाम माता का आरती का आयोजन किया गया। जहां काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

भाजपा मंडल की बैठक मे शामिल हुई गंगोत्री कुजूर

इटकी (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के समापन कार्यक्रम को लेकर भाजपा इटकी मंडल की एक बैठक बुधवार को मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की की अध्यक्षता में पूर्वी पंचायत सचिवालय में की गयी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर शामिल हुईं। मौके पर उन्होंने कहा कि अब तक राज्य के 71 विधानसभा में बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा सफलतापूर्वक हो चुकी है। रांची में इसका समापन 28 अक्तूबर को होगा। समापन समारोह को ऐतिहासिक बनाने को लेकर कई दिशा निर्देश दिये और हजारों की तादाद में समापन समारोह में कार्यकताओं के शामिल होने के लिये बूथ स्तर पर कार्यकताओं को इसकी जानकारी देने को कही। मौके पर भोगेन सोरेन, राजेश्वर, हर्षवर्धन, संजय, बुदु, कुणाल व राजीव सहित अन्य मौजूद थे।

झामुमो के कार्यकताओं ने विनोद तिर्की के नेतृत्व में सीओ से शिष्टाचार भेंट की

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी प्रखंड झामुमो कमेटि के कार्यकताओं ने प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की ने नेतृत्व में मंगलवार को शिष्टाचार भेट की और संयुक्त रूप से नये सीओ को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर विनोद तिर्की ने आग्रह करते हुए सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव से कहा कि नगडी क्षेत्र की नगड़ी अंचल में आप बिचौलियों पर तुरंत बड़ा कार्यवाही करें आप यह आमजनों का काम पर तुरंत कार्यवाही करें बिचौलियों के कारण आम जनों काम कराने में बहुत परेशानी का समाना करना पड़ता था ।मौके पर राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा नगडी क्षेत्र की जनता का समस्याओ पर त्वरित कार्रवाई कर दिया जायेगा और ए भी कहा दलालो की मोनोपोली नही चलने दिया जायेगा। आम लोग भी ऑफिस मे आकर मिलकर काम करा सकते है कोई रोक नही है। बंसती देवी सहित कई लोग उपस्थित थे

कार्रवाई : जमीन का म्यूटेशन कराने के एवज में मांगे थे पांच हजार रुपये

पलामू एसीबी ने चार हजार रुपये घूस लेते अंचल कर्मी को दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) की टीम घुसखोर कर्मियों की शिकायत पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में एसीबी की टीम ने बुधवार को हुसैनाबाद अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी सचिन कुमार गुप्ता को चार हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा कि जमीन म्यूटेशन के नाम पर पांच हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दरुआ गांव निवासी राजेश कुमार तिवारी ने जमीन के म्यूटेशन के लिए आन लाइन आवेदन किया था। म्यूटेशन को लेकर राजेश तिवारी अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी से मिले तब राजस्व कर्मचारी सचिन कुमार गुप्ता ने पांच हजार रुपए घूस देने की मांग की थी। परेशान होकर राजेश तिवारी ने इसकी शिकायत एसीबी से कर दी। इसके बाद एसीबी की टीम ने शिकायत की सत्यापन की। इस दौरान वादी से आरोपी चार हजार रुपये रिश्वत लेकर काम करने को तैयार हो गए। इसके बाद आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछया गया। एसीबी की टीम ने जपला दंगवार रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप उसके आवास से चार हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। टीम ने घर की तलाशी भी की, लेकिन कुछ नहीं मिला। इसके बाद एसीबी की टीम आरोपी कर्मचारी को गिरफ्तार कर मेदिनीनगर ले गई।

घूस लेने के आरोप में पकड़े गए अंचल कर्मचारी को ले जाती एसीबी की टीम।

सीसीटीवी की जद में रहेंगे पूजा पंडाल हरेक गतिविधि पर रहेगी कड़ी नजर

पलामू प्रमंडल में 1302 पूजा पंडाल, दशमी को होगा मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

पलामू प्रमंडल में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर प्रशासन तैयार
सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई
चिन्हित 202 संवेदनशील पूजा पंडालों पर रहेगी विशेष नजर, सादे लिबास में प्रतिनियुक्त किये गये जवान व दंडाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू प्रमंडल में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण दुर्गापूजा आयोजन को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिले पलामू, गढ़वा और लातेहार में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर प्रशासनिक तैयारियां की गई है। लोक भावनाओं को आहत करने एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल एवं जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा ने कही। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर, रात 10 बजे के बाद डीजे की मनाही, साफ-सफाई का विशेष ध्यान और निर्वाध विद्युत व्यवस्था का निर्देश दिया गया है। साथ ही मिठाईयों की भी जांच होगी। अधिकारीदव्य दुर्गा पूजा एवं दशहरा को लेकर बुधवार को आईजी सभागार में संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मौके पर उपनिदेशक जनसंपर्क आनंद भी उपस्थित थे। आयुक्त एवं आईजी ने बताया कि पूजा के अवसर पर शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों और अफवाह फैलाकर माहौल बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा। पलामू प्रमंडल में उपद्रवियों की पहचान कर ली गई है। जिले में 86, गढ़वा में 100, एवं लातेहार में 64 उपद्रवियों को अबतक चिन्हित किया गया है। इसके अलावा पूर्व के कांडो में संलिप्त पलामू जिले के 100, गढ़वा के 50 एवं लातेहार जिले के 50 आरोपितों को चिन्हित कर उनकी धर-पकड़ की जा रही है। इससे अलावा धारा 107 के अंतर्गत पलामू जिले में 2002, गढ़वा में 608 एवं लातेहार जिले में 901 लोगों को नोटिस निर्गत करते हुए तामिला कराया गया है। साथ ही 50 से अधिक व्यक्तियों को बॉड-ऑन किया गया है।

प्रमंडल क्षेत्र में 1302 पंडाल

पलामू प्रमंडल में 1302 पूजा पंडाल बनाए गए हैं। पलामू जिला में 581, गढ़वा जिले में 575 एवं लातेहार जिले में 146 पूजा पंडाल निर्मित है। पूर्व की घटनाओं एवं सीमावर्ती राज्य की सीमाओं पर अवस्थित पूजा पंडालों को संवेदनशील पूजा पंडाल के रूप में चिन्हित किया गया है। जिसमें पलामू जिले में 66, गढ़वा में 89, एवं लातेहार जिले में 47 शामिल है। उनकी विशेष निगरानी की जा रही है। वहीं, दुर्गापूजा व दशहरा को लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त की गई है। पुलिस जवानों एवं अधिकारियों के साथ ही होमगार्ड के जवान भी तैनात किए गए हैं। स्थानीय प्रशासन द्वारा दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। पूजा पंडाल एवं उसके आसपास सादे लिबास में पुलिसकर्मी एवं दंडाधिकारी भी गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। पलामू जिले में 83 क्यूआरटी टीम, गढ़वा में 42 एवं लातेहार जिले में 30 क्यूआरटी टीम बनाया गया है।

महत्वपूर्ण न्यूज

अमृत वाटिका का निर्माण देश के शहीद जवानों के लिए ऐतिहासिक कदम : विनोद

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा क्लब के तत्वाधान में हुसैनाबाद प्रखंड के एकौनी गांव में बुधवार को कलश संग्रह कार्यक्रम आयोजित हुआ। भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह ने इसकी महत्ता पर विस्तृत चर्चा करते हुए हर गांव व घर के इस मिट्टी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत वाटिका का निर्माण देश के शहीद जवानों के लिए एक एतिहासिक कदम बताया। उन्होंने देश के हर गांव की मिट्टी से अमृत वाटिका निर्माण कर वहां देश के शहीदों की यादगार स्थल बनाने और अनवरत श्रद्धांजली अर्पित करने की बात कही। इस मौके पर मुखिया लाल सिंह, प्रो राजेश सिंह, राजेश कर्ण, बटुक भारती, सतीश शर्मा, लखन यादव व बिमलेश कुमार आदि मौजूद थे।

मोदी सरकार देश के वीर सपूतों को दे रही ऊंचा सम्मान : गोविंद

नेहरू युवा केंद्र ने प्रखंडस्तरीय मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। पलामू नेहरू युवा केंद्र की ओर से विश्रामपुर जनता उच्च विद्यालय प्रांगण में बुधवार को मेरी माटी मेरा देश के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ विक्रम आनंद, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, प्रखंड प्रमुख रंभा देवी, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल व प्राचार्य भोला राय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र के जिला प्रतिनिधि गोविंद मेहता और संचालन केंद्र के पूर्व स्वयंसेवक मंजुल शुक्ला ने किया। गोविंद मेहता ने कहा कि देशभर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके माध्यम से देश के हर कोने से 7500 कलश संग्रहण किया गया। देश की इस मिट्टी को मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका बनाया जायेगा। यह अमृत वाटिका एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भव्य प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम के माध्यम से अनाम स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने की एक नई दृष्टि दी। इससे देश के वीर शहीद सपूतों को ऊंच सम्मान भी मिलेगा। वहीं, बीडीओ विक्रम आनंद ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश एक राष्ट्र व्यापी अभियान है। इस कार्यक्रम के निमित हर गांव से कलश यात्रा के साथ गांव की मिट्टी को एकत्र कर दिल्ली ले जाकर अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने कहा कि यह अभियान स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल वीर सपूतों के लिए वंदन है और उनके लिए वास्तविक श्रद्धांजलि भी है। कार्यक्रम के अंत में पंचप्रण प्रतिज्ञा लेते हुए विभिन्न पंचायतसे संकलित पवित्र मिट्टी का एक कलश में संकलन किया गया। मौके पर किशोर कुमार, अभिषेक रवि, सौरभ शुक्ला, मनीष शुक्ला, धीरज कुमार, कृष्ण कुमार केसरी, किशन कुमार, अभिजीत शुक्ला, सचिन चौबे, शुभम तिवारी, राकेश कुमार, अभिजीत कुमार आदि थे।

जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने को लेकर एसडीओ ने की समीक्षा बैठक

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर बुधवार को समीक्षा बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने की। बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल व नपं के निजी अस्पताल के प्रबंधक शामिल हुए। एसडीओ ने विभागीय निर्देश पालन की जानकारी ली। जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर सजग रहने को कहा। साथ ही विभागीय निर्देश का हर हाल में पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि उक्त प्रमाण पत्रों के लोगो को भटकना न पड़े, इस दिशा में त्वरित कार्य करने की जरूरत है। इस मौके पर हुसैनाबाद बीडीओ रतन कुमार, हैदरनगर बीडीओ नीरज, डॉ विकास कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक विभूति कुमार, रंजीत कुमार मेहता और धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

बीडीओ ने आवास सहायकों को दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

मनातू/पलामू। प्रधानमंत्री आवास योजना को 100 फीसदी सफल बनाने के लिए मनातू के बीडीओ विनोद कुमार सिंह ने ब्लॉक सभागार में प्रधानमंत्री आवास सहायकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने आवास सहायकों को कई दिशा निर्देश दिए। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सभी लाभुक को पहली किश्त के आवास की राशि आरटीजीएस के माध्यम से दिया जा चुका है। बीडीओ ने सभी आवास सहायक को लक्ष्य के मुताबिक आवास पूरा करने को कहा है। कार्य में किसी प्रकार की कोताही बरतने पर विभागीय कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि कुछ लाभुकों द्वारा आवास की राशि लेकर आवास निर्माण में आनाकानी की जा रही है। ऐसे लोगों को चिह्नित कर नोटिस भेजा जाएगा। इसके बाद भी कार्य शुरू नहीं किया तो उन्हें विधिवत पैसा वसूलते हुए विभागीय कार्यवाही की जाएगी। कहा कि आवास स्वयंसेवक को प्रखंड के सभी पंचायतों में जाकर समय सीमा के अंदर आवास पूर्ण कराएं।

पीएस एकेडमी ने किया चार विद्यालयों के बीच जुडो प्रमाण पत्र का वितरण

विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)। प्रफेक्ट स्पोर्ट एकडमी ने बुधवार को समाहरोह आयोजन कर क्षेत्र के चार विद्यालयों के बीच जुडो प्रमाण पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम का आयोजन विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित भागमनी चंद्रवंशी पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक के पुत्र सह आरसीयू विश्व विद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्य स्तरीय खेल जुडो प्रमाण पत्र का वितरण अतिथियों ने नावाडीह कला के भागमनी चंद्रवंशी पब्लिक स्कूल, रेहला के ज्ञान दिप कान्वेंट स्कूल, आरके प्लस-2 जनता उच्च विद्यालय व सनातन विद्या निकेतन के बीच किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन पीएस एके-डमी के निदेशक डॉ अज्जो सिद्दीकी ने किया। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, जनता उच्च विद्यालय कर प्राचार्य भोला राय, पीसी मन्ना, युवा समजसेवी विजय कुमार रवि, निवर्तमान वार्ड पार्षद नजमुद्दीन नूरी, एमामूल हक गुड्डू, गोपाल सोनी, विशाल कुमार, अजय कुमार आदि मौजूद थे।

दुर्गा पूजा को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने थाने में किया मॉक ड्रिल

मॉक ड्रिल के दौरान घायल हुआ मजदूर

आजाद सिपाही संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू। पलामू डीसी के निर्देश पर नवरात्र के दौरान थाना में एंबुलेंस एवं चिकित्सक की टीम तैनात रहेगी। पूजा पंडाल या भीड़ वाले इलाके से यदि कहीं पर कोई अनहोनी होती है या किसी तरह की घटना-दुर्घटना होती है तो उसके इलाज के लिए थाना में तैनात एंबुलेंस और चिकित्सक पुलिस के साथ ही रवाना हो जाएंगे। इसे लेकर लेस्लीगंज थाना में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से मॉक ड्रील किया गया। जिसमें आपातकालीन स्थिति में किस प्रकार पुलिस के साथ चिकित्सा कर्मी जाएंगे और मौके पर ही फर्स्ट एड देने का काम करेंगे इसका डोमो दिखाया गया। एएसआई अभय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पलामू डीसी के निर्देश पर दुर्गा पूजा के लिए ऐसी व्यवस्था की जा रही है। उन्हें बताया कि यदि भीड़ भाड़ में किसी तरह से कोई गिर जाता है, घायल हो जाता है, अथवा घटना दुर्घटना होता है तो उसे निपटाने के लिए चिकित्सक मौके पर ही प्राथमिक उपचार करेंगे। प्राथमिक उपचार के बाद यदि आवश्यकता पड़ेगी तो एंबुलेंस से तुरंत इलाज के लिए आगे ले जाया जाएगा। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार मोहंती, एएसआई राजीव कुमार, एएनएम एवं अन्य थानों के जवान उपस्थित थे।

दूसरी ओर, दुर्गापूजा के मध्य स्वास्थ्य विभाग का लेस्लीगंज थाना में मॉक ड्रील चल रहा था। इसी समय थाना परिसर में पुलिस अनुमंडल कार्यालय में काम कर रहा एक मजदूर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार हरतुआ गांव के मजदूर मंटू कुमार लेस्लीगंज पुलिस अनुमंडल कार्यालय में वॉल पुट्टी का काम कर रहा था। बांस के बने सीढ़ी पर चढ़कर वॉल पुट्टी कर रहा था तभी अचानक उसे चक्कर आ गया और वह नीचे गिर गया। मौके पर थाना में तैनात चिकित्सक ने उसका प्राथमिक उपचार किया और एंबुलेंस से अस्पताल लेकर गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची।

इस वर्ष दुर्गा पूजा का मुख्य त्योहार दिनांक–**20.10.2023** से दिनांक–**24.10.2023** तक मनाया जाऐगा, जिसमें दिनांक–**24 / 25.10.2023** को मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त अवसर पर राँची शहर के प्रमुख मार्गों में यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार से होगी।

(क) भारी वाहनों के लिए :–

दिनांक–20.10.2023 से दिनांक–24.10.2023 तक प्रतिदिन प्रातः 08:00 बजे से दूसरे दिन प्रातः 04:00 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

(ख) निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन मार्ग :–

दिनांक–20.10.2023 से दिनांक–24.10.2023 तक प्रतिदिन 16:00 बजे अपराह्न से दूसरे दिन प्रातः 04:00 बजे तक निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन निम्न प्रकार होगी :–

1. सभी प्रकार के निजी वाहन / ऑटो / ई–रिक्शा का परिचालन कचहरी चौक से शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सुजाता चौक की ओर वर्जित रहेगा। सुजाता चौक की तरफ से मेन रोड में आने वाले सभी निजी वाहन सैनिक मार्केट / जी.ई. एल. चर्च कम्प्लेक्स तक ही जा सकेंगे।
2. पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट (रातु रोड) की ओर आने वाली सभी छोटी गाड़ियों का परिचालन 16:00 बजे अपराह्न से प्रातः 04:00 बजे तक मिनाक्षी सिनेमा मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक तथा वहाँ से हरमू चौक की ओर होगी। हरमू की तरफ से किशोरगंज होकर रातु रोड की तरफ आने वाले चार पहिया वाहनों का परिचालन किशोरगंज चौक तक ही होगा। इस ओर से आने वाले ऐसे सभी दो पहिया वाहन किशोरगंज से आगे पहाड़ी मंदिर मोड़ से मिनाक्षी सिनेमा मोड़ एवं रातु रोड होकर पिस्का मोड़ की ओर जाऐंगे। हरमू बाईपास रोड के तरफ से पिस्का मोड़ की तरफ जाने वाले छोटे चार पहिया वाहन बी0जे0पी0 कार्यालय के पास से पीपर टोली होकर कटहल मोड़ / हेहल अंचल होते हुए पिस्का मोड़ की तरफ जाऐंगे।
3. कांके रोड से कचहरी चौक की तरफ आने वाली छोटी गाड़ियाँ जाकिर हुसैन पार्क / रेडियम रोड होकर कचहरी चौक तक, लालपुर चौक से कचहरी चौक आने वाली छोटी गाड़ियाँ जे0पी0एस0सी0 कार्यालय तक, बरियातु रोड से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर जाने वाली छोटी गाड़ियाँ लाईन टैंक रोड स्थित रामगढ़ ट्रेकर पड़ाव तक एवं डंगराटोली चौक से सर्जना चौक की ओर आने वाली छोटी गाड़ियाँ मिशन चौक तक ही आ सकेंगी।
5. लालपुर से कोकर जाने वाले मार्ग वन–वे रहेगा, सिर्फ लालपुर से कोकर की ओर जाने वाले वाहन सदर थाना वाले मार्ग से होते हुए जाऐंगे। कोकर से लालपुर की ओर आने वाली गाड़ियाँ कांटाटोली होकर अपने गंतव्य तक जाऐगी।
6. हरमू रोड से छोटी गाड़ियाँ अरगोड़ा चौक, कडरु, सुजाता चौक, मुण्डा चौक होते हुए कांटाटोली जा सकती है।
7. कांके रोड से आने वाली गाड़ियां राम मंदिर, रणधीर वर्मा चौक, करमटोली से बुटी मोड़ होते हुए जमशेदपुर या कांटाटोली के तरफ जा सकती है।
8. मेन रोड में 16:00 बजे से अगले दिन 04:00 बजे सुबह तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।
9. समय 16:00 बजे अपराह्न से अगले दिन 04:00 बजे सुबह तक न्यू मार्केट चौक से किशोरगंज चौक तक छोटी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।
10. शहरी क्षेत्र में आवश्यक सामग्री लाने वाली गाड़ियां प्रातः 04:00 बजे से 08:00 बजे के बीच ही आ सकेगी।

(ग) उक्त अवसर पर निम्नांकित स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है :–

	रुट	पार्किंग स्थल
1.	डोरण्डा / सुजाता चौक से मेन रोड में आने वाले निजी एवं दो पहिया वाहन।	– सैनिक मार्केट / जी.ई.एल. चर्च कम्प्लेक्स।
2.	फिरायालाल से बकरी बाजार की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के निजी एवं दो पहिया वाहन।	– जिला स्कूल / बाल कृष्ण स्कूल कैम्पस।
3.	डंगराटोली से सर्जना चौक जाने वाले वाहन	– मिशन चौक के पास / संत जॉन्स स्कूल के सामने।
4.	स्टेशन रोड स्थित पूजा पण्डाल जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन	– रेलवे भर्ती बोर्ड से चुटिया थाना मोड़ तक रोड के दोनों तरफ / रेलवे पार्किंग।
5.	लालपुर से कोकर जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन	– साधु मैदान / बिजली ऑफिस।
6.	खेलगॉव से कोकर पूजा पण्डाल जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन	– राम लखन यादव कॉलेज कैम्पस।
7.	कांके रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन	– न्यू मार्केट ऑटो स्टैण्ड।
8.	हरमू बाईपास रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्धालुओं	– बड़ा तालाब नदी ग्राउण्ड के वाहन के पास।
9.	पिस्का मोड़ से दुर्गा मंदिर चौक, रातु रोड आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन	– दुर्गा मंदिर से पहले जयसवाल पेट्रोल पम्प के सामने।
10.	बरियातु रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन	– नागाबाबा खटाल पार्किंग / जाकिर हुसैन पार्क के पास पार्किंग।
11.	हरमू बाईपास से किशोरगंज तक आने वाले वाहन	– मुक्तिधाम से किशोरगंज के बीच सड़क किनारे।
12.	हरमू चौक के पास अवस्थित पूजा पण्डाल	– हरमू मैदान।
13.	बरियातु हाउसिंग के पास पूजा पण्डाल	– बरियातु मैदान में पार्किंग।
14.	सी.एम.पी.डी.आई के पास पूजा पण्डाल	– कैंब्रियन स्कूल के आगे पार्किंग।

(घ) निम्नांकित स्थानों पर भारी वाहनों के प्रवेश निषेद्य हेतु ड्रॉप गेट लगाया जाऐगा :–

1. कटहल मोड़ के पास दोनों मार्ग पर ड्रॉप गेट।
2. तिलता चौक से रातु रोड आने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
3. लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के पास ड्रॉप गेट।
4. बोड़ेया रिंग रोड के पास ड्रॉप गेट।
5. बी0आई0टी0 रिंग रोड के पास ड्रॉप गेट।
6. बुटी मोड़ में बरियातु जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
7. खेलगॉव से कोकर जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
8. दुर्गा सोरेन चौक से कांटाटोली जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
9. दुर्गा सोरेन चौक से मकचुन्द टोली जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
10. रामपुर के पास ड्रॉप गेट।
11. खरसीदाग के पास ड्रॉप गेट।
12. ब्रीजफोर्ड स्कूल के पास ड्रॉप गेट।
13. सतरंजी ओवरब्रीज के पास ड्रॉप गेट।
14. बिरसा चौक के पास ड्रॉप गेट।
15. शहीद मैदान के पास ड्रॉप गेट।

पुलिस अधीक्षक यातायात,
राँची।

PR 309433 (Police) 23-24 (D)

चौकसी : पूजा पंडाल व मेला वाले स्थानों में सादे लिबास में तैनात रहेगी पुलिस

दागी अपराधी रहेंगे रडार पर : एसएसपी

दुर्गा पूजा को लेकर एसएसपी ने क्राइम मीटिंग में दी डीएसपी व थानेदारों को जरूरी निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

डीएसपी व थानेदारों समेत सभी अधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग करते एसएसपी संजीव कुमार।

धनबाद। जिले में दुर्गापूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। डीसी और एसएसपी खुद कमान संभाले हुए हैं। एक ओर जहां डीसी वरुण रंजन लगातार पूजा पंडालों का खुद निरीक्षण कर समितियों को जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे हैं, तो दूसरी ओर एसपी पूजा में कहीं भी किसी प्रकार का व्यवधान पैदा न हो इसके लिए वरीय अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं। बुधवार को पुलिस लाइन में एसएसपी संजीव कुमार ने विशेष क्राइम मीटिंग बुलाकर सभी डीएसपी और थानेदार, ओपी प्रभारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सभी थानेदारों को लंबित मामलों का निष्पादन, असमाजिक तत्वों पर 107 के तहत कार्रवाई, पुराने अपराधियों पर नजर रखने, पूजा के दौरान सभी पंडाल एवं मेला में निगरानी करने एवं मौजूद पुलिस बलों को सुव्यवस्थित तरीके से गाइड करने को लेकर सभी थानेदारों को निर्देशित किया। एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य जिलेभर में शांति और सौहार्द के साथ दुर्गापूजा संपन्न कराना है। खासकर विसर्जन के समय खास सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावे मेले के दौरान छेड़खानी एवं अन्य घटनाओं पर अंकुश लग सके इसके लिए सभी पूजा पंडाल और मेले वाले स्थानों पर सादे लिबास में पुलिस तैनात करने को कहा गया है। क्राइम मीटिंग में सिटी एसपी अजित कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी के अलावे सभी डीएसपी, प्रशिक्षु डीएसपी, थानेदार, ओपी प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

मीडिया में खबर प्रकाशित होते ही हटाया गया अवैध कोयला

पर रैयत की जमीन पर अब भी अवैध कब्जा

जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ करेंगे आंदोलन: मुखिया सूर्यकांत

सिंगड़ा पंचायत के मुखिया सूर्यकांत महतो ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही पुलिस ने उक्त अवैध भट्टे पर कर्रवाई कर रैयत की जमीन को कब्जामुक्त नहीं कराया तो स्थानीय ग्रामीण और महिलाओं के साथ अवैध कोयला कारोबारियों के विरुद्ध आंदोलन शुरू करेंगे।

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। हाल के दिनों में महुदा क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन से आम लोगों का विश्वास उठता दिख रहा है। ताजा मामला महुदा थाना क्षेत्र के सिंगड़ा पंचायत अंतर्गत चरकीटांड का है। जहां गांव जाने वाले सड़क के समीप रैयत की जमीन पर कपड़ों की चहारदीवारी बनाकर अवैध कोयला डिपो खोल दिया गया है। हालांकि अखबार में खबर छपने के बाद सीओ द्वारा उक्त अवैध कोयला डिपो में छापामारी भी की गई, जो खानापूर्ति साबित हुई। छापामारी के बाद भी डिपो में कई टन अवैध कोयला पड़ा रहा। इस बाबत खबर प्रकाशित होने के बाद रात के अंधेरे में बचे अवैध कोयले को आनन-फानन में ठिकाने लगा दिया गया। पर रैयत की जमीन अभी तक कब्जामुक्त नहीं हो सकी है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

छुटभैया नेता की शह पर चल रहा है खेल

ग्रामीणों का कहना है कि यह सारा खेल स्थानीय एक छुटभैय्या नेता के सह पर चल रहा है। जिस पर कई संगीन धराओं के तहत थाने में मामला दर्ज है। आरोप है की शिकायत करने पर उक्त नेता द्वारा ग्रामीणों को डराया धमकाया जाता है। दावा किया जाता है कि मीडिया, सीआईएसएफ, पुलिस कोई भी हो उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकता। ग्रामीणों ने बताया कि उसी का नतीजा है कि छापामारी में न तो कोयला जब्त किया गया और न ही रैयत की उक्त जमीन को अब तक कब्जामुक्त कराया गया। नौबत यहां तक पहुंच गई है कि नाराज ग्रामीण आंदोलन का मन बना चुके हैं। ग्रामीणों का कहना हैं कि महुदा में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं। आजकल अवैध कोयला, लोहा एवं बालू की तस्करी चरम सीमा पर हैं। प्रत्येक दिन थाने के नजदीक से बालू लोड ट्रेक्टर सरपट दौड़ती दिखाई पडती हैं। इससे पहले भी अवैध लोहे की तस्करी को लेकर ग्रामीण एकजुट हुए थे एवं अवैध लोहा ले जाते तस्कर सहित वाहन को पकड़कर पुलिस को सौंपा था, पर पुलिस ने उसी दिन देर रात को छुटभईया नेता के सहयोग से जब्त वाहन को छोड़ दिया था।

केबल लूटपाट व हत्या के मामले का उद्भेदन, तीन आरोपी गिरफ्तार

- चपापुर कोलियरी में हुई थी घटना
- लूट का विरोध करने पर लूटेरों के बम हमले में ईसीएल कर्मी के बेटे की हो गई थी मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

पकड़े गए आरोपितों की जानकारी देते ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी व अन्य।

धनबाद। ईसीएल मुगमा एरिया के चपापुर कोलियरी में विगत दिनों केबल लूट और बममार कर एक युवक की हत्या कर दिया जाने के मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। बुधवार को पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने संवाददाता सम्मेलन कर इसकी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईसीएल मुगमा एरिया अंतर्गत चपापुर कोलियरी के गोदाम में गत शनिवार की देर रात अपराधियों के एक दल ने धावा बोल कोलियरी के सुरक्षाकर्मियों को बंधक बना कर वहां से केबल लूटपाट किय था। कोलियरी के पीछे स्थित श्रमिक कॉलोनी से भागने के दौरान विरोध करने वाले ईसीएल कर्मी कोशिनाथ कोरी के बेटे संदीप कुमार पर बम से हमला कर दिया था जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। घटना के बाद केबल चोरी और बम से हमला कर हत्या करने के मामले में दो अलग-अलग कांड दर्ज किया गया था। निरसा के प्रभारी डीएसपी अमर कुमार पांडेय के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। जांच के क्रम में टीम ने मनियाडीह टुंडी निवासी श्याम लाल मुर्मू, बलियापुर निवासी राजू कुमार स्वर्णकार और स्टेशन रोड मुगमा निवासी देवराज प्रसाद वर्णवाल को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार जिंदा सुतली बम, 13 पावर केबल आरमण्ड वायर कुल 260 मीटर, 35 किलो तांबा तार, तीन मोबाईल फोन और बिना रजिस्ट्रेशन का एक बाइक बरामद किया गया है। इस मौके पर डीएसपी मुख्यालय वन सह निरसा के प्रभारी डीएसपी अमर कुमार पांडेय सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

दर्जनों युवा जनता श्रमिक संघ में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के केंद्रीय सचिव सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में बुधवार को झरिया के बिहार बिल्डिंग स्थित कार्यालय में दर्जनों युवाओं ने संगठन की संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह में आस्था व्यक्त करते हुए जश्रसं का दामन थाम लिया। रागिनी सिंह ने सभी को संगठन में शामिल होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कहा कि इनके जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी। हमें विश्वास है कि यह सभी युवा संघ को और ज्यादा सशक्त बनाने में अपना योगदान देंगे। जश्रसं में शामिल होने वालों में अभिषेक सिंह, समीर चक्रवर्ती, सिकंदर चक्रवर्ती, संजीत पटवा, गौतम रवानी, हिमांशु तिवारी, प्रभाकर दत्त, आदित्य सिंह, छोटन चक्रवर्ती, मुकेश यादव, नदीम शेख और अरुण नोनिया आदि शामिल थे।

अग्रसेन जयंती पखवाड़ा के पांचवें दिन मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

झरिया (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट की ओर से आयोजित अग्रसेन जयंती पखवाड़ा के पांचवे दिन बुधवार को अग्रेशन भवन में मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत मारवाड़ी मारवाड़ी समलेन ट्रस्ट के अध्यक्ष राजुकुमार अग्रवाल, सचिव दीपक अग्रवाल, मीनू गोयल, वंदना खंडेलवाल ने दीप प्रज्वालित कर किया। कार्यक्रम में बालिका विद्या मंदिर और महिला महाविद्यालय के 45 बच्चों ने रंगोली बनायी व मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने महेंदी लगायी। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को मेडल वा सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दीपक अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, सत्यनारायण भोजगरिया, महेश जालुका, अनिल खरकिया, शिला चौखनी, सीमा सपरिया, निशा सपरिया, सुमन डालमीय, सुमन संघई, नीतू जोशी, रूपा सुल्तानिया, प्रिया खंडेलवाल और किरण खरकिया आदि मौजूद थे।

फुसरो बैंक मोड़ के दुर्गा मंदिर में इस बार रहेगी स्थिर प्रतिमा

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो कोलांचल में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जाती है। यहां पंडाल और मूर्ति आकर्षण का केंद्र होता है। फुसरो बैंक मोड स्थित दुर्गा मंदिर में लगभग 1962 से पूजा हो रही है। इस बार यहाँ एक लाख रुपए की लागत से पंडाल बनाया जा रहा है। 20 से 25 कारिगर काम कर रहे हैं। वहीं, प्रतिमा का निर्माण मूर्तिकार बाबू पाल व उनकी टीम के कारीगरों द्वारा की जा रही है। पूजा कमेटी के कोषाध्यक्ष कृष्ण चांडक ने बताया कि इस वर्ष स्थिर प्रतिमा रहेगी। प्रत्येक वर्ष एक जैसे आयोजन से उत्साह की कमी हो जाती है इसलिए नयेपन के लिए इस बार बदलाव किया गया है।

डीएवी-6 में करियर काउंसलिंग का आयोजन

उचित मार्गदर्शन से विश्वविद्यालय में विद्यार्थी ले सकते हैं प्रवेश : प्राचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। करियर काउंसलिंग में निशा सिंह व भानु प्रताप सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं आईआईएम-आईपीएम, बीएमएस और होटल मैनेजमेंट व क्लेट में भाग लेने के लिए विशेष जानकारियां दी गई। अधिक से अधिक विद्यार्थी क्लेट परीक्षा में भाग ले सकते हैं। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विश्वविद्यालयों की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई। प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि उचित मार्गदर्शन से विश्वविद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं। कार्यक्रम में प्रशांत कुमार, भोलांचल स्वाइन, जाह्नवी बनर्जी, ज्योति वाला, किरण सिंह, आभा कुमारी, स्वरूप कुमार नाथ, अखिलेश कुमार, कुमार समरेश, बाल शेखर झा, गौतम कुमार सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, अमित कुमार, नेहा कुमारी और श्याम भूषण श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

56वीं औपबंधिक सूची
जिला–राँची (पार्ट–01)

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
	विवरण :– सिल्ली थाना काण्ड संख्या–43/94 एवं 26/94 में नामित एवं चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी लक्ष्मीनारायण महतो द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 50 अज्ञात की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर।	
1.	1. आवेदन क्र0–520/23 2. आवेदक–रतन लाल महतो , पिता–स्व0 राम महतो 3. ग्राम–नवाडीह , पोस्ट–बड़ाचांगरू , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया कन्धा पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
2.	1. आवेदन क्र0–175 2. आवेदक–अर्जुन बेदिया , पिता–स्व0 धनपति मांझी 3. ग्राम–हरिडीह, पोस्ट–टी.बी. रामपुर, थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
3.	1. आवेदन क्र0–260 2. आवेदक–तुलसीदास मांझी , पिता–स्व0 श्रीकान्त मांझी 3. ग्राम–पुतरू, पोस्ट–छोटा मुरी, थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे के उपर गोल गिल्टी।	कंडिका–2(ix)
4.	1. आवेदन क्र0–212 2. आवेदक–सुभाष चन्द्र महतो , पति–स्व0 बलाई महतो 3. ग्राम–छोटा मुरी , पोस्ट–छोटा मुरी, थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
5.	1. आवेदन क्र0–201 2. आवेदक–महिपाल महतो , पिता–स्व0 जुठु महतो 3. ग्राम–कोकालगाम, पोस्ट–टुटकी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटा दाग।	कंडिका–2(ix)
6.	1. आवेदन क्र0–222 2. आवेदक–द्रौपदी देवी , पति–लखीराम महतो 3. ग्राम–ब्राह्मणडीह , पोस्ट–छोटा मुरी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
7.	1. आवेदन क्र0–187 2. आवेदक–मुबारक अंसारी , पिता–गुलाम अंसारी 3. ग्राम–कुटाम , पोस्ट–छोटा मुरी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
8.	1. आवेदन क्र0–188 2. आवेदक–शहीद अंसारी , पिता–स्व0 लाल मोहम्मद 3. ग्राम–कुटाम , पोस्ट–छोटा मुरी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
9.	1. आवेदन क्र0–230 2. आवेदक–प्रफुल्ल महतो , पिता–स्व0 शिवनाथ महतो 3. ग्राम–नवाडीह , पोस्ट–टुटकी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओंठ पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
10.	1. आवेदन क्र0–167 2. आवेदक–सरोज कुमार महतो , पिता–स्व0 गौरी नाथ महतो 3. ग्राम–हाकेदाग , पोस्ट–हाकेदाग , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
11.	1. आवेदन क्र0–195 2. आवेदक–नरेश चन्द्र महतो , पिता–स्व0 बालेश्वर महतो 3. ग्राम–लोवदाग , पोस्ट–टी.बी. रामपुर , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में काला दाग।	कंडिका–2(ix)
12.	1. आवेदन क्र0–178 2. आवेदक–दलगोविन्द महतो , पिता–स्व0 भागीरथ महतो 3. ग्राम–लोवदाग , पोस्ट–टी.बी. रामपुर , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)
13.	1. आवेदन क्र0–174 2. आवेदक–गुनाराम महतो , पिता–स्व0 भदरू महतो 3. ग्राम–लोवदाग , पोस्ट–टी.बी. रामपुर , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
14.	1. आवेदन क्र0–227 2. आवेदक–सृष्टिधर महतो , पिता–स्व0 भदरू महतो 3. ग्राम–लोवदाग , पोस्ट–टी.बी. रामपुर , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बांह में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
15.	1. आवेदन क्र0–228 2. आवेदक–चतुरधन महतो , पिता–स्व0 सुरजु महतो 3. ग्राम–लोवदाग , पोस्ट–टी.बी. रामपुर , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में टीका का निशान।	कंडिका–2(ix)
16.	1. आवेदन क्र0–232 2. आवेदक–हरेन्द्र महतो , पिता–स्व0 गणेश महतो 3. ग्राम–लोवदाग , पोस्ट–टी.बी. रामपुर , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के उपर घुटने में दाग।	कंडिका–2(ix)
17.	1. आवेदन क्र0–196 2. आवेदक–खगेन्द्र महतो , पिता–स्व0 बागेश्वर महतो 3. ग्राम–लोवदाग , पोस्ट–टी.बी. रामपुर , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)
18.	1. आवेदन क्र0–198 2. आवेदक–लील मोहन मांझी , पिता–स्व0 लब्धन मांझी 3. ग्राम–लोवदाग , पोस्ट–टी.बी. रामपुर , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने जांघ में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
19.	1. आवेदन क्र0–200 2. आवेदक–झगड़ू महतो , पिता–जगन महतो 3. ग्राम–लोवदाग , पोस्ट–टी.बी. रामपुर , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के भुजा में काला दाग।	कंडिका–2(ix)
20.	1. आवेदन क्र0–179 2. आवेदक–मगरू मांझी , पिता–स्व0 गोपाल मांझी 3. ग्राम–लोवदाग , पोस्ट–टी.बी. रामपुर , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–आँख में घाव का दाग।	कंडिका–2(ix)
21.	1. आवेदन क्र0–229 2. आवेदक–भुवनेश्वर महतो , पिता–स्व0 योगेश्वर महतो 3. ग्राम–लोवदाग , पोस्ट–टी.बी. रामपुर , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने जांघ पर घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)
22.	1. आवेदन क्र0–253 2. आवेदक–मनोज कुमार सिंह , पिता–भगवान दास सिंह 3. ग्राम–स्टेशन रोड , पोस्ट–लूपुंग , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
23.	1. आवेदन क्र0–210 2. आवेदक–वंशीधर दास गोस्वामी , पिता–स्व0 नंदलाल दास गोस्वामी 3. ग्राम–टुटकी , पोस्ट–टुटकी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
24.	1. आवेदन क्र0–216 2. आवेदक–शत्रुघ्न महतो , पिता–पूरनू महतो 3. ग्राम–ब्राह्मणडीह , पोस्ट–छोटा मुरी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाय पैर पर कटा दाग।	कंडिका–2(ix)
25.	1. आवेदन क्र0–215 2. आवेदक–मुद्रिका महतो , पिता–स्व0 नित्यानंद महतो 3. ग्राम–कोचो , पोस्ट–टुटकी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आंख के उपर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
26.	1. आवेदन क्र0–186 2. आवेदक–शिशुपाल महतो , पिता–स्व0 हिंदलाल महतो 3. ग्राम–लोवदाग , पोस्ट–टुटकी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
27.	1. आवेदन क्र0–225 2. आवेदक–भावेश कुमार हाजरा , पिता–प्रफुल्य हाजरा 3. ग्राम–झावरी , पोस्ट–झावरी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल पर मासा का दाग।	कंडिका–2(ix)
28.	1. आवेदन क्र0–208 2. आवेदक–कलेश्वर महतो , पिता–स्व0 निर्मल महतो 3. ग्राम–टुटकी , पोस्ट–टुटकी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
29.	1. आवेदन क्र0–172 2. आवेदक–विजय कुमार महतो , पिता–महेंद्र महतो 3. ग्राम–झावरी , पोस्ट–झावरी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
30.	1. आवेदन क्र0–180 2. आवेदक–नेपाल कोइरी , पिता–रामकिशन कोइरी 3. ग्राम–झावरी , पोस्ट–झावरी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
31.	1. आवेदन क्र0–224 2. आवेदक–अंगद महतो , पिता–मगरू महतो 3. ग्राम–झावरी , पोस्ट–झावरी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओंठ में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
32.	1. आवेदन क्र0–46/23 2. आवेदक–सुभाष गोराई , पिता–लंबोदर गोराई 3. ग्राम–झावरी , पोस्ट–झावरी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
33.	1. आवेदन क्र0–231 2. आवेदक–नारायण सिंह मुण्डा , पिता–स्व0 राम मोहन मुण्डा 3. ग्राम–झावरी , पोस्ट–झावरी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे पर मासा का दाग।	कंडिका–2(ix)
34.	1. आवेदन क्र0–183 2. आवेदक–नरेश चंद्र महतो , पिता–स्व0 मोहनलाल महतो 3. ग्राम–झावरी , पोस्ट–झावरी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाति पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
35.	1. आवेदन क्र0–181 2. आवेदक–करण महतो , पिता–मान गोविंद महतो 3. ग्राम–श्यामनगर , पोस्ट–झावरी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाति पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
36.	1. आवेदन क्र0–194 2. आवेदक–चंद्रशेखर महतो , पिता–स्व0 दुर्योधन महतो 3. ग्राम–श्यामनगर , पोस्ट–झावरी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
37.	1. आवेदन क्र0–211 2. आवेदक–सनत कुमार राय , पिता–स्व0 राम मय राम 3. ग्राम–बड़ा चांगडु , पोस्ट–बड़ा चांगडु , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाति पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
38.	1. आवेदन क्र0–165 2. आवेदक–सुभाष चंद्र महतो , पिता–चंद्र मोहन महतो 3. ग्राम–गोड़ाडीह , पोस्ट–गोड़ाडीह , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाति पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
39.	1. आवेदन क्र0–184 2. आवेदक–शिव शंकर प्रसाद , पिता–जयहरि तांती 3. ग्राम–लोटा , पोस्ट–लोटा , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर पर कटे का दाग।	कंडिका–2(ix)
40.	1. आवेदन क्र0–214 2. आवेदक–दुर्गाचरण महतो , पिता–स्व0 सिदाम महतो 3. ग्राम–चौकै सेरेंग , पोस्ट–टुटकी , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर मासा का दाग।	कंडिका–2(ix)
41.	1. आवेदन क्र0–एन/272 2. आवेदक–विश्वनाथ साय , पिता–स्व0 राम कन्हाई साय 3. ग्राम–सिल्ली , पोस्ट–सिल्ली , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कंधे पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
42.	1. आवेदन क्र0–177 2. आवेदक–प्रकाश मंडल , पिता–स्व0 नित्यानंद मंडल 3. ग्राम–सिल्ली , पोस्ट–सिल्ली , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली 4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कंधे पर तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — PR 309460 (Home) 23-24 (D) — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उरांव) अध्यक्ष

न्यूज रील्स

कर्नाटक के मंत्री की मौजूदगी में हवा में नोट उड़ाये

हैदराबाद। कर्नाटक सरकार में मंत्री शिवानंद पाटिल का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें मंत्री चेयर पर बैठे हैं और उनके आस-पास मौजूद कई लोग हवा में नोट उड़ा रहे हैं। ज्यादातर नोट 500 रुपये के लग रहे हैं। वीडियो तीन दिन पहले बताया जा रहा है, जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, कर्नाटक के गन्ना विकास मंत्री शिवानंद पाटिल 15 अक्टूबर को हैदराबाद में कांग्रेस नेता अयाज खान के बेटे की शादी में शामिल होने पहुंचे थे।

ग्लोबल हुआ रामलला का दानपात्र

अयोध्या। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के लिए विदेशों में रह रहे भारतीय एवं अन्य लोग भी दान कर सकेंगे। इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को एफसीआरए लाइसेंस की मंजूरी दी। इसके बाद अब ट्रस्ट देश से बाहर रह रहे लोगों से दान स्वीकार कर सकेगा।

युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति पहुंचे इस्राइल

हमास आइएसआइएस से भी बदतर: बाइडन

- इस्राइल को हर तरह से मदद का दिया आश्वासन
- हमास ने एक दिन में 1400 से ज्यादा इजराइलियों की हत्या की
- अभी इजराइल के लिए यही अच्छी बात है कि उनका सबसे सच्चा दोस्त अमेरिका उनके साथ खड़ा है।

एजेंसी

तेल अवीव। इस्त्राइल-हमास जंग के 12वें दिन अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इस्त्राइल पहुंचे। उन्होंने जंग के मुद्दे पर नेतन्याहू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा- मैं खुद यहां आकर ये दिखाना चाहता था कि हम इस्त्राइल के साथ हैं। हमास ने बेरहमी से इस्त्राइल के लोगों का कत्ल किया है। वो आइएसआइएस से भी बदतर हैं। उन्होंने कहा कि इस्त्राइल को अपनी रक्षा करने का पूरा हक है। इसमें अमेरिका हर तरह से उनका साथ देगा। हम अपना वादा निभा रहे हैं। अमेरिका ने हमास पर नयी पाबंदियों का ऐलान भी किया है। इनका मकसद उस पर आर्थिक दबाव बढ़ाना है। पाबंदियों के दायरे में हमास मेंबर्स और इसके फाइनेंसर आयेंगे। बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन का अनुमान है कि हमास ने गैरकानूनी तौर पर करोड़ों डॉलर का इन्वेस्टमेंट कर रखा है। वहीं, नेतन्याहू ने इजराइल पहुंचने के लिए बाइडेन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हमास ने एक दिन में 1400 से ज्यादा इजराइलियों की हत्या की।
अभी इजराइल के लिए यही अच्छी बात है कि उनका सबसे सच्चा दोस्त अमेरिका उनके साथ खड़ा है।

अमेरिका और ब्रिटेन ने अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने को कहा

रॉकेट हमले में 500 लोगों के मारे जाने की खबर सामने आई

इजराइल-हमास जंग के 12वें दिन अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन ने अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने को कहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक जंग का दायरा बढ़ता देख अमेरिका और ब्रिटेन ने अपने नागरिकों से लेबनान नहीं जाने की भी अपील की है। ब्रिटेन ने अपने नागरिकों से कहा है कि जब तक वहां से फ्लाइट्स उड़ान भर रही हैं, तब तक वहां से निकल जाएं। वहीं, अमेरिका ने भी बेरूत में तैनात डिप्लोमेट्स के परिवारों को लेबनान से निकल जाने के लिए कहा है। दरअसल, 7 अक्टूबर को इजराइल की जवाबी कार्रवाई के बाद से ही लेबनान की तरफ से आतंकी संगठन हिजबुल्लाह इजराइल पर हमले कर रहा है। हिजबुल्लाह ने धमकी दी है कि अगर इजराइल ने गाजा पर बम बरसाने बंद नहीं किए तो वो भी जंग में कूद जायेंगे। इससे पहले देर रात गाजा सिटी के अहली अरब सिटी हॉस्पिटल पर हुए रॉकेट हमले में 500 लोगों के मारे जाने की खबर सामने आई। हमास ने दावा किया कि हमला इजराइल ने किया। वहीं, इजराइल ने कहा है कि हॉस्पिटल पर हुए हमले में उसका हाथ नहीं है।

शांति व सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनायें त्योहार : लक्ष्मण सिंह

ग्रामीणों और पूजा समिति के सदस्यों के साथ लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

आजाद सिपाही संवाददाता

गावां। भाजपा नेता सह पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह ने पिहरा में ग्रामीणों व पूजा समिति के सदस्यों से मिलकर उन्हें दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने पिहरा पंचमंदिर के प्रांगण में बन रहे हनुमान मंदिर के लिए आर्थिक सहयोग भी किया। उन्होंने कहा कि त्योहार को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनावें। कोई भी पर्व आपसी भाईचारा व प्रेम का संदेश देता है। त्योहार को अत्यंत भव्य तरिके से मनावें। कहा कि दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य की जित का प्रतिक है।

उन्होंने पिहरा पंचमंदिर में आयोजित शांति समिति की बैठक में भाग लेकर लोगों को शुभकामनायें दी व मंदिर परिसर का निरीक्षण किया।

मौके पर मुखिया अमित कुमार गुप्ता, पूर्व मुखिया केशव प्रसाद यादव, आनंदी यादव, नागेश्वर प्रसाद, पप्पु यादव, किशोरी लाल, टुनटुन कुमार, नागेश्वर साव, महेन्द्र चौधरी, महेन्द्र शर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
(Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust)
GARHWA, JHARKHAND, 822114
Approved By PCI
Session 2023-24
Admission Going On
Limited Seats are vacant
Hurry Up
B.Pharm.
D.Pharm.
NEET Qualified only
BHMS
B.D.S. / M.D.S.
All Seven speciality
AIAPGET Qualified Only
M.D in Homoeopathy
1. Materia medica, 2.Organon of Medicine & Homoeopathic philosophy, 3. Homoeopathic Pharmacy, 4.Homoeopathic Repertory, 5. Practice of Medicine, 6. Pediatric, 7. Psychiatry.
Eligibility
10+2 or equivalent with PCB/PCM & Student must have attained age of 17 Years
Admission also open for B.Ed, D.El.Ed, B.Sc MLT, Paramedical
https://www.vananchaltrust.org/ vewt_garhwa@rediffmail.com
96614 62506 / 62062 97213 / 87895 54090

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

bathsense BALAJEE UDYOG
एक बार अवश्य पधारें
BU Adding value since 2009
Distributors : bathsense, ESSESS, Flowkem, Glocera, M-seal, ASTRAL, Racold
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI
Mob. : 9534207055 / 93869-09008 / 0651-3554978 • Email : balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

डॉ. एल डाली
हेल्प क्लिनिक
बिना ऑपरेशन किये केवल दवा द्वारा 100% गारंटी के साथ
हाइड्रोशील, बवासीर, नामर्दानगी शीघ्रपतन, कमजोरी, स्वपन दोष, धात पतला, लिंग छोटा का सफल इलाज
पिस्का मोड़ के निकट, काली मंदिर के पीछे गैलेक्सिया मॉल के सामने, रातु रोड, रांची
समय प्रात : 9 बजे से 1 बजे तक
शाम 4 बजे से 7 बजे तक
अपना स्थायी क्लिनिक
8797681250, 9006078331

ग्लेनमार्क फार्मा ट्रिपल-ड्रग एफडीसी लांच करनेवाली पहली कंपनी बनी

आजाद सिपाही सवांददाता

मुंबई। प्रमुख शोध-आधारित, ग्लोबल फार्मास्युटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क फार्मा) ने भारत में डैपाग्लिफ्लोजिन और मेटफॉर्मिन के साथ व्यापक रूप से उपयोग किये जाने वाले टेनेलिग्लिप्टिन के पहले ट्रिपल-ड्रग फिक्स्ड-डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) को लॉन्च किया है। जीटा डीएम ब्रैंड के नाम से लॉन्च किये गये इस एफडीसी में एक निश्चित खुराक में डीपीपी4 इन्हीबिटर, टेनेलिग्लिप्टिन (20mg) एसजीएलटी 2 इन्हीबिटर, डैपाग्लिफ्लोजिन (10mg) और मेटफॉर्मिन एसआर (500mg/ 1000mg) शामिल हैं। टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों में ग्लाइसेमिक नियंत्रण में सुधार के लिए इसे प्रतिदिन एक बार लिए जाने की सलाह दी जाती है।

इस लॉन्च के अवसर पर टिप्पणी करते हुए, आलोक मलिक, प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड-इंडिया फॉम्युर्लेशन्स, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, ने कहा, "भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मधुमेह आबादी है और यहां टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों को अक्सर अनियंत्रित हीमोग्लोबिन ए1सी (एचबीए1सी), बीटा सेल डिसफंक्शन की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जो वजन बढ़ने जैसी अन्य सह-रोगिताओं सहित इंसुलिन स्राव को हानि पहुंचाता है। यही वजह है कि डायबिटीज का प्रबंधन मरीजों के लिए कठिन और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए एक चुनौती बन जाता है। डायबिटीज के इलाज में प्रमुख होने के नाते, हमें नवीनतम और किफायती डायबिटीज-रोधी दवा- जीटा डीएम की पेशकश करने पर गर्व है। यह न सिर्फ उच्च एचबीए1सी और अन्य सह-रोगिताओं वाले वयस्क मरीजों के ग्लाइसेमिक नियंत्रण में सुधार करने में मदद करता है, बल्कि रीनल और हृदय संबंधी प्रतिकूल घटनाओं में भी कमी लाता है। इस सुदृढ़ प्रोफाइल के साथ, हम आश्वस्त हैं कि जीटाञ डीएम, मरीज को डायबिटीज के लम्बे समय तक चलने वाले उपचार का पालन करने में सुविधा प्रदान करेगा। ग्लेनमार्क की जीटा दवाओं के पोर्टफोलियो से भारत में सालाना लगभग 17.5 लाख टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों को लाभ मिल रहा है। जीटा डीएम के लॉन्च के साथ, सबसे व्यापक ग्लिप्टिन रेंज-जीटा अब टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों के उपचार के प्रत्येक चरण में मदद करेगी। 12 महीने की अवधि के लिए IQVIA™ बिक्री डेटा, (MAT अगस्त 2023), जो अगस्त 2023 को समाप्त हुई, के अनुसार, भारत में मौखिक डायबिटीज विरोधी दवाओं का बाजार विगत वर्ष की इसी अवधि (MAT अगस्त 2022) की तुलना में 6.5% की वार्षिक वृद्धि के साथ 12,522 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। 17 अक्टूबर 2008 और 17 दिसंबर 2020 के बीच किये गये आईसीएमआर-इंडियाब अध्ययन के अनुसार, डायबिटीज के कुल प्रसार का आंकड़ा 11.4% था।

मनी-लांड्रिंग कानून, रिव्यू पिटीशन पर 22 नवंबर को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम फैसले पर नहीं, कुछ बिंदुओं पर विचार कर रहे

आजाद सिपाही संवादादता

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) को लेकर दाखिल रिव्यू पिटीशन पर 18 अक्टूबर को सुनवाई हुई। जस्टिस एसके कौल, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने मामले को सुना। बेंच ने कहा कि हम फैसले पर नहीं, बल्कि उसके कुछ बिंदुओं पर विचार कर रहे हैं। मामले की सुनवाई के लिए एक दिन तय करेंगे, हर पक्ष को दलील देने के लिए वक्त मिलेगा। अगली सुनवाई 22 नवंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट में मनी लांड्रिंग एक्ट के कई प्रावधानों को गैर-संवैधानिक बताकर चुनौती दी गयी थी। कोर्ट ने जुलाई 2022 में मामले पर सुनवाई करते हुए कानून को सही ठहराया। इसके बाद याचिकाकर्ताओं ने रिव्यू पिटीशन दाखिल कर कोर्ट से मामले पर दोबारा विचार करने की अपील की थी। कोर्ट का मानना है कि कानून के दो नियम, इडी की तरफ से दर्ज एफआइआर की रिपोर्ट आरोपी को न देने के प्रावधान और खुद को निर्दोष साबित करने का जिम्मा आरोपी पर होने के प्रावधान पर विचार करने की जरूरत है। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस एसके कौल ने कहा कि हम सीमित दायरे में हैं। हम इस बारे में विचार नहीं करेंगे कि मनी लांड्रिंग के तहत हुई गिरफ्तारी में जमानत मिलनी चाहिए या नहीं, बल्कि कानून से जुड़े कुछ पहलुओं पर विचार किया जाना है।

DAS MUSICAL STORE
All Musical Instrument available here
Main Road, Ranchi Ph. : 0651-2201778
Mob. : 9835164815

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand),Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

सभी को मिले रोजगार यही है हमारा प्रयास
झारखंड बिहार में हमारी सर्विस उपलब्ध है। संपर्क करें। अपने बिजनेस को बढ़ाएंया नया बिजनेस लगाएं काफी किफायती दरों पर लगाया जाता है। आसान किस्तों पर उपलब्ध।
PERFECT AQUA
टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त
Call now
9431701163, 8340320390
Perfect Service
H.B ROAD KOKAR RANCHI, JHARKHAND

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**